

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 171 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# बारिश में भी नक्सलियों को सोने नहीं देंगे: शाह

## छत्तीसगढ़ के लिए क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को आधुनिक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक दिन : अमित शाह

**शुरूआत**

- केंद्रीय गृहमंत्री ने किया राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय के अस्थायी परिसर एवं आई-हब का उद्घाटन
- अमित शाह ने की नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने और छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल होने की अपील




**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को नवा रायपुर स्थित राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के अस्थायी परिसर तथा आई-हब रायपुर का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि, आज छत्तीसगढ़ के लिए क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक दिन है। एनएफएसयू के अस्थायी परिसर के साथ-साथ नवा रायपुर में स्थायी परिसर के लिए भूमि पूजन एवं केंद्रीय फॉरेंसिक साइंस लैब की स्थापना की भी शुरूआत की गई है। कुल 268 करोड़ की लागत से ये संस्थान विकसित किए जा रहे हैं। अस्थायी परिसर में सत्र 2025-26 से बीएससी, एमएससी फॉरेंसिक साइंस, साइबर सिक्योरिटी, मनोविज्ञान, डिजिटल फॉरेंसिक एवं प्रोफेशनल डिप्लोमा कोर्सेस प्रारंभ हो जाएंगे। लगभग 180 छात्र पहले बैच में प्रवेश लेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित ने कहा कि, इन संस्थानों के निर्माण से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे मध्य भारत को आधुनिक न्याय प्रणाली और अपराध जांच में सशक्त आधार मिलेगा। नई फॉरेंसिक टेक्नोलॉजी, जैसे डीएनए फिंगरप्रिंटिंग, एलएसडी साइंस, साइबर सिक्योरिटी, बायोटेक्नोलॉजी और डिजिटल फॉरेंसिक अब स्थानीय स्तर पर सुलभ होंगी, जिससे जांच प्रक्रिया तेज और सटीक होगी। फॉरेंसिक जांच के लिए राजधानी या दिल्ली की आवश्यकता नहीं होगी, सारी जांच अटल नगर, नवा रायपुर में ही संभव होगी।

आई-हब की स्थापना को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रीने कहा कि, यह प्लेटफॉर्म छत्तीसगढ़ के युवाओं को स्टार्टअप कल्चर से जोड़ने, तकनीकी सहायता देने, फंडिंग मुहैया कराने और मार्केटिंग एवं अनुबंध जैसी प्रोफेशनल सेवाएं देने में सहायक होगा। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे खुद उद्योगपति बनें, स्टार्टअप शुरू करें और राज्य के औद्योगिक विकास में भागीदार बनें। यह आई-हब, गुजरात के मॉडल पर आधारित है और भविष्य में रायपुर से भी कई वैश्विक स्टार्टअप उभरने की संभावना है।

छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने के बाद 5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों पर एमओयू हुए हैं। इससे रोजगार, राजस्व और औद्योगिक संस्कृति को बल मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन दोनों ने नक्सल विरोधी अभियान को निर्णायक गति दी है। पहली बार ऐसा हुआ है कि वर्षा ऋतु में भी सुरक्षा बल सक्रिय हैं और नक्सलियों को चैन से रहने नहीं दे रहे। उन्होंने नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने और छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल होने की अपील की।

एनएफएसयू का स्थायी परिसर तीन वर्षों में पूर्ण रूप से विकसित होगा, जिससे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए फॉरेंसिक क्षेत्र में करियर की असीम संभावनाएं खुलेंगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मोदी सरकार के तहत एनएफएसयू से स्नातक करना रोजगार की गारंटी बनेगा। साथ ही देशभर में लागू हुए नए तीन

## मार्च 2026 तक नक्सलवादमुक्त होगा देश : शाह

**रायपुर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर है। इस दौरान उन्होंने नक्सलवाद पर छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड और ओडिशा के डीजीपी/एडीजीपी एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रायपुर में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में विष्णुदेव की सरकार और उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि उन्होंने एक रुके हुए नक्सल विरोधी अभियान को द्रुत गति से चलाया और राज्य को नक्सलवाद से मुक्त करने की दिशा में आगे बढ़े हैं। कहा कि विष्णुदेव और विजय शर्मा ने नक्सलविरोधी अभियानों को न सिर्फ धार दी, बल्कि समय-समय पर इस अभियान का मार्गदर्शन किया, सुरक्षाबलों का हौंसला भी बढ़ाया और संपूर्णता के साथ इस लड़ाई में बहुत बड़ा योगदान दिया है।




शाह ने दोहराया कि 31 मार्च, 2026 तक देश नक्सलवाद से पूरी तरह से मुक्त हो जाएगा। जिस तरह से हमारे सुरक्षाबलों ने पराक्रम दिखाया है और सूचना एजेंसियों ने सटीक रणनीति बनाई है, उसके आधार पर हम इस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर लेंगे। हर वर्ष बारिश के मौसम में आराम करने वाले नक्सली इस बरसात में चैन की नींद नहीं सो पाएंगे क्योंकि हमारे सुरक्षाबलों का ऑपरेशन जारी रहेगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने नक्सलवाद के रास्ते पर भटक कर गए सभी युवाओं से हथियार डालकर राज्य सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाने की अपील की। युवाओं से अपील करते हुए कहा कि उन्हें विकास यात्रा में जुड़ने का इससे अच्छा मौका नहीं मिलेगा।

# अमेरिका ने ईरानी परमाणु केंद्रों पर बरसाए बम

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा-ईरान को अब शांति स्थापित करनी चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया**

**वॉशिंगटन:** इजराइल और ईरान सैन्य संघर्ष में अमेरिका की भी एंट्री हो गई है। अमेरिका ने ईरान के तीन न्यूक्लियर साइट फोर्डो, नतांज और एस्फहान पर हमला कर उसे तबाह करने का दावा किया है। यह हमला भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 4:30 बजे हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सैन्य अभियान को लेकर राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान को अब शांति स्थापित करनी चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो भविष्य में हमले कहीं अधिक बड़े होंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने एक्स पोस्ट में ईरान के खिलाफ चलाए गए अमेरिकी सैन्य अभियान की जानकारी देते हुए लिखा कि अमेरिका ने ईरान के जिन तीन न्यूक्लियर साइट को निशाना बनाया है वो फोर्डो, नतांज और एस्फहान में हैं। ट्रंप ने लिखा, "हमने इन साइट्स पर एक साथ कई बम गिराए हैं। हमारे सभी लड़ाकू विमान सुरक्षित रूप से अमेरिका लौट आए हैं। मैं अमेरिका के जाबाजों को बधाई देता हूं। ट्रंप ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों को निशाना बनाकर चलाए गए सैन्य अभियान को लेकर राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका ने ईरान पर बड़ा हमला किया है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने बहुत कोशिश की कि ऐसा कदम न उठाना पड़े, लेकिन उनके पास कोई विकल्प नहीं था और अब ईरान को शांति के रास्ते पर लौटना चाहिए। ईरान के पास अब भी शांति के रास्ते पर लौटने का समय है, उसे यह युद्ध खत्त करना होगा। अगर ईरान ने पलटवार किया तो हम भी हमला करेंगे। शांति नहीं तो विनाश होगा। अभी सभी लक्ष्यों पर हमले नहीं किए गए हैं।



### अब ईरान को शांति के रास्ते पर लौटना चाहिए

ट्रंप ने कहा कि उन्होंने बहुत कोशिश की कि ऐसा कदम न उठाना पड़े, लेकिन उनके पास कोई विकल्प नहीं था और अब ईरान को शांति के रास्ते पर लौटना चाहिए। ईरान के पास अब भी शांति के रास्ते पर लौटने का समय है, उसे यह युद्ध खत्त करना होगा। अगर ईरान ने पलटवार किया तो हम भी हमला करेंगे। शांति नहीं तो विनाश होगा। अभी सभी लक्ष्यों पर हमले नहीं किए गए हैं। हम ईरान के परमाणु संयंत्रों को पूरी तरह नष्ट कर देंगे।

### ईरान के पास सभी विकल्प खुले हैं: अरागची

**ईरान** ने अपने तीन परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले की निंदा करते हुए इसे यूएन चार्टर का उल्लंघन बताया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि अमेरिका ने ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला कर संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानून और एनपीटी का गंभीर उल्लंघन किया है। इनके दीर्घकालिक परिणाम होंगे और संयुक्त राष्ट्र के हर सदस्य को इस बेहद खतरनाक, अराजक और आपराधिक व्यवहार से चिंतित होना चाहिए। अब्बास अरागची ने लिखा कि ईरान के पास अपनी संप्रभुता, हित और लोगों की सुरक्षा के सभी विकल्प हैं।

## विमान हादसे में डीजीसीए का ऑडिट के लिए नया ढांचा शुरू

**नई दिल्ली:** बीते दिनों अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के बाद से डीजीसीए विमानन क्षेत्र में अहम बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। डीजीसीए ने व्यापक विशेष ऑडिट के लिए एक नई व्यवस्था शुरू करने का फैसला किया है। इसके तहत डीजीसीए के ऑडिट अब सक्रिय रूप से प्रणालीगत कमजोरियों की पहचान करेंगे। इन ऑडिट्स में ये भी सुनिश्चित किया जाएगा कि अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के मानकों और उसके द्वारा बताई गई बातों का अच्छी तरह से पालन हो। भारत के राष्ट्रीय विमानन शर्तों का भी कड़ाई से पालन हो सके।

**एअर इंडिया के तीन अधिकारियों को हटाया:** डीजीसीए ने एअर इंडिया के डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट समेत अपने तीन अधिकारियों को चालक दल (क्रू) की समय-सारणी और रोस्टरिंग से संबंधित सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से हटाने का आदेश दिया था।




डीजीसीए ने अपने आदेश में कहा कि लाइसेंसिंग, आराम और नवीनता आवश्यकताओं में चूक के बावजूद उड़ान चालक दल (क्रू) के शेड्यूल और संचालन में एअर इंडिया ने बार-बार लापरवाही बरती।

## मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति से की बातचीत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** ईरान-इस्राइल संघर्ष के बीच अमेरिका की तरफ से ईरान पर हमला किया गया। वहीं आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से टेलीफोन पर बातचीत की है। इस दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशियाई क्षेत्र में बढ़ते तनाव और हालिया घटनाक्रमों पर गंभीर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बातचीत की जानकारी एक्स पर एक पोस्ट में साझा की है। पीएम मोदी ने लिखा- हमने वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। हालिया तनावों पर गहरी चिंता व्यक्त की। तुरंत तनाव कम करने, संवाद और कूटनीति को आगे बढ़ाने का आह्वान दोहराया, ताकि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता शीघ्र बहाल हो सके। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और आपसी सहयोग को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से यह मानता रहा है कि संवाद और कूटनीति ही किसी भी संकट का समाधान हैं। पीएम मोदी और मसूद पेजेशकियन के बीच यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें क्षेत्र में शांति की बहाली पर टिकी हैं।



**शांति**

- प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और आपसी सहयोग को प्राथमिकता देने पर बल दिया।

**पीएम मोदी से 45 मिनट हुई बातचीत:** ईरानी परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हमले के मद्देनजर ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियन ने यह कॉल की थी। राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को मौजूदा स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## तनाव: भारत ने रूस से बढ़ाया कच्चे तेल का आयात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** ईरान इस्राइल युद्ध में अमेरिका की एंट्री हो चुकी है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर रविवार तड़के बम बरसाए। जिसके बाद ईरान ने भी पलटवार की धमकी दी है। इस घटनाक्रम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका है। इसका सीधा असर तेल की कीमतों पर पड़ेगा। हालांकि भारत ने पहले ही हालात को भांपते हुए रणनीति के तहत रूस और अमेरिका से कच्चे तेल का आयात बढ़ा दिया है। भारत ने जून महीने में रूस से इतना तेल खरीदा है, जो पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों से खरीदे गए कुल कच्चे तेल से भी ज्यादा है।



**रूस से तेल खरीद में भारी उछाल:** वैश्विक व्यापार विश्लेषक फर्म कैपलर के आंकड़ों के मुताबिक भारत ने जून महीने में रूस से 20-22 लाख बैरल प्रति दिन के हिसाब से कच्चे तेल की खरीद की है। यह बीते दो साल में सबसे ज्यादा है। मई माह में भारत ने रूस से तकरीबन 11 लाख बैरल प्रति दिन के हिसाब से कच्चा तेल खरीदा था। भारत पहले रूस से अपनी जरूरत का महज एक प्रतिशत तेल ही आयात करता था, लेकिन अब इसमें भारी बढ़ोतरी हुई है और अब भारत अपने कुल तेल आयात का 40-44 प्रतिशत तेल रूस से मंगाता है।

**पश्चिम एशिया तनाव के चलते बढ़ सकते हैं तेल के दाम**

साफ है कि जून में पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव के चलते भारत ने अपनी आयात रणनीति में बदलाव किया है।

### तनाव के चलते बढ़ सकते हैं तेल के दाम

**भारत** ने जून माह में इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत से कुल करीब 20 लाख बैरल प्रति दिन तेल की खरीद की है। हालांकि तनाव बढ़ने से तेल के दाम बढ़ सकते हैं। ईरान ने धमकी दी थी कि अमेरिका इस्राइल के साथ उसके युद्ध में शामिल हुआ तो वे होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों पर हमले करेंगे। भारत का 40 प्रतिशत तेल अभी भी होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर भारत पहुंचता है। ईरान के समर्थन में हूती विद्रोही भी लाल सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना सकते हैं। जिससे खाड़ी के देशों से तेल आयात को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### मौसम: देश भर में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** जून की उमस भरी गर्मी से परेशान होकर आप भी अगर पहाड़ों या किसी अन्य ठंडी जगह पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो सावधान हो जाइए। मौसम अब करवट ले चुका है। भारत में मानसून की दस्तक के साथ ही अगले कुछ दिनों तक देश के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है।

भारी बारिश की चेतावनी भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक 22 से 26 जून के बीच देश के उत्तर-पश्चिम भारत, मध्य प्रदेश, गुजरात, कोंकण और गोवा में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है।

**धर्म**

*डॉ. सैयदना के प्रवचन 26 जून से इंदौर में वीडियो के माध्यम से लाइव होंगे, दस दिनों तक चलेगा कार्यक्रम*

## बोहरा समाज: सैयदना के प्रवचन में शामिल होंगे देश-विदेश के लोग

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंदौर।** बोहरा समाज के धर्मगुरु डॉ. सैयदना आली कदर मुफद्दल सैफुद्दीन साहब के प्रवचन 26 जून से इंदौर में वीडियो के माध्यम से लाइव होंगे। यह आयोजन 10 दिनों तक चलेगा और बोहरा समाज के अनुयायी देश-विदेश से इंदौर आएंगे। बोहरा समाज का नया वर्ष इस दिन से शुरू हो रहा है। समाज के अनुयायियों के इंदौर आने की संभावना को देखते हुए आयोजक बहुत ही बड़े स्तर पर तैयारियां कर रहे हैं। अनुमान है कि करीब एक लाख श्रद्धालु इंदौर पहुंच सकते हैं, जिनमें अफ्रीका, कुवैत, दुबई, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यमन और अमेरिका सहित 144 देशों से लोग शामिल होंगे। इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने रविवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और बोहरा समाज के पदाधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं पर चर्चा की। महापौर ने बताया कि बोहरा समाज के धर्मगुरु डॉ. सैयदना आली कदर मुफद्दल सैफुद्दीन साहब द्वारा बोहरा समाज के नववर्ष के पवित्र अवसर पर चेन्नई में 10 दिवस तक वाअज (प्रवचन) दिए जाएंगे, जिसका सजीव प्रसारण इंदौर रिले केंद्र पर किया जाएगा। धर्मगुरु के प्रवचनों का श्रवण करने के लिए लगभग एक लाख से अधिक अनुयायियों का इंदौर रिले केंद्र में पहुंचने का अनुमान है। इंदौर के लिए यह एक गर्व की बात है कि सैयदना साहब जैसे महान व्यक्तित्व का प्रवचन इंदौर में हो रहा है। नगर निगम इस आयोजन को हर दृष्टि से सहयोग देगा, ताकि शहर की स्वच्छता और व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। आयोजन की तैयारियों के निमित्त रविवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर बोहरा समाज के पदाधिकारियों सहित निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहें। इधर, नगर निगम ने इस इवेंट को जीरो वेस्ट रखने की योजना बनाई है, जिसमें उपयोग किए गए पानी को रिसाइकल किया जाएगा।



**प्रवचन**

- निगर निगम इस आयोजन को हर दृष्टि से सहयोग देगा, ताकि शहर की स्वच्छता और व्यवस्था सुनिश्चित हो

## पहलगाम के आतंकियों को शरण देने वाले दो व्यक्ति एनआईए के हत्थे चढ़े

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम आतंकवादी हमले के मामले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को शरण देने का आरोप है। हमले में 26 पर्यटकों की हत्या की गई और 16 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। एनआईए के मुताबिक गिरफ्तार किये गए परवेज जोथर और बशीर अहमद जोथर क्रमशः पहलगाम के बटकोटे और हिल पार्क इलाके के रहने वाले हैं। इन दोनों से पूछताछ में पता चला कि हमले में शामिल तीन आतंकवादी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे। परवेज और बशीर ने जानबूझकर तीनों आतंकवादियों को हिल पार्क में एक मौसमी ढोक (झोपड़ी) में शरण दी थी और हमले से पहले उन्हें भोजन, आश्रय और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की थी। एनआईए ने इस मामले में दोनों व्यक्तियों को अवैध गतिविधियों अधिनियम, 1967 की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया है।



# जजपा की हल्का पंचकूला में सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक

टीम एक्शन इंडिया

**पंचकूला:** जननायक जनता पार्टी, हल्का पंचकूला की ओर से जाट भवन, सेक्टर-6, पंचकूला में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक पार्टी के शीर्ष नेताओं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह चौटाला एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान को मजबूती से चलाने एवं सफल बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने की, बैठक में हल्के के कर्मठ कार्यकर्ता एवं नवनियुक्त पदाधिकारी शामिल हुए।बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, नए सदस्यों को जोड़ने एवं सदस्यता अभियान को सुचारू रूप से चलाने तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने बारे चर्चा हुई ।



बैठक में जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि "जननायक जनता पार्टी एक विचारधारा आधारित पार्टी है और हम संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए कार्य कर रहे हैं। सदस्यता अभियान में हर कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका अत्यंत आवश्यक है।" जजपा जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने एक बहुत ही पब्लिक से जुड़े गम्भीर मुद्दे बारे चर्चा करते हुए कहा कि पंचकूला में सरकार द्वारा बिजली के बिलों में बेतहाशा बढ़ोतरी करके आम आदमी की कमर तोड़ने का काम किया है। सिहाग ने कहा कि पिछले महिने से बिजली के बिलों में 4 से 5 गुना तक बढ़ोतरी हुई है जो सरकार द्वारा आम जनता के हितों की बिना परवाह किए लिया गया कदम है। पार्टी की मीटिंग में फैसला लिया गया कि कल 23 जून को इसके विरोध में पार्टी द्वारा उपायुक्त पंचकूला को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय कार्यालय सचिव धर्मवीर सिहाग एवं जिला प्रवक्ता सुरेश पाठक ने कहा कि पार्टी का विस्तार जनसंपर्क और जनसहभागिता से ही संभव है। उन्होंने कार्यकताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आने वाले समय में जजपा को पंचकूला में एक मजबूत शक्ति के रूप में स्थापित किए जाने बारे कार्यकर्ता मेहनत करे तथा पूरे हल्के में घर घर जाकर सदस्य बनाये।

इस बैठक में सभी कार्यकताओं को हल्का अध्यक्ष सोहनलाल गुजर ने मेंबरशिप की कापियां दी तथा उम्मीद जताई कि सभी साथी तय समय पर सदस्यता अभियान को पूरा कर लेंगे। इस बैठक में काफी वरिष्ठ कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया जिसमें प्रमुख रूप से पार्षद राजेश निषाद, के सी भारद्वाज, सुरिन्दर चड्डा, दीपक चौधरी,सतबीर धनखड़,मिल्कियत सिंह मीठु,विवेक सांगा, हरबस सिंगला, जितेन्द्र संधू , ईश्वर सिंहमार, हनी सिंह , महावीर चिकारा , धीरसिंह गोयत, धर्मपाल सांगवान , महावीर जांगड़ा, अवतार गुजर,आजाद दिलेर आदि उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा की चाची के निधन पर राजीव सरोहा ने जताया शोक, श्रद्धांजलि सभा में हुए शामिल



**सोनीपत:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा की चाची स्वर्गीय सुप्रभा देवी के निधन पर नगर निगम सोनीपत के सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने रविवार को गुरुग्राम स्थित उनके निवास पर पहुंचकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया और दिवंगत आत्मा को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने दिवंगत सुप्रभा देवी को एक धर्मपरायण और सम्मानित व्यक्तित्व बताया। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को इस दु:ख की घड़ी में धैर्य और संबल दे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित समस्त परिवारजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की और भरोसा दिलाया कि समाज एवं पार्टी का पूरा सहयोग उनके साथ है। राजीव सरोहा ने कहा कि सुप्रभा देवी का सरल, शांत और समर्पित जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।श्रद्धांजलि सभा के दौरान कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा भी मौजूद रहे। उन्होंने भी दिवंगत आत्मा के प्रति शोक प्रकट करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। सभा में अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे, जिन्होंने श्रद्धासुमन अर्पित कर अंतिम विदाई दी।

### शराब ठेके के खिलाफ लोगों का गुस्सा भड़का



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** पानीपत की राजनगर कॉलोनी में रविवार को शराब ठेके के खिलाफ लोगों का गुस्सा भड़क गया। खासकर महिलाओं ने ठेके के सामने जोरदार हंगामा किया और इसे तुरंत बंद करने की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद हालात काबू में किए। दरअसल, हाल ही में इस कॉलोनी में शराब का ठेका खोला गया था, जिसका स्थानीय लोग शुरू से ही विरोध कर रहे थे। रविवार सुबह जैसे ही ठेका खुला, बड़ी संख्या में महिलाएं वहां पहुंचीं और नारेबाजी करने लगीं। उनका कहना है कि ठेके की वजह से इलाके में असुरक्षा बढ़ गई है। शराब पीकर आने-जाने वाले लोग आए दिन हंगामा करते हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों को घर से बाहर निकलने में डर लगने लगा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने प्रशासन से मांग की कि इस ठेके को या तो तुरंत बंद किया जाए या फिर किसी दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए। पुलिस ने लोगों को शांत कराने की कोशिश की और स्थिति संभाली।

# विद्यार्थियों के समग्र विकास में योग बहुत महत्वपूर्णः श्रीप्रकाश



टीम एक्शन इंडिया
अनिल वर्मा

**कुरुक्षेत्र :** योग स्वस्थ जीवन जीने की एक कला और विज्ञान है। यह एक अत्यंत सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित आध्यात्मिक अनुशासन है, जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य लाने पर केंद्रित है। योग का समग्र दृष्टिकोण जीवन के सभी क्षेत्रों में सामंजस्य लाता है। योग विभिन्न रोगों की रोकथाम, स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और कई जीवनशैली से संबंधित विकारों के प्रबंधन के लिए भी जाना जाता है। 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यार्थियों के समग्र विकास में योग विषय पर आयोजित योग व्याख्यान में यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने इस अवसर बहुत ही उत्कृष्ट विभिन्न योग एवं आसन की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने निरंतर योगभ्यास करने से होने वाले लाभ पर अपने अनुभव भी सुनाये।

**सूक्ष्म विज्ञान**

**योग स्वस्थ जीवन जीने की एक कला और विज्ञान है। सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित आध्यात्मिक अनुशासन है**

मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा विद्यार्थियों के समग्र विकास में योग बहुत महत्वपूर्ण है। योग शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से छात्रों के विकास में मदद करता है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करता है, बल्कि एकाग्रता, तनाव प्रबंधन और भावनात्मक संतुलन में भी सहायता करता है, जो शैक्षणिक सफलता के लिए आवश्यक हैं।योग का एकमात्र उद्देश्य आत्मा-परमात्मा से मिलन द्वारा समाधि की अवस्था को प्राप्त करना है।

# कल्याण हमारा भी होगा यह आश लगाए बेठे हैः अरुण

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**मनुष्य** जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सफलता नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और संतुलन प्राप्त करना भी है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सबसे पहले जरूरी है – लक्ष्य का निर्धारण। लक्ष्यविहीन जीवन दिशाहीन जहाज के समान होता है, जो किसी भी तूफान में डगमगा सकता है।

अंसल जैन सभा के भव्य विशाल हॉल में आज प्रवचन करते हुये संघ शास्ता शासन प्रभावक गुरुदेव श्री सुदर्शन लाल जी महाराज के सुशिस्य युवा प्रेरक योगिराज गुरुदेव श्री अरुण मुनि जी महाराज ने अपनी मधुर वाणी से यह फरमाया और आगे कहा कि भगवान महावीर ने हमें यह सिखाया कि जीवन में आत्म-अनुशासन, संयम और आत्मबल के बिना कोई भी सच्ची सफलता संभव नहीं है।



उन्होंने तप, त्याग और सम्यक दर्शन के मार्ग पर चलकर जो आदर्श प्रस्तुत किया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। आज हमें भी आवश्यकता है उन्हीं पदचिह्नों पर चलने की – जहाँ आस्था, साहस और अनुशासन हो।

आज के समय में हम देखते हैं कि शुभ कार्यों की शुरूआत मुहूर्त देखकर, मंदिर जाकर, या किसी परंपरा विशेष को मानकर की जाती है। यह हमारी श्रद्धा का प्रतीक है। लेकिन असली मंदिर तो वहीं है जहाँ आत्मा को शांति मिले।

### रादौर नपा में वाल्मीकि समाज को भी मिले प्रतिनिधित्व- देवेंद्र

**रादौर/(कुलदीप सैनी) :** पूर्व पार्षद व युवा कांग्रेस पूर्व प्रदेश महासचिव देवेंद्र लक्की ने रादौर नपा में सरकार की ओर से बनाए जाने वाले दो मनोनीत सदस्यों में से एक सदस्य वाल्मीकि समाज से बनाए जाने की मांग की है।



देवेंद्र लक्की ने कहा कि इस समय रादौर नगर पालिका हाऊस 14 सदस्यों व एक चेयरमैन से मिलकर बना है। लेकिन इन 15 सदस्यों में एक भी सदस्य वाल्मीकि समाज का नहीं है। सरकार की ओर से दो सदस्य मनोनीत किए जाने है। इसलिए उन दो सदस्यों में से एक सदस्य वाल्मीकि समाज से होना चाहिए। ताकि वाल्मीकि समाज को भी नगर पालिका रादौर में उचित प्रतिनिधित्व मिल सके।

### व्यक्ति लापता, घग्घर किनारे मिली बाईक

**फतेहाबाद।** जिले के रतिया क्षेत्र के गांव पिलछियां से एक व्यक्ति के लापता होने का समाचार है। लापता व्यक्ति की मोटरसाइकिल और चप्पलें गांव अलीका में घग्घर किनारे से बरामद हुई है। इसके बाद परिजनों द्वारा रविवार को पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई। पुलिस को दी शिकायत में गांव पिलछियां निवासी नरदीप कौर ने कहा है कि उसकी पति सतपाल सिंह गत दिवस शाम को अपने घर से मोटरसाइकिल लेकर बिना बताए कहीं चला गया है और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा है।

# मन्त्री कृष्ण बेदी के हक में एकजुट हुआ वाल्मीकि समाज

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

पानीपत जनपद का वाल्मीकि समाज कैबिनेट मिनिस्टर कृष्ण बेदी के साथ खुलकर आ गया है। विभिन्न वाल्मीकि संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों ने, जींद में भीम आर्मी के कुछ शरारती तत्वों द्वारा मन्त्री कृष्ण बेदी का पुतला फूंकने की घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि यह घटना दलित समाज में दूरी पैदा करने व समाज में विघटन पैदा करने की साजिश है। वाल्मीकि समाज के प्रमुख प्राण रत्नाकर , सत प्रकाश वैद्य व धीरज प्रधान ने बताया कि हरियाणा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए आरक्षण व्यवस्था में वंचित



दलित जातियों की पहचान कर उन्हे समान आधार पर नौकरियों व शिक्षा में आरक्षण दिया था। इस कार्य में मुख्य मन्त्री नायब सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली व कैबिनेट मिनिस्टर कृष्ण बेदी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लागू करने में अहम भूमिका निभाई थी। लेकिन भीम आर्मी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मानने को तैयार नही है इसलिए अपनी खीज मिटाने के लिए कुछ शरारती लोग ओछे हथकण्डे अपना कर राज्य के दलित समाज में खाई पैदा करना चाहते हैं। जिसमें वे सफल नही होंगे।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निविदा संख्या 46255139 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नामः Supply of Development, Supply, installation, testing and Commissioning of Passenger Emergency Talk-Back System for ladies Coaches of EMU/MEMU rakes as per RDSO Spec. No. RDSO/PE/SPEC/EMU/0191 (Rev-0) Oct-2018 or latest, with 02 Years CAMC after 02 year of warranty period. Warranty Period: 24 Months after the date of delivery | |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | 6,43,13,658/- |
| 3. | मात्रा | 69 Nos |
| 4. | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समयः | 31.07.2025 (11:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 31.07.2025 (11:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

टिप्पणीः (i) ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है।

एनआईटी सं. 46255139 दिनांक :– 21.06.2025 1872/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सरस्वती नदी पर बना डबल पूल शुरू, अब पुराने पुल को तोड़ेगा बोर्डः धुमन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्रः** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि पिहोवा में ड्रेन पर बने डबल पुल को शुरू कर दिया गया है अब पुराने पुल को ड्रने के ऊपर से हटाया जाएगा इसके लिए उपाध्यक्ष ने बीएंडआर विभाग को निर्देश भी दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरस्वती का पानी रोकने और नदी में गंदगी डालेगा वाले पर सख्त कार्रवाई होगी। इस कार्य में शहरवासियों से अपेक्षा है कि वो भी सफाई का ध्यान रखें साथ ही अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए 24 घंटे सतर्क रहने को कहा हैं। सरस्वती बोर्ड के



उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने पिहोवा क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अब किसी भी प्रकार की कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिस भी व्यक्ति या अधिकारी ने सरस्वती के कार्य में कोताही की उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने लोगों से बातचीत करते हुए उनका सरस्वती के महत्व के बारे में समझाया। उन्होंने कॉलोनी वासियों से अपील की कि वे इसमें गंदगी ना डाले और दूसरे व्यक्तियों को भी इसमें गंदगी डालने से रोके।

**उत्तर रेलवे**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली – 110 001
Mail ID : salenr365@gmail.com

संख्या : 117–एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2025–26 दिनांक : 19.06.2025

**नीलामी सूचना सं०– सितम्बर–2025**

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेल पथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई–नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्मारणकर्ताओं को बिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे.

**सितम्बर 2025 की ई–नीलामी**

| क्र. सं० | नीलामी करने वाला डिपो / डिवीज़न | नीलामी समय | प्रथम चरण की तिथि | द्वितीय चरण की तिथि | तृतीय चरण की तिथि | चतुर्थ चरण की तिथि | पंचम चरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलमबाग/लखनऊ 0522-2451257 | 10:00 पूर्वाह्न | 8 | 13 | 18 | 24 | 30 |
| 2 | शकुरबस्ती 011-27015387 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 9 | 15 | 19 | 25 |
| 3 | जगाधरी 01732-252388 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 9 | 15 | 20 | 26 |
| 4 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / लखनऊ 0522-2234756 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 10 | 16 | 22 | 29 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / फिरोजपुर 01632-244154 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 11 | 17 | 23 | 30 |
| 6 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / अम्बाला 0171-2611203 | 10:00 पूर्वाह्न | 8 | 12 | 18 | 24 | 30 |
| 7 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / मुरादाबाद 0591-2413141 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 11 | 17 | 23 | 30 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / दिल्ली 011-23365311 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 10 | 16 | 22 | 29 |

नोटः 1. नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण www.ireps.gov.in पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे 2. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। 3. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण www.nr.railnet.gov.in पर उपलब्ध है। 4. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए, क्रेता को ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई–नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें।

(नरेंद सिंह)
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एस एवं पी

1871/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हू व संबंध विच्छेद करता हू।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# मोदी के नेतृत्व में देश ने खेल जगत का स्वार्णिम युग देखा : सीएम

**दूरदर्शी योजनाएं**

**अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की ओर से रविवार को ओलंपिक दिवस पर लेट्स मूव अभियान के तहत दौड़ का आयोजन किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की ओर से रविवार को ओलंपिक दिवस पर लेट्स मूव अभियान के तहत दौड़ का आयोजन किया गया। इस अभियान में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और राज्यसभा सदस्य एवं इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की अध्यक्ष पीटी ऊषा के साथ भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने खेल जगत का एक नया स्वर्णिम युग देखा है। फिर चाहे ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन हो, खेलो इंडिया जैसी दूरदर्शी योजनाएं हों या देशभर में अत्याधुनिक खेल अवसंरचना का विकास हो, भारत को खेल महाशक्ति बनाने का एक महायज्ञ प्रारंभ हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा, " देश को लगातार बेहतर खिलाड़ी मिल रहे हैं और केंद्र सरकार की ओर से खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। देश पूरी तरीके से ओलंपिक-2036 की मेजबानी के लिए तैयार है। हम चाहते हैं कि हमें ये मेजबानी मिले। हमारे खिलाड़ी अपनी तैयारी करें।" मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार इसी प्रेरणा से दिल्ली को खेल राजधानी बनाने के लिए पूरी शक्ति से कार्य कर रही है। युवा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और नए अवसर देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता अटल है।

## मुख्यमंत्री कमला नगर में आयोजित भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में बनीं सहभागी



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा के श्रीचरणों में कोटि-कोटि नमन किया। मुख्यमंत्री रविवार को दिल्ली के कमला नगर में आयोजित भगवान जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा में सहभागी बनी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि आज रथ यात्रा में सहभागी बनकर मन और आत्मा को अद्भुत शांति, ऊर्जा और आनंद की अनुभूति हो रही है। रथ खींचना केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रभु की सेवा और समाज कल्याण का एक दिव्य माध्यम है, जो हमें आत्मिक शुद्धता और सच्चे कर्तव्य पथ की ओर अग्रसर करता है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने दी गति

**पौधारोपण**

**'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रविवार को पूरे विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र में 501 पौधे लगाए गए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री और विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक पंकज कुमार सिंह ने अपने क्षेत्र में हरित अभियान को नई गति दी है। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रविवार को पूरे विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र में 501 पौधे लगाए गए। इसकी जानकारी स्वास्थ्य मंत्री ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा की है। स्वास्थ्य मंत्री ने अपने पोस्ट में कहा, "यह सिर्फ पेड़ नहीं हैं, बल्कि हर मां के आशीर्वाद और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक हैं। हमारा संकल्प है कि इस पहल को और भी व्यापक बनाएंगे और विकासपुरी को और अधिक हरा-भरा बनाएंगे। आप सभी से अनुरोध है कि इस मुहिम में सहभागी बनें और कम से कम एक पेड़ मां के नाम पर जरूर लगाएं।"

उल्लेखनीय है कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान 2.0 के अंतर्गत भारत सरकार का 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। इसके साथ ही दिल्ली सरकार भी वर्ष 2025-26 में 3 लाख 70 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, जिनमें 1 लाख पौधे, 2 लाख झाड़ियां तथा 70 हजार बांस के पौधे स्कूलों में, मैन रोड के आस पास तथा बड़े-बड़े पार्कों आदि स्थानों में लगाएगी।

दिल्ली सरकार की ओर से इन सबके अतिरिक्त स्कूल परिसरों में पौधारोपण के पक्ष में जागरूकता अभियान चलाना, प्लास्टिक रहित पौधों (मिट्टी के गमले अथवा बोरी) का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना, रासायनिक उर्वरकों से बचना और पूर्व में लगाए पौधों की देखभाल सुनिश्चित करना भी इस अभियान का हिस्सा है।

## गैंगस्टर दीपक उर्फ भांजा की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुरथल के वीर ढाबे पर गैंगस्टर दीपक उर्फ भांजा की हत्या करने वाले हरियाणा के कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान गांव सिवाह, पानीपत, हरियाणा निवासी राकेश कादियान उर्फ पंपू (39) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से एक पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और ब्रेजा कार बरामद की है। सोनीपत के पुलिस आयुक्त (सीपी) ने आरोपित की गिरफ्तारी पर ने 20 हजार रुपये का इनाम रखा हुआ था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक दीपक की हत्या के बाद राकेश दिल्ली में अपना गिरोह खड़ा करना चाह रहा था। इसके लिए उसने 15 से 20 लड़कों की भर्ती भी कर ली थी।

# हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**सफलता**

**बाहरी उत्तरी जिले के शाहबाद डेयरी हत्या कांड में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के शाहबाद डेयरी हत्या कांड में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है। हत्या में शामिल और करीब 12 महीने से फरार चल रहे आरोपित रहमान खान उर्फ जुबेर को पुलिस ने उप्र के हरदोई जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, जुबेर वर्ष 2024 में शाहबाद डेयरी इलाके में हुए एक युवक हत्या में शामिल था। सनी को 10 युवकों ने मिलकर बेरहमी से पीटा और चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी थी। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने बताया कि 30 जून 2024 की रात करीब 10:15 बजे 28 वर्षीय सनी, निवासी शाहबाद डेयरी, को उसके परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शरीर पर कई जगह चाकू के निशान थे, खासकर निचले हिस्सों में गंभीर वार किए गए थे। इस मामले में थाना शाहबाद डेयरी में मुकदमा दर्ज किया गया। डीसीपी के अनुसार जांच में सामने आया कि सनी का झगड़ा अजय उर्फ मोदी नामक युवक से था। उसी ने अपने साथी गुड्ड, डड्ड, चेतन, दीपक उर्फ दीपु, रोशन, प्रकाश, सागर और रहमान उर्फ जुबेर के साथ मिलकर सनी की हत्या की थी। घटना के बाद से जुबेर फरार था।क्राइम ब्रांच की टीम को इस मामले की जांच सौंपी गई थी। डीसीपी के अनुसार तकनीकी निगरानी और खुफिया तंत्र के सहयोग से पुलिस को पता चला कि जुबेर हरदोई (उप्र) में छिपा हुआ है। पुलिस टीम ने शाहजहांपुर रोड, नेक्सर कॉलोनी मार्ग के पास छापेमारी कर आरोपित को दबोचा। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में जुबेर ने बताया कि सनी और अजय के बीच पहले से दुश्मनी थी। घटना वाले दिन सभी आरोपित एक साथ थे। तभी रास्ते में सनी मिल गया। पहले झगड़ा हुआ, फिर अजय ने थप्पड़ मारा और सभी ने मिलकर सनी को पीटा। बाद में अजय ने चाकू निकालकर सनी पर हमला कर दिया।

# पुलिस ने वांछित आरोपित को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक वर्ष दो महीने से फरार चल रहे भगोड़े बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान पंजाबी बाग निवासी राहुल (24) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को कीर्ति नगर इंडस्ट्रियल एरिया से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार आरोपित राहुल थाना अलीपुर में चोरी के मामले में वांछित था। बाद की जांच में मामला गबन और षड्यंत्र से जुड़ा पाया गया। जिसके बाद उक्त मामले में अन्य धारा जोड़ी गई। डीसीपी के अनुसार मामले की शुरूआत तब हुई जब 19 अप्रैल 2024 को मुकेश नामक युवक ने अपने वाहन की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में खुलासा हुआ कि मुकेश और राहुल ने मिलकर गाड़ी में लदे तांबे के स्क्रैप को बेचने की योजना बनाई थी। गाड़ी हरियाणा से बरामद कर ली गई और मुकेश को गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन राहुल फरार हो गया। वहीं 08 मई 2025 को कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए क्राइम ब्रांच को जांच सौंपी गई।

# लूट और रंगदारी मांगने के मामले में फरार आरोपित काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** हरियाणा के जींद इलाके में 13 जून को ग्रोसरी स्टोर मालिक को गोली मारकर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और बाद में ढाई लाख रुपये लूटने के मामले में आरोपित को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान सुल्तानपुरी, दिल्ली निवासी नसीब (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से एक बरेटा पिस्टल, तीन कारतूस और वारदात में इस्तेमाल एक स्कूटी बरामद की है। आरोपित से पूछताछ कर इसके बाकी साथियों की तलाश की जा रही है। गोली मारने के बाद भी आरोपितों ने पीड़ित से अगले दिन आकर 50 लाख रुपये रंगदारी के वसूलने की बात की थी। घटना की खूब चर्चा हुई थी। स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अमित कौशिक ने बताया कि 13 जून की रात को नरवाना, जींद, हरियाणा इलाके के एक ग्रोसरी स्टोर में चार बदमाश जबरन दाखिल हो गए। स्टोर में उस समय पीड़ित अपने दोस्त के साथ मौजूद था। आरोपितों ने पीड़ित से 50 लाख रुपये रंगदारी की रकम का इंतजाम करने के लिए कहा। मना करने पर एक आरोपित ने पिस्टल निकालकर पीड़ित के पेट में गोली मार दी। बाद में आरोपितों ने पीड़ित से उसके कैश काउंटर की चाबी ली और उसमें रखे ढाई लाख रुपये लूट लिए। अगले दिन 50 लाख रुपये लेने आने की बात बोलकर बदमाश वहां से चले गए। वारदात के बाद पीड़ित को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, आज भी उसका इलाज जारी है। दिल्ली पुलिस भी वारदात में शामिल बदमाशों की तलाश में जुटी थी। इस दौरान 21 जून को पुलिस की टीम को सूचना मिली कि धमकी और लूट में शामिल एक बदमाश विकासपुरी के चंदर विहार के पास आने वाला है।



# एटीएम धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपित गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले के अमन विहार थाना पुलिस ने एटीएम में मदद करने के बहाने कार्ड बदलकर लोगों के खातों से पैसे उड़ाने वाले एक शातिर आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान सुल्तानपुरी निवासी अर्मान खान (27) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 79 अलग-अलग बैंकों के एटीएम कार्ड भी बरामद किए हैं। रोहिणी जिले के डीसीपी राजीव रंजन ने बताया कि 16 जून को थाना अमन विहार में ठगी की एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने एटीएम में पैसे निकालने में मदद करने के बहाने उसका कार्ड बदल दिया और फिर खाते से धोखे से पैसे निकाल लिए।

**सीसीटीवी और खुफिया सूचना से मिला सुराग:** डीसीपी के अनुसार पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और स्थानीय सूत्रों से भी जानकारी जुटाई। एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपित को उसके ठिकाने से पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद अर्मान खान ने पूछताछ में बताया कि वह ऐसे एटीएम बूथों को निशाना बनाता था जहां ज्यादा भीड़ नहीं होती। वह खुद को मददगार बताकर लोगों से एटीएम कार्ड लेता और उसे चुपचाप बदल देता। फिर बाद में कार्ड का उपयोग कर उनके खातों से पैसा निकाल लेता। वहीं जांच में पता चला है कि आरोपित अर्मान खान इससे पहले भी चोरी और लूट के 4 आपराधिक मामलों में शामिल रह चुका है।

# एआईआईए ने पूरे उत्साह के साथ मनाया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस  दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) ने एनटीपीसी के केंद्रीय विद्यालय परिसर में पूरे उत्साह के साथ 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। लगभग 2000 लोगों ने विशाखापत्तनम से लाइव सत्र और केंद्रीय विद्यालय एनटीपीसी परिसर में कॉमन योग प्रोटोकॉल के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी से जुड़े। इस मौके पर पांचजन्य के प्रधान संपादक हितेश शंकर मुख्य अतिथि थे, इस कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) मंजूषा राजगोपाला के साथ जनसंपर्क अधिकारी सिद्धार्थ झा भी मौजूद थे। एआईआईए निदेशक प्रभारी प्रो. (डॉ.) महेश व्यास, डीन पीएच.डी; प्रो. (डॉ.) योगेश बडवे, डीन पीजी; डॉ. एम.एम. राव, एम.एस., एआईआईए; डॉ. शिव कुमार हरती, एचओडी स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग तथा अन्य स्टाफ ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग ने औपचारिक रूप से योग एवं आहार के माध्यम से गैर-संचारी रोगों का प्रबंधन नामक पुस्तक का विमोचन किया। इसके साथ एआईआईए ने औपचारिक रूप से एक योग पार्क का उद्घाटन किया। यह समर्पित स्थान योग के नियमित अभ्यास को बढ़ावा देने और विद्वानों, कर्मचारियों और व्यापक समुदाय के बीच स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित किया गया है। एक अन्य कार्यक्रम में, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने सुप्रीम ऑफ इंडिया के साथ मिलकर शनिवार को सुप्रीम कोर्ट परिसर में विशेष योग सत्र का आयोजन किया। भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के साथ-साथ निदेशक (स्वतंत्र प्रभार) एआईआईए प्रो. (डॉ.) मंजूषा राजगोपाला और एआईआईए के कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# देश को आजादी दिलाने व बरकरार रखने में ब्राह्मण समाज का रहा महत्वपूर्ण योगदानः डॉ अरविंद शर्मा

- सेक्टर 2 रोहिणी में ब्राह्मण सम्मेलन व स्वागत समारोह में मुख्यतिथी रहे कैबिनेट मंत्री
- पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव की कामयाबी पर दी बधाई
- दिल्ली में ब्राह्मण समाज की मांगों की मजबूती से करेंगे पैरवी
- ब्राह्मण समाज दिल्ली ने कैबिनेट मंत्री को 'ब्राह्मण रत्न' से किया सम्मानित










**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि देश को आजादी दिलाने व इस आजादी को बरकरार रखने में ब्राह्मण समाज का बड़ा महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण हमेशा सबको साथ लेकर चलता है और समाज को मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से आह्वान किया कि वो युवाओं को कड़ी मेहनत करते हुए आगे बढ़ने व एकजुटता का संदेश दें, ताकि उनका राष्ट्र व समाज निर्माण में योगदान बढ़ सके।

वे रविवार को रोहिणी सेक्टर 3, दिल्ली में दिल्ली राज्य ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन व स्वागत समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे। हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा को ब्राह्मण रत्न की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार गाय में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास है, उसी प्रकार ब्राह्मण में 36 बिरादरी का वास है। ब्राह्मण हमेशा नेतृत्व करने वाला व सबको साथ लेकर चलने वाला है। उन्होंने कहा कि देश में आजादी आंदोलन से लेकर सामाजिक आंदोलनों में ब्राह्मण समाज ने बढ़चढ़ कर भागीदारी करते हुए अपना योगदान दिया है। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बेहतरीन काम कर रहा है। केंद्र सरकार ने 2024 में भगवान परशुराम के नाम पर डाक टिकट जारी करते हुए सम्मान बढ़ाया है, वहीं हरियाणा में दोहलीदार की जमीन देने से लेकर भगवान परशुराम जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित करने का काम किया है। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा 30 मई को रोहतक के पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के मौके पर गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के तीसरे कैम्पस को पहरावर धाम के तौर पर विकसित करने पर जोर दिया गया। संस्था के तीसरे कैम्पस में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हाथों 50 साल बाद किसी शिक्षण संस्थान की नींव रखी गई। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा निर्माण, भगवान परशुराम पब्लिक स्कूल निर्माण, भगवान परशुराम इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ, भगवान परशुराम कालेज ऑफ नर्सिंग फॉर गर्ल्स व गौड़ संस्था के प्रशासनिक भवन निर्माण की आधारशिला रखी गई। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि समाज की सक्रियता, मेहनत व एकजुटता की बदौलत आज हरियाणा और दिल्ली में ब्राह्मण जनप्रतिनिधियों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने भाजपा केंद्रीय नेतृत्व का भी आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने का मौका दिया है।

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि वो दिल्ली में ब्राह्मण कल्याण बोर्ड व जैपनीज पार्क में भगवान परशुराम की भव्य व विशाल प्रतिमा स्थापित करने की समाज की मांग का समर्थन करते हैं और इस क्षेत्र में हरसम्भव सहयोग करेंगे। डॉ शर्मा ने ब्राह्मण समाज के प्रबुद्धजनों से आह्वान किया कि वो युवाओं को कड़ी मेहनत करने व समाज व देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर वजीरपुर विधायक पूनम शर्मा, निगम पार्षद धर्मबीर शर्मा, दिल्ली राज्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष रमेश मुदगिल, आदर्श नगर ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष बिजेन्द्र शर्मा, मोहन भारद्वाज, विजयपाल वशिष्ठ आदि ने भी संबोधित करते हुए समाज को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

# ममत्व से रचे गए शब्द हर मां के दिल को छू लेंगे: रेखा गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** ममता और वात्सलय को शब्दों में पिरोना आसान नहीं होता, लेकिन जब एक मां ठान लेती है तो 'ही कॉल्स मी मामा' जैसी पुस्तक की रचना होती है। जिसका टाइटल्स पढ़ते ही हर मां अपने आप इस पुस्तक से जुड़ती चली जाती है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ की पुत्र वधु डॉ जीना चहल धनखड़ की पुस्तक 'ही कॉल्स मी मामा' का विमोचन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि लेखिका डॉ जीना ने अपने अनुभवों को शब्दों में पिरोकर और हर मां को अपनी शानदार स्मृतियों में जाने का अवसर दिया है। मै स्वयं इस इस पुस्तक को पढ़ते पढ़ते अपनी मां की और अपनी पुरानी स्मृतियों में पहुंच गई। उन्होंने भाजपा



के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ का स्वागत करते हुए कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री होने के साथ साथ एक मां भी हूं। इस पुस्तक के विमोचन का सौभाग्य मिला, यह मेरे लिए गौरव की बात है। समारोह में लेखक चंद्रगुप्त कैलाश की पुस्तक कर्म विज्ञान का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. जीना चहल धनखड़ की पुस्तक में 90 से अधिक कविताओं का संकलन है, जो मातृत्व की पवित्रता, सच्चाई और सौंदर्य का जीवंत चित्रण करती है। यह केवल एक किताब नहीं, माँ के निःस्वार्थ प्रेम, त्याग, धैर्य और ममता की उस पवित्र यात्रा का शब्दबद्ध रूप है, जिसे हर माँ अपने जीवन में जीती है। माँ बच्चे की पहली गुरु, पहली रक्षक और जीवन की पहली सच्ची मित्र होती है।

दिल्ली सचिवालय में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने पुस्तक के

**संकलन**

**जीना चहल धनखड़ की पुस्तक में 90 से अधिक कविताओं का संकलन है: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता**

विषय की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक ममता और वात्सलय का वर्णन एक मां से बेहतर कोई नहीं कर सकता। डॉ जीना ने यह बेहतरीन कार्य किया है, इसके लिए लेखिका बधाई की पात्र हैं। कार्यक्रम में सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज ने कहा कि उनके भतीजे तेजस की मां और उनकी भाभी डॉ जीना ने ममत्व और वात्सल्य पर पुस्तक लिखकर हर मां को गौरवान्वित किया है। कैसे एक मां अपने बच्चे को हमेशा अपने दिल से जोड़े रखती है। यह पुस्तक में बहुत ही सुंदरता से बताया गया है।

लेखिका डॉ जीना चहल धनखड़ ने उनकी पुस्तक विमोचन समारोह में पहुंचे सभी अतिथिगण का आभार व्यक्त किया। पुस्तक विमोचन समारोह में पहुंचे सभी अतिथिगण का आदित्य धनखड़ और एडवोकेट आशुतोष धनखड़ ने स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय संगठक वी सतीश, राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़, राजकुमार भाटिया, मंत्री आशीष सूद, रवींद्र इंद्राज, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पवन अग्रवाल, विकास बाल्मिकी, कप्तान बिरधाना, प्रकाशक बल्यू रोज वन सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# मॉनसून में जलभराव से निपटने के लिए तैयारी लगभग पूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने बताया कि विभाग द्वारा मानसून सीजन से पहले बाढ़ नियंत्रण के लिए सक्रिय तैयारियां की जा रही हैं। राज्य में कुल 846 नालों में से 671 नालों की सफाई की योजना बनाई गई थी, जिनकी कुल लंबाई 4040.23 किमी है। अब तक 3751.40 किमी (92.85%) नालों की सफाई टऋछफएऋअ, विभागीय मशीनरी तथा ई-टेंडरिंग के माध्यम से पूर्ण की जा चुकी है। शेष कार्य भी तीव्र गति से प्रगति पर है और शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 56वीं बैठक में, जो माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी, कुल 209 अल्पकालिक बाढ़ नियंत्रण कार्यों को स्वीकृति दी गई थी। इनमें से 12 कार्य पूर्ण

**सक्रियता**

**राज्य में कुल 846 नालों में से 671 नालों की सफाई की योजना बनाई गई थी, जिनकी कुल लंबाई 4040.23 किमी है।**

हो चुके हैं, 175 कार्य प्रगति पर हैं और इन्हें 30 जून तक पूरा करने का लक्ष्य है। 8 कार्य किसानों के विरोध एवं इको-सेंसिटिव जोन में आने के कारण रुके हुए हैं। शेष 14 कार्य जल संरक्षण और सामग्री खरीद से संबंधित हैं, जिनकी खरीद प्रक्रिया प्रगति पर है। इन स्थलों पर अस्थायी व्यवस्था की गई है, जिससे बाढ़ की स्थिति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। ये कार्य भी शीघ्र पूर्ण कर लिए जाएंगे। इसके साथ ही टांगरी नदी में 39.22 लाख घन मीटर सिल्ट हटाने का अनुमान है। तीन हिस्सों में विभाजित कार्य में दो हिस्सों के अनुबंध हो चुके हैं और कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त, कार्डन, बाब्याल और चांदपुरा गांवों की नगर निगम सीमा में भी सफाई जारी है। अब तक लगभग 5.75 लाख घन मीटर सिल्ट हटाई जा चुकी है, शेष कार्य टारगेट समय यानी 30 जून 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

वहीं मारकंडा नदी में कुल 65.47 लाख घन मीटर सिल्ट हटाने का अनुमान है। दो बार निविदा आमंत्रित की गई, लेकिन कोई बोली नहीं आई। इसके बाद 58,000 घन मीटर की प्राथमिक श्रेणियों के लिए पुनः टेंडर जारी किए गए। झांसा, कलसाना, गुमटी और जलबेरा गांवों में लगभग 60% कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य निश्चित समय तक पूरा कर लिया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### एक राष्ट्र-एक चुनाव में जनमत को लेकर प्रदेश में 500 से ज्यादा बैठकें हुई: मदन मोहन छाबड़ा

**चंडीगढ़/ संतोष गर्ग :** एक राष्ट्र-एक चुनाव समिति के प्रदेश सह संयोजक मदन मोहन छाबड़ा ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर अभी तक हरियाणा में 500 से ज्यादा सभाएं व बैठकें आयोजित हो चुकी हैं। हर वर्ग जैसे कि किसान, युवा, शिक्षक, प्रोफेसर, वकील, श्रमिक, महिला और ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों के साथ एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर संवाद जारी है। एक राष्ट्र-एक चुनाव को हर वर्ग का जनमत मिल रहा है। इसके



साथ ही एक राष्ट्र-एक चुनाव समिति के राष्ट्रीय संयोजक शिवराज चौहान की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित हो चुकी हैं। वहीं, जिला स्तर पर गठित समितियां भी एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर प्रचार अभियान का जिम्मा संभाले हुए हैं। रविवार को जारी बयान में छाबड़ा ने कहा कि संसद की संयुक्त समिति द्वारा पंजाब व हरियाणा में राजनीतिक दलों के साथ बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि देश में लोकसभा और राज्यों में विधानसभा के चुनाव एक साथ होने से बार-बार चुनावी मोड से राहत मिलेगी। विकास की गति बढ़ेगी और सबसे बड़ी बात लोकतंत्र को लेकर जनता में उत्साह बढ़ेगा, क्योंकि उन्हें पांच साल में ही अपना मत देना होगा, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा और लोकतंत्र मजबूत होगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय दलों में एक राष्ट्र-एक चुनाव पर सहमति बनाने को लेकर जेपीसी, संयुक्त संसदीय समिति राज्यवार दौरा कर क्षेत्रीय दलों के साथ बातचीत कर रही है।

### गुरुग्राम: चोरों ने ट्रैफिक सिग्नल भी नहीं बख्शे, चुराई बैट्री व इनवर्टर

**गुरुग्राम।** चोरों की नजर अब शहर में लगे ट्रैफिक सिग्नल पर भी पड़ गई है। यहां सिग्नल से बैट्री व इनवर्टर चोरी करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने रविवार को काबू किया। उनके पास से चोरी का काफी सामान बरामद किया गया है। पुलिस थाना सेक्टर-14 में एक व्यक्ति ने 21 जून 2025 को लिखित शिकायत देकर कहा था कि सेक्टर-29 गुरुग्राम से चोरों द्वारा इफ्को मेट्रो चौक, गलेरिया मार्केट, फायर स्टेशन के पास लगे ट्रैफिक सिग्नल से बैट्रियां व इनवर्टर चोरी कर लिए गए। इस शिकायत पर थाना सेक्टर-29 में केस दर्ज किया गया। अपराध शाखा सेक्टर-43 की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए इस केस में तीन आरोपियों को दिल्ली से काबू किया है। आरोपियों की पहचान सुनील उर्फ कालू निवासी गांव चितवापुर जिला लखनऊ (उत्तर-प्रदेश), हीरा निवासी गांव गर्सवा, जिला दक्षिण दिल्ली (दिल्ली) व राहुल निवासी मदनपुर जेजे कॉलोनी, दक्षिण दिल्ली के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने जिला गुरुग्राम से चोरी करने की एक वारदात को अंजाम देने का खुलासा किया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जा से छह इनवर्टर बैट्री, तीन इनवर्टर व वारदात में प्रयोग किया गया एक ऑटो रिक्शा बरामद किया गया है।

### हमें मिलकर गुरु परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना होगा: मंत्री रणबीर गंगवा

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने आज हिसार के प्रेम नगर स्थित कुम्हार धर्मशाला में पहुंचकर आगामी 13 जुलाई को भिवानी में आयोजित होने जा रहे राज्य स्तरीय गुरु दक्ष जयंती समारोह के लिए समाज के प्रबुद्धजनों को आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि गुरु परंपरा भारतीय संस्कृति की आत्मा है और हमें मिलकर इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे समय पर उपस्थित होकर इस भव्य आयोजन की शोभा बढ़ाएं और गुरु परंपरा को आगे ले जाने में सहभागी बनें। मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा संतों व महापुरुषों की जयंती को सरकारी स्तर पर राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाया जा रहा है, जो समाज में उनकी शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार का सशक्त माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज की एकता, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों को बल मिलता है, जो समावेशी विकास का आधार बनते हैं। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार समाज के हर वर्ग, विशेषकर पिछड़े और वंचित वर्गों के कल्याण हेतु लगातार कार्य कर रही है। पंचायत चुनाव और शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण का प्रावधान किया गया।

# युवाओं की मदद को कर्मचारी चयन आयोग ने शुरू किया यू-ट्यूब चैनल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** प्रदेश के युवाओं को अब सरकारी विभागों में निकलने वाली नौकरियों, विभागीय परीक्षाओं के बारे में सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिल सकेगी। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने रविवार को अपना यू-ट्यूब चैनल शुरू कर दिया है। सीईटी की परीक्षाओं के आयोजन के दौरान कुछ शरारती तत्वों ने न केवल सीईटी पंजीकरण की साइट बना दी, बल्कि भारी संख्या में फेसबुक पेज तक बना दिए गए, जिससे युवा भ्रमित हुए। हालांकि, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने अपने निजी फेसबुक पेज के माध्यम से अपडेट देकर मदद की। अब रविवार से उन्होंने आयोग का यू-ट्यूब चैनल शुरू कर दिया है, ताकि नौजवानों को जरूरी सूचनाएं आसानी से मिल सकें। हिम्मत सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर बताया कि अभ्यर्थियों की मांग को पूरा करते हुए उन्होंने यू-ट्यूब चैनल शुरू किया है। उन्होंने कहा कि समय मिलने पर वे वहां ज्यादा से ज्यादा जानकारी साझा करने की कोशिश करेंगे। इस चैनल पर उन्होंने करीब 10 बजे पहली वीडियो अपलोड की।

# नई औद्योगिक नीति शीघ्र ही घोषित की जाएगी: राव

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :** हरित क्रांति से श्वेत क्रांति के बाद नील क्रांति का अग्रदूत बना कृषि प्रधान हरियाणा प्रदेश अब औद्योगिक क्रांति की ओर अग्रसर है। स्टार्टअप से लेकर 10 नए औद्योगिक मॉडल टाउनशिप विकसित करने का सरकार का प्रस्ताव है जो प्रदेश की औद्योगिक क्रांति की नई गाथा लिखेंगे और शीघ्र ही कई नीतियों के लिए नए मसौदे ड्राफ्ट तैयार करके नई औद्योगिक नीति लाने की योजना है। हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी देश व प्रदेश का विकास उद्योगों के बिना संभव

**नई गाथा**

**कृषि प्रधान हरियाणा प्रदेश अब औद्योगिक क्रांति की ओर अग्रसर है: राव नरबीर सिंह**

नहीं है। प्रदेश में औद्योगिक विकास को और अधिक बढ़ावा देने के लिए हमने अपने किए गए वायदे के अनुरूप के प्रस्ताव को तेजी से कार्य आरंभ किया है। इसके लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वित्त मंत्री के रूप में उद्योग क्षेत्र को अपने बजट में प्राथमिकता दी है और चालू वित्त वर्ष में उद्योग विभाग के बजट में 126 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 1848 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले 5-6 वर्षों में औद्योगिक क्षेत्र में नया बदलाव देखने को मिले, उद्योग मंत्री के रूप में यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उद्योग मंत्री ने कहा कि जब गुरुग्राम में मारुति ने अपनी पहली इकाई स्थापित की थी, उसमें यह शहर औद्योगिक रूप से पिछड़ा क्षेत्र माना जाता था। आज विश्व की बहुउद्देशीय कम्पनी ने अपनी इकाइयां स्थापित की है और गुरुग्राम ने आज देश के साइबर सिटी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के साथ लगते मेवात में नई आईएमटी विकसित की जाएगी।

मानेसर के बाद मेवात में मेसर्स एम्परेक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने अपनी इकाई स्थापित करने में रुचि दिखाई है। कम्पनी द्वारा प्रस्तवित अपने 7,083 करोड़ रुपये में से 2460 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मेवात देश के 100 आकांक्षित पिछड़े जिलों में से एक है। प्रदेश सरकार का प्रयास रहेगा कि आने वाले समय में मेवात में प्रदेश के अन्य जिलों की तरह एक विकसित जिला बने। उन्होंने कहा कि टैक्सटाइल इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा आत्मनिर्भर वस्त्र नीति 2025 लागू की है।

# योग दिवस अभियान बना इस वर्ष का सबसे बड़ा एवं प्रभावशाली योग आंदोलन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गत दिवस सम्पन्न हुए "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025" अभियान में 37.56 लाख से अधिक लोगों ने भागीदारी की जिससे यह कार्यक्रम इस वर्ष का सबसे बड़ा एवं प्रभावशाली योग आंदोलन बन गया है। इस कार्यक्रम की अभूतपूर्व सफलता से ह्ययोग युक्त, नशा मुक्त हरियाणाह्न के संदेश को बल मिला है। प्रदेश की स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि कल 21 जून को हरियाणा भर में आयोजित योग सत्रों में कुल 7,11,246 व्यक्तियों ने भाग लिया जबकि लगभग 30.45 लाख लोगों ने लगातार चले आ रहे अभियान में शिरकत की। इसके अलावा , ह्यहरित योगह्न पहल के हिस्से के रूप में राज्य भर में इस अभियान के दौरान कुल 1,90,065 पौधे भी लगाए गए। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र में आयोजित मुख्य राज्य स्तरीय "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025" कार्यक्रम में सामुदायिक जुड़ाव और समग्र कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया, फलस्वरूप इसमें 1,01,000 प्रतिभागियों ने भाग लिया और 1,00,000 पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी भागीदारी लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण के मध्य एक प्रतीकात्मक सामंजस्य को दशार्ता है।

कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" अभियान कार्यक्रम में पौधारोपण भी एक शानदार सफलता रही है, जिसमें अब तक 2,02,270 पौधे लगाए गए।

### दहेज में महंगी कार व 11 लाख नहीं मिले तो विवाहिता को घर से निकाला

**गुरुग्राम।** एक विवाहिता ने दहेज में महंगी कार व 11 लाख रुपए नहीं देने पर ससुरालियों पर प्रताड़ित करने व मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। विवाहिता का कहना है कि ससुरालजनों ने उसके पिता व भाई के साथ भी हाथापाई की। उसके देवर ने भी उसके साथ मारपीट की। जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया गया। पटौदी पुलिस थाना में पुलिस ने महिला के पति, देवर, सास व ससुर पर केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। रेणुका ने कहा कि उसकी शादी वर्ष 25 नवंबर 2020 में रेवाड़ी के अश्वनी से हुई थी।

# युवाओं के साथ विश्वासघात कर रही है सरकार: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि चुनाव के समय युवाओं को नौकरी देने का वायदा करने वाली भाजपा की सरकार युवाओं साथ विश्वासघात कर रही है। सांसद कुमारी सैलजा ने रविवार को जारी एक प्रेस बयान में कहा कि हरियाणा में ग्रुप-डी में भर्ती हुए युवकों को जल्द पोस्टिंग देने का दावा प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है, विभागों से पूछा है कि उनके यहां ग्रुप डी से जुड़े कितने पद खाली हैं। जिसमें साल 2023 में हुई ग्रुप डी भर्ती वाले युवाओं को नियुक्त किया जाएगा। जिन्हें सरकार ने अभी तक जॉइनिंग नहीं दी थी।

इसके अलावा सरकार ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) से भी चयनित उम्मीदवारों की लिस्ट मांगी है। कुमारी सैलजा ने कहा कि सैनी सरकार के पिछले कार्यकाल के अंतिम समय यह घोषणा की थी और ग्रुप सी और डी के 24 हजार पदों पर भर्ती की गई थी। सरकार ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को ग्रुप-डी के 7500 से ज्यादा पदों की रिक्तियां भेजकर चयन सूची की सिफारिश करने के लिए पत्र भेजा है। मगर, अभी तक आयोग ने यह रिजल्ट नहीं निकाला। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि एचकेआरएन के तहत युवाओं को नौकरी पर तो रखा गया है पर अधिकतर की नौकरी



**साधा निशाना**

**सरकार ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग से भी चयनित उम्मीदवारों की लिस्ट मांगी है**

पर छंटनी की तलवार लटकी रहती है क्योंकि जिन्हें जॉब सुरक्षा की गारंटी दी गई है उनकी संख्या कम है। प्रदेश में एक लाख से अधिक पद खाली पड़े हैं ऐसे में सबसे पहले एचकेआरएन के तहत कार्यरत कर्मचारियों को ही नियमित किया जाए और जितने भी पद खाली हैं उन पर नियुक्तियां की जाए। सैलजा ने कहा कि नौकरियां योग्यता के आधार पर ही दी जाए क्योंकि एचएसएससी पहले ही सरकार की पारदर्शिता और बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरी के दावों की हवा निकाल चुकी है कि आयोग किस प्रकार नौकरियों का सौदा करता था।

# थानों में जांच अधिकारियों की कमी पूरी होगी : डीजीपी

## पुलिस विभाग में शुरू हुए प्रमोशनल कोर्स, नियमित भर्ती तक जिलों में तैनात होंगे एसपीओ व होमगार्ड

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा है कि प्रदेश के पुलिस थानों में जांच अधिकारियों की कमी को जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। पुलिस विभाग ने प्रमोशनल कोर्स करवाए जाने की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। सीईटी के आयोजन के बाद नए सिरे से विज्ञापन जारी किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पुलिस विभाग में कांस्टेबलों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रदेश में पुलिस की सहायता के लिए 11



हजार होमगार्ड कर्मी तथा एसपीओ तैनात हैं। इसके अलावा सरकार से एसपीओ भर्ती की मंजूरी मिल चुकी है। जिन जिलों में पुलिस कर्मचारियों की संख्या कम है, वहां एसपीओ भर्ती किए जा सकते हैं। प्रदेश के पुलिस थानों में जांच अधिकारियों की कमी पर डीजीपी ने बताया कि कोरोना के कारण विभागीय प्रमोशनल कोर्स बंद कर दिए गए थे, जिन्हें अब शुरू किया जा चुका है। बहुत जल्द प्रदेश के पुलिस थानों में हैंड कांस्टेबल, एएसआई व एसआई जांच के लिए उपलब्ध होंगे। इन अधिकारियों को केसों की जांच सौंपी जाएगी। जिससे पुलिस थानों में लंबित केसों में कमी आएगी।

डीजीपी ने बताया कि पुराने अपराधियों का रिकार्ड खंगाला जा रहा है। जो आरोपी जमानत पर बाहर आकर अपराध कर रहे हैं, उनकी जमानतें रद्द करवाई जा रही है। विभिन्न जिलों के एसपी के साथ बैठक करके यह निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे अपराधियों की सूचियां तैयार करके अदालती प्रक्रिया शुरू की जाए।

# शराब ठेकेदार पर दर्ज हैं कई अपराधिक मामले, रंजिश का परिणाम है हत्या: एसपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद।** जींद के एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि शराब ठेकेदार मृतक वीरेंद्र उर्फ बिंद्र पर अलग-अलग धाराओं के साथ अपराधिक मुकद्में दर्ज हैं। काफी मामलों में मृतक बिंद्र पेरोल पर आया हुआ था और कई अपराधिक मामलों में सबूतों के अभाव में बरी हुआ है। राठी ग्रुप के पिता के ऊपर मृतक वीरेंद्र के लोगों ने ही हमला किया था और उसी रंजिश के चलते यह हमला हुआ है। जोकि दूसरी बार हुआ। एसपी कुलदीप सिंह रविवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि



जो खरकराम जी गांव मे शराब ठेकेदार पर बदमाशों के द्वारा हमला किया गया, वो हमला शराब कारोबारी पर नहीं किया गया। ये हमला बदमाश पर किया गया। जिस व्यक्ति पर हमला हुआ उस पर पहले भी कई अपराधिक मामले दर्ज हैं और मृतक के भाई पर भी कई मामले दर्ज हैं। जिसमे अभी फिलहाल वो जेल में भी बंद है। आपसी रंजिश के कारण ही यह वारदात हुई है। घटना को अंजाम देने वालों के संबंध जेल के अंदर बैठे बदमाशों से हैं। राठी ग्रुप के साथ मृतक बिंद्र की आपसी रंजिश चली हुई थी। बिंद्र हत्याकांड में रोहित राणा भी शामिल है लेकिन रोहित गोदारा का इस मामले से कोई संबध नही है। रोहित राणा भी अपराधी है उसके ऊपर भी कई क्रिमिनल मामले दर्ज है। घटना के बाद देर रात गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा ने जो पोस्ट वायरल करके मामले की जिम्मेदारी ली है वो सही नही है।

# स्वच्छ पलवल-सुंदर पलवल और हरित पलवल अभियान में प्रत्येक नागरिक बने भागीदार: गौरव

## पलवल शहर में स्वच्छता पर आधारित राहगीरी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/ संतोष गर्ग :** पलवल शहर की न्यू कॉलोनी के श्रद्धानंद पार्क में आज प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर जनभागीदारी के साथ राहगीरी कार्यक्रम मिलकर रहो, खुलकर जियो का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, कानून विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस मौके पर मंत्री गौरव गौतम ने एमसी पलवल का 'लोगो' भी लांच किया और स्वच्छ पलवल-सुंदर पलवल और हरित पलवल की परिकल्पना को साकार करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सरकार व जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य पलवल को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाकर देशभर में नंबर वन बनाना है, इसके लिए सरकार व जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि हमें स्वच्छता को अपनाने में कोई संकोच व शर्म नहीं करनी चाहिए बल्कि जहां कहीं भी इस प्रकार का स्वच्छता अभियान चल रहा हो वहां बढ़-चढ़कर श्रमदान करना चाहिए।

**स्वच्छता पखवाड़ा**

**हर व्यक्ति को एक पेड़ मां के नाम अभियान में भागीदार बनते हुए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए**

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पलवल की सफाई व्यवस्था बिल्कुल दुरूस्त नजर जाएगी, जिसके लिए नगर परिषद को पलवल को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए हर प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पलवल का सौंदर्यीकरण करने के उद्देश्य से शहर के अंडरपास और चौक-चौराहों को ऐतिहासिक धरोहरों और महान विभूतियों की वॉल पेंटिंग से सजाने का कार्य जारी है। उन्होंने आमजन विशेषकर युवाओं से स्वच्छ व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में स्वच्छता और सफाई को हर घर तक पहुंचाने के लिए कृतसंकल्प है, जिसके लिए हर व्यक्ति को स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा।

मंत्री ने इस अवसर पर पौधारोपण करते हुए आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी हमारी माता है और इसका संरक्षण करना हम सबका परम हमारा धर्म है। हर व्यक्ति को एक पेड़ मां के नाम अभियान में भागीदार बनते हुए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसका संरक्षण करने का संकल्प भी लेना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता योद्धाओं को सेफ्टी जैकेट के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ, एएसपी शुभम सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# करनाल के विधायक जगमोहन आनंद का 'चाय पर चर्चा' जारी

**चाय पर चर्चा**

**आमजन ने रखी समस्याएं मौके पर हुआ समाधान, शहर में स्पीड ब्रेकर बनाने को लेकर रखी मांग**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद द्वारा जारी चाय पर चर्चा कार्यक्रम निरंतर जारी है। प्रत्येक रविवार को जारी यह चर्चा अपने 17वें क्रम पर पहुंच गई। नेहरू पैलेस में विधायक जगमोहन आनंद सुबह-सुबह पहुंच गए। उनके आने से पहले ही लोगों का जमावड़ा वहां लग गया था। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने विधायक जगमोहन आनंद के समक्ष शहर से जुड़ी अलग-अलग मांग रखीए जिनका समाधान उन्होंने मौके पर ही किया और कुछ लंबित शिकायतों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि चाय पर चर्चा की छोटी सी शुरूआत आज 17वें क्रम पर पहुंच गई है। निरंतर लोगों का प्यार मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोग अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को लेकर यहां पहुंच रहे हैं। यह चाय पर चर्चा शहर की तरक्की से जुड़ा एक मंच है, जहां हर कोई अपनी बात रख सकता है। कुछ लोगों ने शहर में स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग रखी है, जो वाजिब है। कुछ अति व्यस्त सडकों पर स्पीड ब्रेकर नहीं है, जहां लोग तेज गति से वाहन चलाते हैं। ऐसे स्थानों को जल्द चिन्हित करके, वहां स्पीड ब्रेकर बनवाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए जाएंगे। जगमोहन आनंद ने कहा कि शिव कॉलोनी वासियों ने आज एचएसआईआईडीसी द्वारा एक रास्ता ब्लॉक किए जाने की मांग को लेकर शिकायत दी है। इस संदर्भ में विभाग को जल्द से जल्द उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त दयानंद कॉलोनी के लोगों ने कॉलोनी को अप्रूव करवाने के लिए अपना मांग पत्र विधायक जगमोहन आनंद को सौंपा।

सार्वजनिक समस्याओं के साथ-साथ कुछ व्यक्तियों ने अपनी व्यक्तिगत समस्याएं भी उनके समक्ष रखी, जो कि बिजली विभाग व नगर निगम से जुड़ी थी। इन समस्याओं के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल समस्या का समाधान करने के निर्देश विधायक जगमोहन आनंद द्वारा दिए गए।

## पेड़ गिरने से राजमिस्त्री की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में कुताना चौक पर सडक हादसे में एक राजमिस्त्री की मौत हो गई। राजमिस्त्री अपनी बाइक पर सवार होकर काम से घर लौट रहा था। रास्ते में उसके ऊपर सफेदे का भारी भरकम पेड़ गिर गया और जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और कुछ देर बाद राजमिस्त्री ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान मूनक निवासी राममेहर के रूप में हुई है। हादसा ददलाना से मूनक की तरफ जाने वाले रास्ते पर हुआ। राममेहर रोजाना की तरह शनिवार को भी अपने काम पर गया था और देर शाम घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में सफेदे का एक बड़ा पेड़ अचानक टूटकर गिर गया और सीधा राममेहर की बाइक पर जा गिरा, जिससे राममेहर बाइक समेत पेड़ के नीचे दब गया। आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ हटाकर घायल को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। रात को हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची ।

# नगर निगम ने ताबड़तोड़ चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान

**अभियान**

**52 दुकानों व रेहड़ी-फड़ी का सामान किया जब्त : डा. वैशाली शर्मा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नगर निगम करनाल ने शहर को साफ-सुथरा और सुगम बनाने के लिए ताबड़तोड़ अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। नगर निगम के प्रवर्तन दल व ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर की कर्ण गेट मार्किट में संडे बाजार नहीं लगने दिया। इस कार्रवाई से मार्किट खुली हुई और यहां आने वाले ग्राहकों व वाहनों को जाम से निजात मिली।
नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि कर्ण गेट मार्किट में संडे बाजार न लगाने को लेकर टीम द्वारा पिछले तीन-चार दिनों से लगातार मुनादी करवाई जा रही थी। इसके अतिरिक्त रविवार को भी मुनादी जारी रही। परंतु फिर भी जिस व्यक्ति द्वारा रेहड़ी-फड़ी लगाई गई, उसके सामान को जब्त कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि कर्ण गेट मार्किट के अतिरिक्त कलंदरी गेट, महाराणा प्रताप चौक क्षेत्र, मीरा घाटी चौक, कुंजपुरा रोड, मेरठ रोड, अस्पताल चौक, कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज रोड तथा विर्क अस्पताल रोड इत्यादि क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया, जिसमें सडकों पर अवैध रूप से लगाई रेहडि ?ं व दुकानदारों द्वारा सडक पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान 52 दुकानों व रेहड़ी-फड़ी का सामान जब्त किया गया और उन्हें सख्त चेतावनी दी गई कि दोबारा सडक पर सामान रखने पर भारी जुमार्ना लगाया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त ने बताया कि इस तरह के अभियान न केवल शहर को साफ-सुथरा बनाते हैं, बल्कि यातायात व्यवस्था को भी सुगम बनाते हैं और लोगों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि दुकानदार व रेहड़ी-फड़ी वाले खुद जागरूक बने और सडकों पर अतिक्रमण न करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम की ओर से अपनी दुकान का सामान निर्धारित जगह पर रखने के निर्देश जारी किए हुए हैं, दुकानदार उसका पालन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सडकों व बाजारों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम का अभियान जारी रहेगा।

# नीलगाय से टकराई बाइक, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** कस्बा घरौंडा में एक सडक हादसा हो गया। फुरलक रोड पर बाइक सवार दो युवक नीलगाय से टकरा गए, जिससे एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ, जब दोनों युवक पेंट का काम खत्म कर घर लौट रहे थे। फुरलक गांव के रहने वाले 32 वर्षीय दीपक और 25 वर्षीय रवि घरौंडा में पेंट का काम कर लौट रहे थे। दोनों बाइक पर सवार होकर रात को गांव की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे गौशाला के पास पहुंचे, अचानक बाइक के आगे नीलगाय आ गई। बाइक की सीधी टक्कर नीलगाय से हो गई और दोनों युवक बाइक से उछलकर सडक पर जा गिरे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दीपक को गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही बेसुध हो गया, वहीं रवि की हालत भी गंभीर बनी रही।
हादसे की सूचना मिलते ही घरौंडा पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को तुरंत घरौंडा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। रवि की गंभीर हालत को देखते हुए उसे तुरंत करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रात को ही पुलिस ने दीपक के शव को अपने कब्जे में लेकर करनाल मोर्चरी हाउस भेज दिया था।
रविवार को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक दीपक फुरलक गांव का रहने वाला था और दो बच्चों का पिता था। वह मेहनत-मजदूरी करके परिवार का गुजारा करता था। उसकी असमय मौत से परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं, घायल रवि का इलाज फिलहाल कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।
मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी राजकुमार ने बताया कि हादसा नीलगाय के कारण हुआ। बाइक सीधे नीलगाय से टकराई, जिससे दोनों युवक गिरकर घायल हो गए थे। दीपक की मौत हो चुकी है, जबकि रवि का इलाज जारी है। शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों के बयान भी लिए जा रहे हैं।

## सरकार कर रही रिटायर्ड कर्मचारियों के साथ अन्याय : सतपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा की बैठक मानव सेवा संघ में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रधान सतपाल रोहिला ने की। बैठक में सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया।
कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रधान सतपाल रोहिला ने कहा कि सभी रिटायर्ड तथा वर्तमान में कार्य कर रहे कर्मचारियों ने हर बार चुनाव में बढ़-चढकर हिस्सा लेकर सरकार बनाने का काम किया है। लेकिन हर बार सरकार बनने के बाद सरकार ने रिटायर्ड कर्मचारियों की कोई भी मांग नहीं मानी, जिससे कर्मचारियों में बेहद रोष है। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों के साथ धोखा कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने केवल और केवल आम जनता और बुजुर्गों के बीच एक खाई खोदने का काम किया है।

# रेहड़ी संचालक पर जानलेवा हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर के मेरठ रोड पर फास्ट फूड रेहड़ी लगाने वाले युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि 8 से 9 युवक रेहड़ी पर आए और बर्गर-चाऊमीन खाने के बाद पैसे देने से इनकार करते हुए झगड़ा करने लगे। आरोपियों में शामिल तीनों युवकों ने रेहड़ी संचालक के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट में रेहड़ी वाले युवक के कान का परदा फट गया और शरीर पर अन्य जगहों पर भी गहरी चोटें आई हैं।
करनाल में कैलाश नगर निवासी आदित्य ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कल की घटना रात करीब साढ़े 8 बजे की है। 8-9 युवक उसकी रेहड़ी पर आए। इनमें से तीन ने बर्गर व चाऊमीन लिए और बिना पैसे दिए ही जाने लगे। पीड़ित ने तीनों को रोक लिया और खाने के पैसे मांगे तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी और अचानक हमला बोल दिया।
हमले में आदित्य को गंभीर चोटें आईं, जिसको करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों की जांच में पाया गया कि उसके कान का परदा फट चुका है और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी गुम चोटें आई हैं, जिसके अगले दिन पीड़ित ने सेक्टर 32-33 थाना में शिकायत दी।थाना सेक्टर 32-33 के एसएचओ इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि 20 जून को पीड़ित आदित्य की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू की गई। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।
पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लग सके।

# संक्षिप्त खबरें

## अपने जन्मदिन पर रक्तदान कर मानवता का फर्ज निभाया



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** हरियाणा के जिला पानीपत ने तहसील कैंप निवासी राजकुमार गाबा इन्सां हमेशा की तरह इस बार भी अपने जन्मदिन पर गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां के हुकमानुसार जरूरतमंद के लिए रक्तदान कर मानवता का फर्ज निभाया।राजकुमार गाबा इन्सां 29 बार से अधिक रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि जब गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां ने रक्तदान के लिए वचन फरमाए थे, तब से वह नियमित रूप से रक्तदान कर रहे हैं।राजकुमार इन्सां, जो एक करियाणा की दुकान चलाते हैं।जरूरतमंद की मदद के लिए गाबा परिवार हर समय तैयार रहता है रक्तदान के साथ साथ दरबार के सभी मानवता भलाई कार्यों के यज्ञ में अपनी आहुति डालते रहते हैं।

## युवक का मिला शव, जेब से मिला आधार कार्ड और मेडिकल पर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले की जरनैली कॉलोनी में एक युवक का शव संदिग्ध हालातों में पड़ा मिला। युवक की पहचान को लेकर अभी संशय बना हुआ है, हालांकि उसकी जेब से आधार कार्ड और कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज की एक पर्ची मिली है। मृतक के हाथ पर शेड्यूल और महाकाल लिखा हुआ था और कोहनी पर चोट का निशान भी देखा गया, जिस पर चींटियां चढ़ी हुई थी।
बीती शाम करीब 5 बजे जरनैली कॉलोनी में स्थानीय लोगों ने एक युवक को बेसुध हालत में सडक किनारे पड़ा देखा। जब उन्होंने उसे हिलाने की कोशिश की, तो कोई हलचल नहीं मिली। इसके बाद राहगीरों ने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस की ईआरवी टीम मौके पर पहुंची और युवक की हालत की जांच की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।
पुलिस ने मृतक के कपड़ों की तलाशी ली तो उसकी जेब से एक आधार कार्ड मिला। कार्ड में नाम संदीप और पता गांव जुंडला जिला करनाल लिखा था। साथ ही एक मेडिकल पर्ची भी मिली है, जो 19 जून की है और कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज की बताई जा रही है। युवक के शरीर पर बाहरी चोट के कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले, लेकिन उसकी कोहनी पर चोट का एक निशान था। चोट पर चींटियां चढ़ी हुई थी, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसकी मौत कुछ समय पहले हो चुकी थी। पुलिस को युवक के हाथ पर शेड्यूल और महाकाल लिखा हुआ भी मिला है।
आसपास के लोगों ने बताया कि युवक दोपहर से कॉलोनी की गलियों में इधर-उधर घूम रहा था। कुछ समय बाद वह एक जगह बैठ गया और फिर वहीं गिर गया। इसके बाद वह उठा ही नहीं। उसकी हालत देखकर लोगों को शक हुआ और उन्होंने पुलिस को फोन किया।
ईआरवी इंचार्ज दिलबाग ने बताया कि युवक के पास जो आधार कार्ड मिला है, वह उसी का है या किसी और का, यह अभी स्पष्ट नहीं है। इस बारे में जांच की जा रही है। शव को फिलहाल करनाल के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया गया है। अगर 72 घंटे तक कोई वारिस सामने नहीं आता तो शव का पोस्टमार्टम करवा कर नगर परिषद की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।घटना की सूचना सिविल लाइन थाना पुलिस को दे दी गई है। आईओ को मौके पर बुलाया गया है। पुलिस अब आधार कार्ड के जरिए मृतक की पहचान करने और परिजनों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

# नहर में मिला नवजात का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** बीती देर रात को नडाना गांव के पास नहर में एक नवजात शिशु का शव मिला, जिसे देखकर ग्रामीण हैरान रह गए। सूचना पर पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के मॉच्युरी हाउस भिजवाया गया। शिशु महज एक या दो दिन का ही बताया जा रहा है और उसके हाथ पर ड्रिप की पिन (इंजेक्शन नोजल) लगी हुई थी। जिससे यह अंदेशा जताया जा रहा है कि उसका कहीं इलाज चल रहा था या जन्म के तुरंत बाद उसे अस्पताल में रखा गया था। शनिवार देर शाम को नडाना गांव के कुछ युवक नहर के किनारे घूमने के लिए गए थे। तभी उन्होंने पानी में कुछ बहता हुआ देखा। पास जाकर देखने पर पता चला कि वह एक नवजात शिशु का शव है।
यह देखकर युवक हक्के-बक्के रह गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही तरावड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला गया।
गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि नवजात लडका है और लगभग एक-दो दिन पहले ही उसका जन्म हुआ होगा। उसके शरीर पर ग्लूकोस देने वाली पिन लगी हुई थी। यह कहना अभी मुश्किल है कि उसे जिंदा बहाया गया या मरने के बाद प्रवाहित किया गया है। डॉक्टर विक्रम ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि यह पूरी तरह अमानवीय है। एक कलयुगी मां ने अपनी ममता को शर्मसार कर दिया है। जिस नवजात की आंखें भी पूरी तरह नहीं खुली थीं, उसे नहर में बहा दिया गया। सवाल ये है कि आखिर इस बच्चे के साथ ऐसा क्यों किया गया।
एसआई सुखविंद्र सिंह ने बताया कि यह बच्चा किसका है, इसको लेकर जांच शुरू कर दी गई है। क्योंकि बच्चे के हाथ में इंजेक्शन की नोजल लगी हुई थी, इससे साफ है कि वह मेडिकल ट्रीटमेंट के संपर्क में रहा है।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था बदतर, सीएम को लेना चाहिए एक्शनः रामपाल

**सख्त तेवर**

**प्रदेश में बढ़ते अपराधों और कांग्रेस की गुटबाजी को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल ने सख्त तेवर दिखाए हैं।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** प्रदेश में बढ़ते अपराधों और कांग्रेस की गुटबाजी को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल ने सख्त तेवर दिखाए हैं। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि राज्य में हर रोज मर्डर, फिरौती और गुंडागर्दी हो रही है, लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा मूक दर्शक बनी हुई है।
उन्होंने सीएम सैनी पर निशाना साधा और कहा कि सीएम को कानून व्यवस्था के मामले में कड़ा एक्शन लेना चाहिए। वहीं कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष तक नहीं बना पाई और आपसी गुटबाजी में उलझी हुई है। उन्होंने कहा कि अब वक्त है हरियाणा को एक कुशल और कार्यशील प्रशासक की जरूरत है और ये जिम्मेदारी अभय सिंह चौटाला को मिलनी चाहिए।
घरौंडा में हुई बैठक में इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने बताया कि इनेलो लगातार संगठन को मजबूती देने में जुटी है। हमने पहले राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर पदाधिकारी बनाए, फिर संयोजक और जिला अध्यक्ष नियुक्त किए। अब हलका स्तर पर भी नियुक्तियां पूरी हो गई हैं। घरौंडा में भी पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। हमने वफादार और मेहनती कार्यकताओं को आगे लाकर उन्हें सम्मान दिया है।
कांग्रेस की आंतरिक स्थिति पर हमला करते हुए माजरा ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष तक नियुक्त नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष जितना जिम्मेदार होता है, विपक्ष की भी उतनी ही बड़ी भूमिका होती है, लेकिन कांग्रेस अपनी भूमिका निभाने में पूरी तरह फेल रही है। संगठन निर्माण को लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष को हरियाणा आना पड़ा।
रामपाल माजरा ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस के लिए यह सुनहरा मौका था, क्योंकि जनता का रुख कांग्रेस की ओर था, लेकिन सरकार भाजपा की बन गई। इसका सबसे बड़ा कारण कांग्रेस की गुटबाजी और अपने ही उम्मीदवारों को हराने की रणनीति रही। कुछ कांग्रेस नेता तो भाजपा के इशारे पर ही काम कर रहे थे। यह पूछे जाने पर कि इनेलो विपक्ष में रहते हुए कोई बड़ा मोर्चा क्यों नहीं खोल पाई? माजरा ने कई उदाहरण गिनाए। उन्होंने कहा कि जब भाखड़ा का पानी 9 हजार क्यूसेक से घटाकर 4 हजार किया गया तो हमने मोर्चा खोला और आंदोलन किया। जब पानीपत में किसान को जलाकर मारा गया, तब इनेलो ने आवाज उठाई। एचएयू के छात्रों पर लाठीचार्ज हुआ, तब भी हमारी पार्टी सडक पर उतरी।
प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर माजरा ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हर रोज खून-खराबा हो रहा है, सरेआम गोलियां चल रही हैं, फिरौती मांगी जा रही है।

# सीईटी की डेट बढ़ाने के लिए तिरंगा यात्रा, जींद से करनाल पहुंचा युवक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**




**करनाल।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की सीईटी परीक्षा की आवेदन तिथि बढ़वाने की मांग को लेकर जींद जिले के गांव पाथरी का रहने वाला अजीत सिंह हाथ में तिरंगा और बैनर लेकर पैदल ही चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास के लिए निकल पड़ा है। अजीत ने अपनी यह पदयात्रा शनिवार सुबह सफीदों से शुरू की और देर रात तक करनाल पहुंच गया।
आज सुबह उसने फिर अपनी यात्रा को शुरू किया और अब उसका अंतिम पड़ाव चंडीगढ़ सीएम हाउस होगा। अजीत का कहना है कि वह अपने लिए नहीं, बल्कि उन लाखों युवाओं की आवाज बनकर यह यात्रा कर रहा है, जो सीईटी फॉर्म भरने से वंचित रह गए हैं। अगर डेट नहीं बढ़ी तो वह भी अपना सीईटी का एग्जाम नहीं देगा।
पाथरी निवासी अजीत ने बताया कि सीईटी फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 12 जून थी, लेकिन तकनीकी खामियों और वेबसाइट की लगातार समस्याओं के चलते करीब 2 लाख युवा आवेदन नहीं कर पाए। फॉर्म भरने के लिए पोर्टल पर इतनी समस्याएं थी कि युवक कई-कई दिन तक सीएससी सेंटरों के चक्कर काटते रहे और अंत में आवेदन नहीं कर सके। हजारों युवा अपने दस्तावेज पूरे कराने में ही उलझे रह गए और पोर्टल बंद हो गया। अजीत का कहना है कि सरकार को इन युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए कम से कम 3 से 5 दिन के लिए पोर्टल फिर से खोल देना चाहिए, ताकि वे भी सीईटी में भागीदारी कर सकें।
अजीत सिंह का कहना है कि सरकार एचकेआरएन जैसी अस्थायी व्यवस्थाओं की बजाय सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर पक्की भर्ती करे। स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित कई विभागों में हजारों पद खाली पड़े हैं। यदि युवाओं को समय पर नौकरी मिलती तो उन्हें रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ता। सरकार को युवाओं को चुनावी घोषणाओं का हिस्सा नहीं बनाना चाहिए, बल्कि उन्हें स्थायी रोजगार देकर भविष्य को सुरक्षित करना चाहिए। अजीत ने सरकार से तीन प्रमुख मांगों में सीईटी फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को बढ़ाया जाए, सरकारी विभागों में खाली पदों पर पक्की भर्ती की जाए न कि ठेके पर और युवाओं को राजनीति का मोहरा बनाना बंद किया जाए, शामिल हैं।
अजीत ने बताया कि उसने खुद अपना फॉर्म भर रखा है, लेकिन वह इस आंदोलन में उनके लिए आवाज उठा रहा है, जो फॉर्म नहीं भर पाए हैं। उसका कहना है कि अगर सरकार डेट नहीं बढ़ाती तो वह भी एग्जाम नहीं देगा। अजीत सिंह ने सीईटी आवेदन के लिए निर्धारित की गई 1 हजार रुपए की फीस को भी अधिक बताया और कहा कि सभी युवा इतनी फीस वहन नहीं कर सकते। सरकार को इसे घटाना चाहिए ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवा भी परीक्षा में शामिल हो सकें। फॉर्म न भर पाने वाले युवाओं को पांच साल तक पछताना पड़ेगा और वे सरकार को कोसते रहेंगे।
अजीत ने इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब दुष्यंत सरकार में थे तो उन्होंने युवाओं को केवल इस्तेमाल किया। अब जब वे सत्ता में नहीं हैं तो बीजेपी पर तरह-तरह के आरोप लगा रहे हैं। अगर, उन्हें वाकई युवाओं की इतनी चिंता है, तो अब खुलकर आवाज उठाएं

# रोहिला समाज की मांग, बसंत पंचमी पर हो राष्ट्रीय अवकाश

**मांग**

**आज यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि यह मांग केंद्र सरकार तक भी विभिन्न माध्यमों से पहुंचाई जा रही है।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**



समालखा रोहिला संस्था हरियाणा की उपाध्यक्ष सुशीला अपूर्वा ने राज्य सरकार से बसंत पंचमी के अवसर पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की है। आज यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि यह मांग केंद्र सरकार तक भी विभिन्न माध्यमों से पहुंचाई जा रही है। पुणे में होने वाले संत शिरोमणि श्री नामदेव महाराज राष्ट्रीय एकात्मता विश्व महासम्मेलन की तैयारियों के लिए आयोजित हुई राष्ट्रीय बैठक में भाग लेकर लौटी सुशीला ने बताया की इस महासम्मेलन में शामिल होने के लिए हरियाणा के भारी संख्या में रोहिला, शिंपी, दर्जी, छिपा, टांक, मेहरू आदि खापों के लोग शामिल होंगे। इसके लिए वह प्रदेश के विभिन्न शहरों का दौरा करके लोगों को जनवरी माह में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय महासम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगी। इस निमंत्रण अभियान की शुरूआत रोहतक से की जाएगी। सुशीला अपूर्वा ने कहा कि राष्ट्रीय एकात्मता सम्मेलन के माध्यम से रोहिला समाज के लोग राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे और अपनी मांगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष रखेंगे।

## संपादकीय

# 'इजरायल ईरान युद्ध में अमेरिका का दखल'

**ईरान-इजरायल** और अमेरिका के ट्रायंगल ने नया मोड़ ले लिया है। इजरायल ईरान युद्ध के तनाव को अमेरिका की एंट्री ने और बढ़ा दिया है। इजरायल ईरान के भीषण युद्ध में जहां इसराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान सहित ईरान के सत्ता प्रमुख आयतुल्लाह खेमनेइ को खत्म करने की ठान ली है। वहीं ईरान ने जवाबी हमले में तेल अबिब के गैस और तेल के ठिकानों सहित स्टॉक एक्सचेंज, अस्पताल सहित अनेक नागरिक केंद्रों को बर्बाद कर दिया है। ईरान की टारगेटेड मिसाइल को इसराइल रोक पाने में असफल रहा है, वैसे अब इजरायल के पास ईरान को रोकने के लिए उतने अस्त्र-शास्त्र शेष नहीं बचे क्योंकि विगत एक साल से ज्यादा उसकी लड़ाई हमास,हिजबुल और हूती विद्रोहियों के साथ गाजा पट्टी तथा फिलिस्तीन पर चल रही है। अब इजराइल में वह दम-खम नहीं रहा जिसके लिए वह जाना जाता है। जबकि ईरान के पास अभी सैकड़ों मिसाइल्स का भंडार बचा हुआ है जिसके दम पर वह इसराइल के शहरों में ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। इसराइल ने इन परिस्थितियों में अमेरिका से ईरान पर हमले की गुजारिश भी की थी, और अमेरिका ने बीती रात अपने सबसे खतरनाक एयर स्ट्राइकर से ईरानी परमाणु ईंधन केंद्रों जिनमें प्रमुख फोर्दो,नतांज और इस्फहान हैं जिनके गहरे बंकरों में वह परमाणु ईंधन छुपा कर रखता है पर हमला कर दिया है। समाचार एजेंसी के अनुसार इनमें एक

फोर्दो सबसे बड़ा परमाणु ईंधन भंडारण जो पूरी तरह तबाह हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले की पुष्टि भी कर दी है उन्होंने अपने मीडिया हैंडल में लिखा है कि हमने इन तीन परमाणु भंडारण केंद्र में हमले कर उसे तबाह करने की कोशिश की है और हमारे दोनों फाइटर प्लेन सुरक्षित वापस अमेरिका आ चुके हैं डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि व? हमले हो सकते हैं इसराइल के प्रधानमंत्री ने कहा कि शांति का रास्ता हमले से गुजर कर होकर जाता है। हीरा की सट्टा प्रमुख ने इसके जवाब में कहा है कि हमले रुकेंगे नहीं और अब शांति प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि मिडिल ईस्ट में इसराइल के अलावा किसी के पास परमाणु बम नहीं है वैसे तो घोषित तौर पर इजरायल के पास भी परमाणु बम नहीं है पर रक्षा विशेषज्ञ बताते हैं कि इसराइल ने परमाणु बम बना लिया है एवं वह इस दुनिया के सामने इसकी घोषणा नहीं करता है। इन परिस्थितियों में ईरान अमेरिका तथा इजरायल के सामने अलग-थलग पड़ गया है इसका एक बड़ा कारण मिडिल ईस्ट में शिया तथा सुन्नी समुदाय का आंतरिक विरोध भी है। पिछले 36 साल से ईरान पर शासन कर रहे आयतुल्लाह खेमनई ने शिया सुन्नी विवाद को बहुत आगे बढ़ा दिया और मिडिल ईस्ट के कई देशों को परेशान भी किया है ऐसे में सारे मुस्लिम देश इसराइल तथा अमेरिका के विरोध में एकत्र नहीं हो पाए। गौरतलब है कि इसराइल ने ईरान के 11-12 प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों तथा उसके सबसे ताकतवर सैन्य कमांडरों की मिसाइल हमले से हत्या भी कर दी है ऐसे में ईरानी प्रमुख के पास वर्तमान में सेना को नेतृत्व करने वाले कमांडरों की कमी हो गई है और उसके परमाणु प्रोग्राम का भविष्य भी चौपट हो गया है। रही-सही कसर अमेरिका के लड़ाकू विमान ने परमाणु ईंधन भंडारण ठिकानों पर हमला कर उसे नष्ट कर पूरा कर दिया है।

# क्या नरसंहार की इबारत लिखने वाले देश तय करेंगे कि परमाणु शस्त्र कौन रखे?

राजेश माहेश्वरी

> "अमेरिका व इस्राईल के सामने ईरान के सिर उठाकर खड़े होने जैसे फौलादी इरादों की आज दुनिया सराहना कर रही है।
> परन्तु यह देश आज कभी ईरान के निष्कासित रजा शाह पहलवी के पुत्र के काँधे पर सवार होकर तो कभी भीतरी फूट डालकर कभी मोसाद का इस्तेमाल कर ईरान को अस्थिर करने की पुरजोर कोशिश में लगा है।
> इनकी गिद्ध दृष्टि इस बात पर टिकी है कि किसी तरह वर्तमान संकल्पवान व स्वाभिमानी ईरानी सत्ता को बेदखल कर अपनी पिट्ठू सरकार बनाई जाये और ईरान को अस्थिर कर यहाँ भी मनमर्जी से तेल दोहन किया जा सके। परन्तु शहादत को अपना आभूषण समझने व दास्तान ए करबला से प्रेरणा लेना वाला यह देश अमेरिका व इजराईल की घुड़कियों को कुछ भी नहीं समझ रहा। क्या ईरान को आत्मरक्षा का अधिकार नहीं? क्या नरसंहार की इबारत लिखने वाले देश ही यह तय करेंगे कि परमाणु शस्त्र कौन रखे और कौन न रखे?"

**इस्राईल -ईरान** के बीच छिड़े आधुनिक युद्ध ने पूरे विश्व को स्तब्ध व चिंतित कर दिया है। इस्राईल गत कई वर्षों से ईरान को युद्ध में खींचने की पूरी कोशिश कर रहा था परन्तु ईरान सीधे युद्ध में कूदने से बचता आ रहा था। परन्तु गत 13 जून को इस्राईल ने ईरान पर एक बड़ा हवाई हमला कर दिया। इस हमले के कुछ ही समय बाद इस्राईली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने एक टी वी प्रसारण में इस हमले को उचित ठहराते हुये ईरान पर परमाणु बम बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया और अपनी चिंता दोहराई कि ईरान का परमाणु बम इस्राईल को नष्ट कर सकता है। इस्राईल ने ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिक और शीर्ष सेना कमांडर भी मार दिये। इस्राईल ने 13 जून को ईरान पर हमला उस समय किया जबकि दो दिन बाद ही यानी 15 जून को ईरान और अमरीका के मध्य परमाणु समझौता होने की तारीख तय थी और यह समझौता किसी निष्कर्ष पर पहुँचने की उम्मीद भी की जा रही थी। परन्तु इस्राईल ने समझौते के पहले ही हमला कर ईरान को बड़ा धोका दे दिया। इस्राईली हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी यह कहकर सबको चौंका दिया कि उन्हें इस हमले की पहले से जानकारी थी और इस हमले में कई ईरानी कट्टरपंथी (परमाणु वातार्कार ) मारे गए हैं। उन्होंने ईरान को चेतावनी दी कि अगर वह समझौता नहीं करता, तो और बड़े हमले झेलने पड़ सकते हैं। यही नहीं बल्कि ट्रंप ने इस्राईल की पीठ थपथपाते हुये इस्राईली हमलों को "शानदार" बताया और कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की इच्छा छोड़नी होगी। साथ ही ट्रंप ने अमेरिका को इस्राईल का सबसे बड़ा सहयोगी भी बताया। साफ है ईरान पर इस्राईल द्वारा धोखे से किये गये इस हमले का अमेरिका भी बराबर का साझीदार है। अब जरा 2003 के उस दौर को भी याद कीजिये जब इराक में सद्दाम हुसैन के शासनकाल में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश प्रशासन, ने यह दावा किया था कि सद्दाम हुसैन के पास रासायनिक, जैविक और संभवतः परमाणु हथियार भी हैं जो वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा हो सकते हैं। यह दावा खुफिया जानकारी पर आधारित बताया गया था। इसी 'खुफिया जानकारी' को बहाना बनाकर अमेरिका ने "ऑपरेशन इराकी फ्रीडम" के नाम से इराक पर बड़ी



सैन्य कार्रवाई की और इराक को तबाह कर के छोड़ा। यहाँ तक कि स्थानीय अदालत का गठन कर सद्दाम हुसैन को फांसी पर चढ़ा दिया। इराक में सत्ता परिवर्तन के बाद वहां रासायनिक, जैविक और सामूहिक विनाश के हथियार होने की जानकारी गलत साबित हुई। वहां ऐसे हथियार होने के कोई सबूत नहीं मिले। जगजाहिर है कि अमेरिका द्वारा इराक पर सैन्य कार्रवाई वहां के तेल संसाधनों पर नियंत्रण और मध्य पूर्व में अमेरीकी सामरिक प्रभाव बढ़ाने की इच्छा के तहत की गयी । इराक की तबाही व सत्ता परिवर्तन के बाद अमेरिका ने यह तर्क भी दिया था कि सद्दाम हुसैन का तानाशाही शासन इराकी जनता और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए हानिकारक था।

बहरहाल आज वही अमेरिका जिसने केवल इराक ही तबाह करने की कोशिश नहीं की बल्कि वह जापान पर 6 और 9 अगस्त 1945 को परमाणु बम गिराने का भी गुनहगार है.वह अमेरिका जो कोरिया,ग्वाटेमाला, इंडोनेशिया,क्यूबा, कांगो,लाओस,वियतनाम,कंबोडिया, ग्रेनेडा,लेबनान,सीरिया, लीबिया,अल साल्वाडोर,निकारागुआ, ईरान(1987) पनामा,इराक,कुवैत, सोमालिया,बोस्निया, सूडान,अफगानिस्तान,योगोस्लाविया जैसे देशों पर हमले करने व वहां की सत्ता को अस्थिर करने का जिम्मेदार हो, क्या वह अमेरिका तय करेगा कि किस देश को परमाणु शस्त्र रखना चाहिए और किसे नहीं ? या फिर फिलिस्तीन की जमीन पर अमेरिका ब्रिटेन की शह पर कब्जा जमाये बैठा वह अवैध देश इस्राईल जिसपर गजा में लगभग 82,000 लोगों को मारने व लगभग 20 लाख लोगों को बेघर कर क्षेत्र में मानवीय संकट खड़ा का आरोप है वह तय करेगा कि परमाणु शस्त्र किसे रखना चाहिए और किसे नहीं? जो देश स्वयं पूरे विश्व में अस्थिरता फैलाने,क्षेत्रीय संघर्ष भड़काने,शस्त्रों के व्यवसाय तथा तेल जैसी सम्पदा पर गिद्ध दृष्टि रखते हों पड़ोसी देशों में फूट डलवाकर युद्ध भड़काना ही जिनका वयवसाय बन चुका हो वह देश कैसे निर्धारित कर सकते हैं कि परमाणु शस्त्र किसे रखना चाहिये किसे नहीं ?

आज विश्व में जिनदेशों के पास परमाणु शस्त्र हैं उनमें सबसे बड़ा जखीरा संयुक्त राज्य अमेरिका के पास है। इसके अतिरिक्त रूस,चीन,फ्रांस, यूके (ब्रिटेन), इस्राईल,उत्तर कोरिया,भारत व पाकिस्तान जैसे देश भी परमाणु शस्त्र धारक देशों में गिने जाते हैं। बावजूद इसके कि ईरान अभी तक यह कहता आया है कि उसके द्वारा किया जा रहा परमाणु संवर्धन उसकी ऊर्जा सम्बन्धी जरूरतों को पूरा करने जैसे शांतिपूर्ण कार्यों के लिये है। फिर भी यह क्यों जरूरी नहीं कि मानवता का सबसे बड़ा हत्यारा देश इजराईल जो भूखे,निहत्थे बच्चों व बुजुर्गों औरतों का लगातार नरसंहार करता आ रहा,जो अपनी सैन्य शक्ति और अमेरिका की शह के बल पर अपने कब्जे की जमीन का लगातार विस्तार करता जा रहा हो जो उसे पनाह देने वाले देश फिलिस्तीन के लोगों को ही उनकी मातृभूमि से बेदखल करने की साजिश रच रहा हो,जो अमरीका के इशारे पर पूरे मध्य एशिया में फूट डालने वाली राजनीति कर रहा हो आखिर क्षेत्रीय संतुलन बनाने के लिये उसके सामने ईरान जैसे देश का डटकर खड़ा होना जरूरी क्यों नहीं ? क्या इस पूरे मध्य क्षेत्र को अमेरिका इस्राईल के रहम-ो-करम पर जीने के लिये छोड़ देना चाहिये? ताकि जब चाहें और जिस देश को चाहें गजा,यमन व लेबनान बना सकें ?

निश्चित रूप से युद्ध से बुरी कोई स्थिति नहीं होती। हमेशा इस त्रासदी का शिकार बेकुसूर महिलाएं,बच्चे व बुजुर्ग होते आये हैं। युद्ध से मानवता आहात होती है। सही मायने में तो पूरे विश्व को ही न केवल परमाणु शस्त्र मुक्त बल्कि पूरा विश्व निःशस्त्र भी होना चाहिये। परन्तु अमेरिका इजराईल जैसे देशों द्वारा जब अपनी ताकत का दुरूपयोग दशकों से किया जाता रहा हो और यह सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा हो ऐसे में इन्हें 'वाक ओवर' देने के बजाये इनके सामने अपने स्वाभिमान के लिये संकल्पबद्ध होकर खड़े होना कौन सा जुर्म है ? अमेरिका व इस्राईल के सामने ईरान के सिर उठाकर खड़े होने जैसे फौलादी इरादों की आज दुनिया सराहना कर रही है।

परन्तु यह देश आज कभी ईरान के निष्कासित रजा शाह पहलवी के पुत्र के काँधे पर सवार होकर तो कभी भीतरी फूट डालकर कभी मोसाद का इस्तेमाल कर ईरान को अस्थिर करने की पुरजोर कोशिश में लगा है।

इनकी गिद्ध दृष्टि इस बात पर टिकी है कि किसी तरह वर्तमान संकल्पवान व स्वाभिमानी ईरानी सत्ता को बेदखल कर अपनी पिट्ठू सरकार बनाई जाये और ईरान को अस्थिर कर यहाँ भी मनमर्जी से तेल दोहन किया जा सके। परन्तु शहादत को अपना आभूषण समझने व दास्तान ए करबला से प्रेरणा लेना वाला यह देश अमेरिका व इजराईल की घुड़कियों को कुछ भी नहीं समझ रहा। क्या ईरान को आत्मरक्षा का अधिकार नहीं ? क्या नरसंहार की इबारत लिखने वाले देश ही यह तय करेंगे कि परमाणु शस्त्र कौन रखे और कौन न रखे ?

## कविता

### तूने भक्ति की दुनिया निराली दे दी।

अच्छा किया तूने खुशहाली दे दी
तेरे खास होने की हासिली दे दी।

लोग मुझे बदनसीब मानते हैं
तूने मुझे सही तसल्ली दे दी।

मेहरबानी तू करता है मेरा ईश्वर
मुझे आराधना की झोली दे दी।

हर तरफ फरेब लूट है और बेईमानी
मुझे ईमान से जीने की बहाली दे दी।

लोग हंसते हैं मेरी फटी पैबंद पर
तूनें खिदमत की खुशहाली दे दी।

तेरे सामने धन दौलत सब बेकार
तूने भक्ति की दुनिया निराली दे दी।

मैंने तो कभी सोचा ना था संजीव
जिंदगी में इतनी हरियाली दे दी।

संजीव

# स्वप्न से सिद्धि तकः डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रेरक विरासत

**जब** इतिहास के पन्नों पर साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की अमर गाथा लिखी जाती है, तो डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का नाम स्वर्णिम अक्षरों में उभरता है। वे एक व्यक्ति नहीं, एक विचार थे; एक ऐसी ज्वाला, जो भारत की अखंडता और गौरव के लिए जलकर भी अनंत प्रेरणा देती है। उनकी पुण्यतिथि कोई साधारण स्मरण नहीं, बल्कि एक हुंकार है–हर भारतीय के हृदय में राष्ट्र के लिए जीने, लड़ने और मरने की चेतना जगाने वाली। वे उस युग के ध्रुवतारे थे, जिन्होंने न केवल अपने समय को रोशन किया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक ऐसा मार्ग प्रशस्त किया, जो सत्य, साहस और समर्पण से बना है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई, 1901 को कोलकाता के एक प्रतिष्ठित बंगाली परिवार में हुआ, जहां संस्कृति, शिक्षा और नैतिकता का अनूठा संगम था। उनके पिता, सर आशुतोष मुखर्जी, एक महान शिक्षाविद् और बैरिस्टर थे, जिनसे उन्हें बौद्धिक तेज और देशसेवा का जुनून विरासत में मिला। युवावस्था में ही उनकी प्रतिभा ने सबको आश्चर्यचकित कर दिया। 1923 में बीए और 1924 में एमए की डिग्री हासिल करने के बाद, उन्होंने बैरिस्टर बनकर कानूनी क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई। लेकिन उनकी असली उड़ान तब शुरू हुई, जब मात्र 33 वर्ष की आयु में वे कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने–एक ऐसा रिकॉर्ड, जो उनकी असाधारण बौद्धिकता और प्रशासनिक क्षमता का जीवंत प्रमाण था। इस पद पर रहते हुए उन्होंने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का आधार बनाया और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई क्रांतिकारी सुधार किए, जो आज भी प्रेरणादायक हैं। स्वतंत्रता संग्राम के दौर में, जब भारत गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए छटपटा रहा था, डॉ. मुखर्जी ने अपनी बौद्धिक शक्ति और वैचारिक दृढ़ता से राष्ट्रीय आंदोलन को नई ऊर्जा दी। शुरू में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ थे, लेकिन जब उन्हें लगा कि कांग्रेस की नीतियाँ राष्ट्रहित से भटक रही हैं, तो उन्होंने सिद्धांतों से समझौता करने के बजाय अपनी राह चुनी। स्वतंत्रता के बाद, जब वे भारत के पहले मंत्रिमंडल में उद्योग और आपूर्ति मंत्री बने, तो उन्होंने देश की औद्योगिक नींव को मजबूत करने के लिए दूरदर्शी कदम उठाए। लेकिन उनकी असली अग्निपरीक्षा तब आई, जब जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीतियाँ उन्हें राष्ट्रविरोधी प्रतीत हुईं। डॉ. मुखर्जी का विश्वास था कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और धारा 370 के तहत दिया गया विशेष दर्जा देश की एकता के लिए घातक है।

## विचार

# पिता का पस्त मन और पुत्रों की पश्चिमी व्यस्तता

प्रियंका सौरभ

**एक** फौजी पिता की वर्दी सलामी के लिए नहीं, बल्कि सम्मान और समर्पण के प्रतीक होती है। लेकिन जब वही पिता अपनी अंतिम सांस लेने से पहले अपनी ज़िंदगी के सबसे कड़वे शब्दों में पत्र लिखकर खुद को गोली मार ले, तो यह केवल आत्महत्या नहीं होती – यह एक सामाजिक मृत्यु होती है। लखनऊ की एक पॉश कॉलोनी में रहने वाले रिटायर्ड कर्नल ने ऐसा ही किया। दो बेटे, एक अमेरिका में कॉरपोरेट नौकरी में व्यस्त, दूसरा अपने परिवार के साथ जीवन में लीन। पिता और मां ने पूरी ज़िंदगी इन बेटों की परवरिश में बिता दी थी। ऊँची शिक्षा, बेहतर जीवन, विदेशी स्थायित्व, दुनिया की सुविधाएं – सब दिया, लेकिन आखिर में अकेलेपन का उत्तरदायित्व भी उन्हीं मां-बाप के हिस्से आया। कहते हैं, हर पिता चाहता है कि बेटा उससे बड़ा बने, लेकिन शायद ही कोई पिता चाहता है कि बेटा उसे भूल जाए। जिस बेटे को कभी बुखार आने पर पिता रातभर सिरहाने बैठा रहा हो, वही बेटा मां की मौत पर कह दे कि 'पापा की मौत में आ जाऊंगा' – तो वहां केवल संबंध नहीं टूटते, आत्मा टूट जाती है। उस पिता ने पत्र में कोई गाली नहीं दी, कोई ताना नहीं दिया, कोई आक्रोश नहीं दिखाया। उन्होंने बस यह कहा कि शायद मेरी परवरिश में कोई कमी रह गई, क्योंकि मैंने समाज को सभ्य नागरिक नहीं, असंवेदनशील संतति दी। यह वाक्य जितना सीधा है, उतना ही खौफनाक है। यह एक पिता का नहीं, एक पीढ़ी का दुःख है। यह कहानी किसी एक कर्नल की नहीं है। यह हर उस मां-बाप की है, जो अपने बच्चों को उड़ान देना चाहते हैं, लेकिन बुढ़ापे में लौटती हुई परछाइयां भी नहीं देख पाते। यह उस भारतीय समाज की है, जो अमेरिका जाने वाले बेटे पर गर्व करता है, लेकिन वहीं मां-बाप को वृद्धाश्रम में छोड़ने पर खामोश हो जाता है। यह उस संवेदनहीनता का बयान है, जो आधुनिकता के मुखौटे के पीछे रिश्तों को घोंट रही है। पिता की चिट्ठी ने लिखा कि अब उसकी लाश के पास भी कोई इंतजार नहीं करेगा, इसलिए वह खुद ही चला जाता है – ताकि कोई मजबूरी न हो, कोई बहाना न बने, कोई बेटा यूं न कह सके कि 'फ्लाइट नहीं मिली'। यह वाक्य किसी खबर का हिस्सा नहीं, एक सांस्कृतिक हार का एलान है। वह पिता जिसने युद्ध में दुश्मनों से लड़ा, जिसने सेवा में राष्ट्र को प्राथमिकता दी, वह अपने ही घर में अकेलेपन से हार गया। उसकी आखिरी इच्छा थी कि उसके तमगे और तस्वीरें बटालियन को लौटा दी जाएं। शायद वो ये नहीं चाहता था कि उसके बच्चों के ड्राइंग रूम में झूठी स्मृति के रूप में उसकी तस्वीर टंगी रहे। हम एक ऐसे समाज में जी रहे हैं, जहां हर त्योहार पर 'परिवार के साथ समय बिताएं' जैसे विज्ञापन चलाए जाते हैं, लेकिन असल में माता-पिता के पास समय बिताने वाला कोई नहीं होता। वीडियो कॉल पर रिश्ता निभाया जाता है, जन्मदिन पर केक भेजकर ज़िम्मेदारी पूरी मानी जाती है, और अंत्येष्टि में आना 'काम की व्यस्तता' के आधार पर टाला जा सकता है। कर्नल साहब के बेटे के लिए यह सिर्फ 'एक और दिन' रहा होगा। लेकिन उस दिन ने एक पिता को चुपचाप शहीद कर दिया – इस बार बिना दुश्मन के, बिना युद्ध के, बिना आदेश के। जिस समाज में माताएं बेटे को यह सिखाती थीं कि बुढ़ापे में मां-बाप भगवान होते हैं, उस समाज में बेटे मां के निधन पर आने से कतराने लगे हैं। यह संस्कारों की नहीं, अवसरवादिता की पीढ़ी है। जहां 'हमारी प्राथमिकताएं बदल गई हैं' जैसे वाक्य, रिश्तों की कब्र पर पत्थर बनकर रख दिए गए हैं। रिश्ते अब भावना से नहीं, सहूलियत से निभाए जाते हैं। कोई फोन करेगा तो बात होगी। कोई कहेगा तो आऊंगा। कोई मरेगा तो सोचूंगा। यही हमारी आधुनिक संस्कृति है, जो रिटायरमेंट के बाद मां-बाप को केवल एक खर्च या बोझ समझती है। क्या हम सोचते हैं कि हमारे बच्चों को हम जैसा ही व्यवहार मिलेगा? क्या जो आज बोया जा रहा है, वही कल काटा नहीं जाएगा? बेटों ने क्या सिर्फ इसलिए पढ़ाई की थी कि वे संवेदना से चूक जाएं? अगर शिक्षा केवल कैरियर और डॉलर कमाने तक सीमित रह जाए, तो वह एक आदर्श संतान नहीं, एक संवेदनहीन मशीन तैयार करती है। कर्नल साहब ने खुद को गोली नहीं मारी – उन्होंने एक घोषणा की थी। कि वह एक असफल पिता थे।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया ऑफिस, के-6बी, केवल पार्क एक्सटेंशन, दिल्ली - 33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आपातकाल विस्मृत न हो

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**अंग्रेजों** से आजाद होने के बाद भारत लोकतांत्रिक देश तो बन गया, लेकिन ठीक 25 साल बाद तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी की ओर से थोपी गई इमरजेंसी में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ गई थी। 25 जून 1975 की आधी रात में अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए इंदिरा ने तानाशाही का ऐसा नमूना पेश किया, जो उस पीढ़ी के लोग अब भी नहीं भूल पाए हैं। बीते साल 25 जून को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के तुरंत बाद ओम बिरला ने आपातकाल की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा, जिसमें आपातकाल को 'प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला' बताया गया। इस कदम के बाद सदन में कांग्रेस सांसदों ने विरोध किया। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि पांच दशक पुराने इस काले दौर का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए। संयोगवश, इंडिया ब्लॉक के सदस्यों ने एक दिन पूर्व 24 जून को सदस्य के रूप में शपथ लेते समय संविधान की प्रतियां उठाई थीं। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या कांग्रेस आपातकाल को सही मानती है या फिर यह चाहती है कि लोकतंत्र को कलंकित करने और संविधान का निरादर करने वाले इस तानाशाही भरे कदम का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए? क्या कांग्रेस कांग्रेस चाहती है कि आपातकाल पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। लेकिन आपातकाल के भुगतभोगी आम लोगों और नेताओं का मानना है कि अतीत की भूलों को विस्मृत करने से उनके दोहराए जाने का खतरा बढ़ जाता है। वास्तव में कांग्रेस और उसके नेता आपातकाल की गलती को स्वीकार नहीं करते। अगर वह अपनी गलती स्वीकार करते तो वह यह कहने की हिम्मत जुटाते कि 49 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से देश पर आपातकाल थोपने और राजनीतिक विरोधियों, मीडिया एवं जनता के खिलाफ दमन का चक्र चलाना एक भूल थी। क्योंकि पिछले कुछ समय से वह संविधान के खतरे में होने का फर्जी हौवा खड़ा कर उसके प्रति प्रतिबद्धता जताने में लगी हुई है। यह ठीक है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का संख्या बल बढ़ा है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वह दबे-छिपे स्वर में आपातकाल को सही ठहराने की कोशिश करती दिखने लगे। उसकी यह कोशिश तो आपातकाल के स्मरण को और अधिक आवश्यक ठहराती है।

## ओलंपिक दिवसः समरसता, साहस और सपनों की संकल्प-यात्रा

**जब** दुनिया की धड़कनें तनाव, विभाजन और असहिष्णुता की आँधी में थम-सी जाती हैं, तब एक लौ चुपके से जल उठती है– ओलंपिक की मशाल। यह सिर्फ़ आग नहीं, बल्कि मानवता का संकल्प है, जो सीमाओं को तोड़ता है, दिलों को जोड़ता है और एक स्वर में कहता है कि खेल सिर्फ़ मैदान की जीत नहीं, बल्कि जीवन की उड़ान है। 23 जून को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस इस ज्योति को हर दिल तक पहुँचाता है। यह दिन केवल खेलों का उत्सव नहीं, बल्कि समानता, साहस, समरसता और सपनों का महाकुंभ है। यह वह पल है जो हमें याद दिलाता है कि एक रेस में दौड़ने वाला हर इंसान, चाहे वह हारे या जीते, अपने भीतर की असीम संभावनाओं को जीत लेता है। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम न सिर्फ़ मैदान पर, बल्कि जीवन के हर मोड़ पर उत्कृष्टता, मैत्री और सम्मान के ओलंपिक मूल्यों को जियें। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 1948 में ओलंपिक दिवस की नींव रखी, जो 23 जून 1894 को बैरन पियरे डी कूबर्तिन द्वारा पेरिस के सोरबोन विश्वविद्यालय में देखे गए आधुनिक ओलंपिक के सपने से प्रेरित थी। यह सपना आज 200 से अधिक देशों को एक मंच पर लाता है, जहाँ खेल न केवल प्रतिस्पर्धा, बल्कि समानता, एकता और समावेशिता का प्रतीक है। 2025 की थीम 'खेल के मैदान को समान बनाना, सबको साथ लेकर चलना' इस भावना को और गहरा करती है, जो हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि का हो, को खेल के माध्यम से जोड़ने और सशक्त बनाने का आह्वान करती है। आईओसी का लक्ष्य खेल को हर जीवन का हिस्सा बनाना और इसके मूल्यों–सम्मान, मित्रता, उत्कृष्टता–को विश्व भर में फैलाना है। यह दिवस 'मूव, लर्न, डिस्कवर' के संदेश के साथ लाखों लोगों को प्रेरित करता है। 2024 की थीम 'लेट्स मूव एंड सेलिब्रेट' ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ मिलकर लोगों को रोजाना 30 मिनट की शारीरिक गतिविधि के लिए प्रोत्साहित किया, क्योंकि डब्ल्यूएचओ के अनुसार, 1.4 बिलियन लोग अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि के कारण मोटापा, डायबिटीज और हृदय रोग जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा में व्यापारी, उद्योग व आम जनता भय के साए में जी रहे है- बजरंग गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ** - हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने व्यापारी व उद्योगपतियों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि हरियाणा में व्यापारी, उद्योग व आम जनता भय के साए में जी रहे है। हरियाणा में हर रोज अपराधियों द्वारा फिरौती, मंथली, लूटपाट व हत्याओं की वारदातें खुलेआम हो रही है। सरकार हरियाणा मे अपराध को रोकने में पूरी तरह विफल सिद्ध हुई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सोनीपत, जीन्द, कुरुक्षेत्र, हांसी, पिजौर, पलवल, रोहतक, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पानीपत, नरवाना, करनाल, सिरसा आदि जगह पर व्यापारी व शराब कारोबारियों की हत्या करने, लूटपाट, फिरौती मांगने की वारदाते आम हो रही है। शराब, खनन, रेत व बिल्डर आदि काम करने वाले काम करने के ठेके लेते हुए डरते है। कोई भी टैंडर निकलता है उससे पहले अपराधियों का उन पर पैसें वसूली का फोन आ जाता है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार हरियाणा में कानून व्यवस्था को ठीक रखने में पूरी तरह विफल सिद्ध हुई है। अपराधी जेलों में बैठकर मोबाईल पर फिरौती व मंथली मांग रहे है और जेलों से ही अपनी गैंग चला रहे है। अपराधियों के पास जेलों में मोबाईल कहा से आए इसका मतलब यह है कि जेल प्रशासन अपराधियों से मिला हुआ है। कोई भी अपराधी जेल से मोबाईल करके फिरौती व मंथली मांगे तो सरकार को जेल प्रशासन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। सरकार अगर अपराधी पर जेलों मे ही कंट्रोल कर लेगी तो काफी हद तक हरियाणा में अपराध पर अंकुश लग जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में खुलेआम नशे का व्यापार फल-फुल रहा है। सरकार को नशे के व्यापार को खत्म करने के लिए कड़े से कड़े कदम उठाने चाहिए।

### डीटीपी कार्यालय का ड्राईवर एक लाख रिश्वत सहित गिरफ्तार



**फरीदाबाद**। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) द्वारा डीटीपी सेक्टर-12 में तैनात ड्राईवर को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 7 पी.सी. एक्ट, 1988 के तहत मामला दर्ज किया है। एसीबी प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि शिकायतकर्ता ने एसीबी फरीदाबाद को दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 2 जून, 2025 को वह डी.टी.पी. कार्यालय सैक्टर-12 फरीदाबाद में जाकर राहुल सिंगला, डी.टी.पी. से मिला। जिसने उसके मकान पर तोडफोड़ की कार्रवाई न करने का आश्वासन दिया। डी.टी.पी. को मिलने के बाद व वह डयूटी मैजिस्ट्रेट मुसफीक से मिला तो उसने उसके मकान की तोडफोड़ की कार्रवाई न करने बारे डी.टी.पी. कार्यालय में तैनात ड्राईवर इर्शाद से मिलाया और कहा कि इर्शाद ड्राईवर उसको सब कुछ समझा देगा। इसके बाद इर्शाद ड्राईवर के फोन नम्बर उसके ऑफिस में कार्यरत रजत के फोन आया। इर्शाद ने रजत से मेरे मकान की तोडफोड़ न करने की एवज में मिठाई लगने बारे तथा इस बारे अपने मालिक को बता देना बारे कहा गया। 21 जून 2025 को उसके द्वारा उसके कार्यालय में लगे रजत के फोन से इर्शाद ड्राईवर उपरोक्त को फोन किया। इस पर उसके द्वारा मकान की तोडफोड़ न करने की एवज में उससे मिठाई के कोड-वर्ड में रिश्वत की मांग की गई। वह मजबूरी वश एक लाख रू. रिश्वत राशि देने के लिये तैयार है। शिकायतकर्ता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुये एसीबी फरीदाबाद टीम द्वारा ड्राईवर इर्शाद, कार्यालय डी.टी.पी. को शिकायतकर्ता से एक लाख रू. नकद रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकरण में अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों की संलिप्तता बारे तफ्तीश जारी है। यह पूरी कार्यवाही स्वतन्त्र गवाहों के समक्ष पूरी पारदर्शिता के साथ की गई।

# आत्मरक्षा की ट्रेनिंग बच्चों को सशक्त और आत्मविश्वासी बनाती है: बड़ौली

**आह्वान**

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सोनीपत में युवाओं का उत्साहवर्धन किया और नशे से दूर रहने का आह्वान किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़, 22 जून**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि आत्मरक्षा की ट्रेनिंग बच्चों को सशक्त बनाती है जिससे बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होता है। उन्होंने कहा कि शारीरिक, आत्मिक व सामाजिक उन्नति के द्वारा ही बच्चे भविष्य में स्वयं का, समाज तथा राष्ट्र का विकास कर सकते हैं। श्री बड़ौली रविवार को सोनीपत के राई स्पोर्ट्स स्कूल में भारत लोक शिक्षा परिषद एवं खेल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ह्यह्यशक्ति वीर समापन समारोहह्लह्ल को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन किया और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर सोनीपत के मेयर राजीव जैन, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सेल्फ डिफेंस जैसे कार्यक्रमों से युवाओं खासकर बेटियों को आत्मरक्षा की शानदार ट्रेनिंग देकर उन्हें सशक्त और आत्मविश्वासी नागरिक के रूप में तैयार किया जा रहा है यह स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त और आत्मविश्वासी बनने के लिए, उन्हें अपनी क्षमताओं पर विश्वास करना होगा। श्री बड़ौली ने कहा कि शिक्षा ही युवाओं को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण साधन है।
मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि नायब सरकार खेलों को न केवल करियर के रूप में बल्कि जीवन शैली के रूप में भी बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्कूली स्तर पर खेलों को अनिवार्य बनाया जा रहा है।
भाजपा सरकार ने खेलों को बढ़ावा देकर हरियाणा को खेलों का हब बनाया है। भाजपा सरकार की नीतियों का परिणाम है कि हरियाणा के खिलाड़ी ओलंपिक में सबसे ज्यादा मेडल जीतकर ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा ग्रामीण स्तर पर खेल नर्सियां तैयार की गई हैं।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार बिना भेदभाव के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।

### महिला थाना इंचार्ज ने वाहन चालकों को यातायात के नियमों के बारे में किया जागरुक



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा...(रणबीर खटक)....**
सिरसा महिला थाना इंचार्ज ने आज थाना शहर सर सिरसा व अन्य जगहों पर पहुंचकर आम जन को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत तेज गति से वाहन न चलाए,क्योकिं ऐसा करने से अक्सर दुर्घटनाएं हो जाती है, और परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । दुपहिया या चौपहिया वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें क्योंकि आपकी थोड़ी सी लापरवाही से किसी की जान जोखिम में जा सकती है । उपस्थिति लोगों से कहा कि सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं मोटरसाइकिल या दुपहिया वाहनों से हो रही है,इसलिए निर्धारित गति सीमा में ही अपने वाहन को चलाएं और खुद सुरक्षित रहें तथा दूसरों को भी सुरक्षित रखें तथा बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन नहीं चलाना चाहिए । उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना दिल से करनी चाहिए न कि पुलिस के भय से,क्योंकि यातायात नियमों की पालना कर हम किसी के बहुमूल्य जीवन को बचा सकते है इसलिए हमें यातायात नियमों की पालना करनी चाहिए और दूसरों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना चाहिए ।

### जींद : समाज में युवाओं का अहम योगदान: तेजेंद्र ढुल

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
जुलाना स्थित परशुराम धर्मशाला में रविवार को युवा सम्मान सम्मेलन का युवा क्रांती दल के संयोजक संग्राम सिंह राणा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल ने शिरकत की। इसके अलावा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के पुत्र विरेंद्र बडौली, केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के पुत्र करण प्रताप सिंह, ग्रामीण विकास बैंक हरियाणा के चेयरमैन अमरपाल राणा के पुत्र अजय राणा ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की।

## राजस्थान का मोस्ट वांटेड अपराधी इन्द्रजीत गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा (रणबीर खटक)**
जिला सिरसा पुलिस की अपराध जांच शाखा को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। नकली अंग्रेजी शराब व बीयर बनाने और सप्लाई करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के मुख्य सरगना एवं राजस्थान के मोस्ट वांटेड अपराधी इन्द्रजीत उर्फ इंद्र पुत्र दिलबाग सिंह निवासी मेहूवाला, हाल भट्ठूकलां को उक्अ सिरसा द्वारा गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहाँ से उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। गिरफ्तारी मुकदमा नंबर 49 दिनांक 21.03.2025 थाना नाथूसरी चौपटा के तहत की गई, जिसमें आरोपी के खिलाफ धारा 61(1)(उ), 63अ, 72अ/4/2020 ए अूइ (संशोधित विधेयक 2020) तथा इठर की धाराएं 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2) लागू की गई हैं। इस मामले में पहले ही 1638 पेटी नकली अंग्रेजी शराब व बीयर, दो कैन्टर वाहन, एक पिकअप, तथा नकली शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण, खाली बोतलें, रैपर व अन्य सामग्री बरामद की जा चुकी है। उक्अ सिरसा प्रभारी उप निरीक्षक प्रेम कुमार ने बताया कि आरोपी इन्द्रजीत एक शातिर व दुर्दांत अपराधी है, जिसके विरुद्ध राजस्थान के भट्ठूकलां, हनुमानगढ़ व बीकानेर जिलों में हत्या, लूट, गिरोहबंदी जैसे गंभीर अपराधों के 8 से अधिक मामले दर्ज हैं।

- 2012: आदमपुर क्षेत्र में पिस्तौल की नोक पर 2.60 लाख की लूट
- 2013: भट्ठू मंडी में शराब ठेके पर फायरिंग
- 2014: गोगामेड़ी (राजस्थान) में विकास बान्दर की हत्या
- 2015: फेफाना (राजस्थान) में लूट की योजना बनाना
- 2015: भट्ठूकलां क्षेत्र में झगड़ा
- 2016: बीकानेर (राजस्थान) में पेट्रोल पंप से 60 लाख की लूट
- 2016: भट्ठू मंडी में सुभाष वासी खेड़ी की हत्या
- 2016: तारानगर (राजस्थान) में ?50,000 की लूट

पुलिस हिरासत अवधि के दौरान आरोपी से सघन पूछताछ की जा रही है।

### झज्जर जिला को डीएसआर योजना में शामिल करने की मांग

**झज्जर/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान संघ ने धान उत्पादक किसानों को उचित लाभ पहुंचाने के लिए झज्जर जिला को भी डीएसआर योजना में शामिल करने और पिछले रबी के सीजन में खेती को हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है।भारतीय किसान संघ जिला झज्जर की बैठक रविवार को ग्वालिसन गांव में जिला अध्यक्ष धर्मवीर गुलिया की अध्यक्षता और प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिला अध्यक्ष धर्मवीर गुलिया ने बैठक में मौजूद जिला व खंड के कार्यकताओं को ग्रामसमितियों के खंड स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग लगाने बारे बताया ओर कार्यक्रम तय किए। जिला उपाध्यक्ष रवींद्र धनखड़ को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार डीएसआर विधि से धान की बुवाई करने पर किसान को 4500 रुपये देती है। लेकिन झज्जर जिला को इस स्कीम से बाहर रखा हुआ है, जबकि झज्जर जिले में डीएसआर के तहत धान बोने वाले किसानों की संख्या हजारों में है। इसलिए झज्जर जिला के किसानों को भी इस योजना का लाभ अवश्य मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि पिछले रबी सीजन में गेहूं की फसल में काफी नुकसान किसान को हुआ था जिसके लिए सरकार ने नुकसान पूर्ति पोर्टल भी खोला था मगर आज तक भी किसान को कुछ नहीं मिला है।

## सदियों बाद कलायत में फकीर बाबा नौगाजा पीर धार्मिक स्थल पर मुर्गा चढ़ाने पर रोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**रणदीप धानियां,कलायत।**
**सदियों** बाद कलायत के वार्ड एक स्थित प्राचीन फकीर बाबा नौगजा पीर धार्मिक स्थल पर मुर्गा चढ़ावे पर रोक लगाने की पहल हुई है। धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार पर मुर्गा चढ़ाना सख्त मना है का संदेश देने के लिए पोस्टर भी चस्पा किए गए हैं। इसके साथ ही इस स्थल पर शराब व अन्य नशीले पदार्थ लेकर आने की भी मनाही रहेगी। यह बड़ा फैसला धार्मिक स्थल के मुख्य महंत मुनि महाराज ने लिया है। उनका कहना




है कि गहनता से अध्ययन करने पर जो जानकारी मिली है उसके अनुसार बाबा नौगजा पीर न तो मुर्गा खाते थे और न इसे पालते थे। अंधविश्वास का अंधेरा फैलाने के लिए कहीं न कहीं पांखडि?ों ने पूजा स्थल पर मुर्गा चढ़ाने की प्रथा को शुरू किया। जीव हत्या और नशा को बढ़ावा देना पूरी तरह गलत है। इसलिए सदियों पुरानी परंपरा को तोड़ते हुए प्रसिद्ध फकीर नौगजा पीर धार्मिक स्थल पर मुर्गा चढ़ावे पर रोक लगा दी गई है। यह न केवल जीव हत्या के खिलाफ एक बड़ा कदम है बल्कि पाखंड से मुक्ति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महंत मुनि महाराज ने कहा कि फकीर बाबा नौगजा पीर धार्मिक स्थल को सर्व धर्म एकता का प्रतीक माना जाता है। कोई भी मजहब न तो आपस में वैर रखना सिखाता और न ही बुराई के प्रति प्रेरित करता है। उन्होंने श्रद्धालुओं और समाज के लोगों से अपील की कि वे सच्ची आस्था के साथ धर्मस्थल पर आएं। धर्म स्थल व समाज में हिंसा और पाखंड का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। वर्षों से इस दरगाह पर लोग अपनी मन्नतें पूरी होने के बाद मुर्गा चढ़ाते आए हैं। अब इस परंपरा को समाप्त कर दिया गया है। मुनि महाराज ने समाज में फैले नशे के खिलाफ भी अलख जगाने का संकल्प लिया है।
उन्होंने कहा कि नशा आज के युवाओं को खोखला कर रहा है। समाज को गर्त की तरफ ले जा रहा है। वे आने वाले समय में विभिन्न गांवों और नगरों में जनजागरूकता अभियान चलाएंगे। युवाओं को नशा छोड? के लिए प्रेरित करेंगे। इस पहल को स्थानीय समाजसेवियों, युवाओं और श्रद्धालुओं का भी समर्थन मिल रहा है। कई लोगों ने कहा कि यह बदलाव समय की मांग थी। अब धार्मिक स्थल को सचमुच एक शांतिपूर्ण और आध्यात्मिक केंद्र बनाया जा सकेगा।

## विकसित भारत 2047 सम्मेलन का आयोजन करेगा एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्र स्तरीय विकसित भारत 2047 सम्मेलन का आयोजन 27 जुलाई को किया जाएगा, जिसके अंतर्गत राष्ट्र रत्न अवॉर्ड समारोह भी होगा।
नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि भारत देश विकसित देश बनने की राह की ओर अग्रसर है, जिसमें आमजन की भागीदारी अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने से पहले देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना अति आवश्यक है जिसके



लिए एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। लड़ाई लंबी हैं, लेकिन असंभव नहीं।
उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा रविवार 27 जुलाई को राष्ट्र स्तरीय विकसित भारत 2047 सम्मेलन का राष्ट्रीय समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसका शीर्षक विकसित भारत में आमजन एवं युवाओं की भागीदारी रहेगा। इस अवसर पर विजन विकसित भारत 2047 की जागरूकता में विशेष योगदान देने वाली शख्सियतों को राष्ट्र रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। भ्रष्टाचार मुक्त भारत की नींव पर ही विकसित भारत का विजन साकार होगा।
उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य भारत को उसकी आजादी के 100वें वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है। इस दृष्टिकोण में विकास के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है

### पानीपत में युवक पर नाबालिग लड़की को भगाने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत**
पानीपत के गांव शाहपुर स्थित एक फैक्ट्री से नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने 22 वर्षीय युवक पर लड़की को बहला-फुसलाकर भगा कर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने परिवार की शिकायत पर अपहरण का केस दर्ज कर लड़की व आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार एक परिवार ने थाना इसराना में शिकायत दर्ज कराई है। पिता के अनुसार वह एक महीने पहले अपने परिवार के साथ पानीपत आए थे।

## अनंतराम की अध्यक्षता में महापंचायत का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** समालखां शहर की अनाज मंडी में सर्व समाज के सहयोग से अखिल भारतीय गुर्जर समाज सर्वसंगठन व सभाओं द्वारा आयोजित गुर्जर महापंचायत के बैनर तले राष्ट्रीय अध्यक्ष अनंतराम की अध्यक्षता में एक महापंचायत आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनंतराम तंवर का महापंचायत में पहुंचने पर पगड़ी पहनाकर कर जोर दार स्वागत किया गया। महा पंचायत में देश के विभिन्न राज्यों उत्तर प्रदेश, राजिस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़, मध्यप्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड आदि राज्यों से समाज के प्रतिनिधियों नें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अनन्तराम तंवर नें जानकारी देते




हुए बताया कि समालखा अनाज मंडी में सर्व समाज के सहयोग आयोजित गुर्जर महापंचायत में पूर्व विधायक धर्मसिंह छौक्कर को ईडी के अधिकारी द्वारा अपमानित करने का जो कार्य किया था। उससे समाज में बहुत भरी रोष है। समाज की मांग है कि उक्त ए.ऊ. अधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए उसे नौकरी से बर्खास्त किया जाए। अगर सरकार हमारी मांग पर विचार नहीं करती है तो समाज भविष्य में रणनिति बनाकर दिल्ली की कुच करने को मजबूर होगा। उसकी जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी ।
इसी कड़ी में समाज के प्रतिनिधियों के द्वारा एक ज्ञापन डीसी के मार्फत राष्ट्रपति के नाम उन्के प्रतिनिधि को सौपा गया।
इस अवसर पर कुरुक्षेत्र प्रधान ऋषिपाल कसाना, पूर्व प्रधान नरेश आर्य प्रकाश राठी, नारायणगढ़ प्रधान सतपाल सिंह, पूर्व प्रधान चौधरी धर्मपाल सिंह, जिला अध्यक्ष शरणजीत सिंह, कपाल मोचन प्रधान अरुण कुमार, शरणजीत सिंह, एडवोकेट नरेंद्र गुर्जर, गुर्जर सम्राट मिहिर भोज गुरुकुल यमुनानगर जगाधरी मोहनलाल जयरामपुर, गुर्जर धर्मशाला के अंतर्गत प्रधान सुरेश कुमार क्योंड़क, गुर्जर सभा भिवानी से मांगेराम रामरतन गुर्जर, प्रधान अजीत सिंह, गुज्जर भवन हिसार सुभाष चावड़ा, अलीशेर गुज्जर, हांसी से रविंद्र उर्फ गुड्डू गुर्जर, गुज्जर भवन नांगल चौधरी से सतीश रावल, मिसरु नंबरदार, डा. सुरेंद्र गुर्जर आदि नें ईद को आड़े हाथों लेते हुए पूर्व विधायक धर्मसिंह छौक्कर के लिए न्याय की मांग की। इस दौरान पूर्व विधायक धर्मसिंह छौक्कर के भाई कंवरसिंह छौक्कर नें भी आए हुए मेहमानो का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## खेलों से जुड़ेंगे बच्चे, नशा खुद ब खुद होगा दूर: एसीपी सुरेन्द्र डूडी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला/ 22 जून:मैनपाल :-** पंचकूला पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान को अब सामाजिक संस्थाओं का भी समर्थन मिलने लगा है। इसी क्रम में स्वर्गीय श्रीमती शकुंतला देवी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट ने ह्यखेल खिलाओ झ्र नशा भगाओह्ल नामक अभियान की शुरूआत की है, जिसकी थीम है झ्र एक युद्ध नशे के विरुद्ध।
इस पहल की शुरूआत खड़क मंगोली क्षेत्र से की गई है, जहां गत वर्ष पंचकूला पुलिस ने एक विशेष पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत एक मैदान को नशा विरोधी गतिविधियों हेतु विकसित किया था। दुर्भाग्यवश, उस स्थान को कुछ समय बाद स्थानीय लोग



पार्किंग के रूप में इस्तेमाल करने लगे थे। अब इसी स्थान को पुनः सक्रिय कर, ट्रस्ट द्वारा बच्चों के लिए खेल गतिविधियों का केंद्र बनाया गया है। ट्रस्ट ने पंचकूला पुलिस के सहयोग से 7 से 15 वर्ष तक की आयु के बच्चों को खेलों से जोड़ने की पहल शुरू की है। मौके पर मौजूद बच्चों को खेल सामग्री के साथ-साथ 28 बच्चों को जूते भी वितरित किए गए हैं ताकि वे आत्मविश्वास से खेलों में भाग ले सकें और नशे से दूर स्वस्थ जीवन की दिशा में अग्रसर हों।
इस अवसर पर एसीपी सुरेन्द्र डूडी, थाना सेक्टर-7 प्रभारी सब-इंस्पेक्टर राहुल, पुलिस चौकी सेक्टर-1 के प्रभारी सब-इंस्पेक्टर राम मेहर, ट्रस्ट के संस्थापक मनोज, सदस्य लवलीन, इंदू, प्रवीन सहित अनेक वालंटियर्स और स्थानीय लोग मौजूद रहे।
एसीपी सुरेन्द्र डूडी ने अपने संबोधन में कहा, "पुलिस और समाज जब मिलकर किसी सामाजिक बुराई के खिलाफ कदम उठाते हैं, तो परिणाम अत्यंत प्रभावी होते हैं। हम स्व. श्रीमती शकुंतला देवी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के इस नेक प्रयास का स्वागत करते हैं और विश्वास दिलाते हैं कि पंचकूला पुलिस इस मुहिम में हरसंभव सहयोग करेगी। बच्चों को खेलों से जोड़कर नशे के विरुद्ध लड़ाई को जमीनी स्तर पर लड़ा जा सकता है, और यह पहल उसी दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।"
पंचकूला पुलिस द्वारा लगातार नशा तस्करी व इसके प्रभावों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है। अब जब समाज के जागरूक नागरिक और संस्थाएं भी इस अभियान में भागीदार बन रही हैं, तो यह लड़ाई और अधिक सशक्त होती जा रही है।

## मोदी के नेतृत्व में देश विकास, नवाचार और जन कल्याण के नए आयाम कर रहा स्थापित: कबीरपंथी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की नई ऊंचाइयां छू रहा है। पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने देश की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, गरीब कल्याण और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को एक नई पहचान दी है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ रहा है।
नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी आज गांव बराना, बैरसाल व रायपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र




सरकार के 11 सफल वर्ष पूरे होने पर आयोजित संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने विकास, पारदर्शिता और सुशासन की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति की है। हर वर्ग के हित को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ पंक्ति में अंतिम खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को घर.घर तक पहुंचाएं।

न्यूज फ्लैश

## स्वामी रामदेव से प्रेरित होकर योग करने से मिलती है अद्भुत शक्ति: रवि बारना



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** शनिवार को आयोजित राजकीय योग दिवस के अवसर पर बारना गांव के एक युवक रवि बारना ने 50 किलो का सीमेंट का कट्टा दांतों में फंसा कर हजारों लोगों के सामने उठा कर प्रदर्शन किया' स्वामी रामदेव ने बताया कि रवि के दांत बहुत मजबूत है रवि ने पहले भी अपने दांतों से कई बार वजन उठाया है' रवि ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा बाबा रामदेव एवं आचार्य बाल कृष्ण की प्रेरणा से वो यह काम करने में समर्थ हुए है' उन्होंने कहा की आज योग दिवस के अवसर पर उन्हें बाबा के प्रयासों से आज इतने बड़े मंच पर बड़े लेवल पर उनको शक्ति प्रदर्शन करने के लिए आशीर्वाद दिया' रवि ने कहा कि वह बहुत समय से योग करता आ रहा है और इससे मानसिक और शारीरिक बल मिलता है और 50 किलों का वजन उठाना उसके मजबूत दांतों के लिए मामूली सी बात है और ये कमाल योग के साथ साथ खानपान को जाता है' रवि ने बताया की वो अपने खेतों में प्राकृतिक खेती करता है और उसी के उत्पाद अपने घर में प्रयोग करता है और देसी संस्कृति को मानता है' रवि ने बताया की वो खुद आयुर्वेदिक वस्तुओं का उपयोग करता है और आमजन को भी प्रेरित करते है की स्वदेशी का इस्तमाल करें' योग मंच से बाबा रामदेव ने रवि के दांतों की मजबूती का मुख्य कारण भी यही बताया की योग से शारीरिक मजबूती मिलती है' स्वामी रामदेव ने बताया की रवि पतंजलि से वर्षो से जुड़ा है और आज के आयोजन के लिए रवि ने घर घर जाकर प्रचार किया और जो भी ड्यूटी लगाई जाती है उसको दिल से करने का मौका नहीं चूकते' कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुभाष सुधा समेत सभी गणमान्य लोगों ने रवि की भूरी भूरी प्रशंसा की और उसके इस कार्य पर हैरानी भी जताई और आशीर्वाद दिया इस अवसर पर डॉ प्रवीण शर्मा प्रिंसिपल का भी आभार जताया जिनकी लगातार प्रेरणा से आज का ये कार्य सफल हुआ

## उपमंडल स्तर पर कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों की शुरूआत- विश्वास मलिक

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला :** जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् के तत्वावधान में लघु बाल भवन, नारायणगढ़ की स्थापना उपमंडल मुख्यालय के लघु सचिवालय की द्वितीय मंजिल पर की जा रही है। यह पहल हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी व मानद महासचिव डॉ. सुषमा गुप्ता के दिशा-निर्देश में कि जा रही है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में 1 जुलाई 2025 से लघु बाल भवन, नारायणगढ़ में कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों की शुरूआत की जा रही है, जो नारायणगढ़ क्षेत्र की गरीब एवं अन्त्योदय परिवारों से आने वाली बहन-बेटियों व अन्यों के लिए वरदान साबित होगी। इन कोर्सों के माध्यम से अभ्यर्थियों के कौशल विकास के तहत संबंधित कोर्स की प्रैक्टिकल जानकारी देकर उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा, जोकि उन्हें आत्मनिर्भर व सशक्त भविष्य की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# देश की तरक्की के लिए हर व्यक्ति का स्वस्थ रहना जरूरी: राजेन्द्र

सेवानिवृत खंड शिक्षा अधिकारी वर्तमान योगासन खेल संघ अध्यक्ष राजेन्द्र भारद्वाज ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

योगासन

प्रत्येक व्यक्ति को साइकिलिंग को अपने जीवन की दिनचर्या में शामिल करना होगा: राजेन्द्र भारद्वाज



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी वर्तमान योगासन खेल संघ अध्यक्ष राजेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि देश की तरक्की के लिए हर व्यक्ति का स्वस्थ होना जरूरी है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को साइकिलिंग को अपने जीवन की दिनचर्या में शामिल करना होगा। जो व्यक्ति रोजाना साइकिलिंग करेगा, वह हमेशा स्वस्थ रहेगा। सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी वर्तमान योगासन खेल संघ अध्यक्ष राजेन्द्र भारद्वाज कुरुक्षेत्र में भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा फिट इंडिया साइकिल रैली के दौरान बोल रहे थे। इससे पहले सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी वर्तमान योगासन खेल संघ अध्यक्ष राजेन्द्र भारद्वाज, भारतीय खेल प्रशिक्षण के सहायक निदेशक बाबू राम रावल, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार,डीआईपीआरओ डा.नरेंद्र सिंह, पूर्व जिला खेल अधिकारी यशबीर सिंह, पूर्व हॉकी चीफ कोच श्री गुरविंदर सिंह,सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक मान सिंह,कुलदीप सिंह द्वारा साइकिल रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रैली में 25 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया है। सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी वर्तमान योगासन खेल संघ अध्यक्ष राजेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि यह साइकिल रैली द्रोणाचार्य चौक, शहीद उधम सिंह, सर्किट हाउस से जिंदल चौक से और वापस साई कुरुक्षेत्र पर पहुंची। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस प्रकार के कार्यक्रमों के साथ लोगों को जोड़ कर जिंदगी प्रांगण तक लाना और मायाराम जैसे कार्यक्रमों के साथ जोड़ना है। जब देश का प्रत्येक नागरिक अपने स्वास्थ्य की चिंता करते हुए साइकिलिंग या अन्य खेलों की तरफ आगे बढ़ेगा तो निश्चित देश के नागरिक स्वस्थ होंगे और स्वस्थ होकर देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकेगा। भारतीय खेल प्रशिक्षण के सहायक निदेशक बाबू राम रावल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से की युवा पीढ़ी को नशे जैसी बुराइयों से दूर ले जाने के लिए, खेलों की तरफ आकर्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। अभी हाल में ही हरियाणा प्रदेश में एक साइकिल रैली का आयोजन करके देश को नशा मुक्त बनाने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही युवाओं को खेल के मैदान तक लाने का प्रयास किया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि साई की तरफ से फिट इंडिया अभियान के तहत यह साइकिल रैली निकाली गई है। इस साइकिल रैली को लेकर युवाओं के उत्साह देखा जा रहा है।

## 'भाजपा सरकार की नीतियों से किसान, कमेरा वर्ग परेशान'





टीम एक्शन इंडिया
गोहाना, नरेश शर्मा
संगठन के दम पर इनैलो करेगी सता में वापसी इंडियन नेशनल लोकदल ने बरोदा हलके में पार्टी की विचारधारा और जनसंघर्ष आधारित राजनीति को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को हुई। यह बैठक गोहाना बरोदा मोड़ स्थित इनेलो कार्यालय पर हलका अध्यक्ष सुरेंद्र सिरसाढ़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियों से हरियाणा का किसान, मजदूर, व्यापारी और युवा वर्ग स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने युवाओं के साथ सबसे बड़ा धोखा किया है और कानून व्यवस्था की हालत सोनीपत जिले में बद से बदतर होती जा रही है। गहलावत ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने में असफल रही है और भाजपा की बी टीम बनकर रह गई है।

बैठक

सरकार की नीतियों से हरियाणा का किसान, मजदूर, व्यापारी और युवा वर्ग स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहा

## सिटी पार्क व शास्त्री पार्क में चलाया पौधा रोपण अभियान



**सोनीपत:** जनहित अभियान फाउंडेशन के द्वारा सिटी पार्क व शास्त्री पार्क में चलाया पौधा रोपण अभियान। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज की मुहिम में फलदार व छायादार बेलगारी आंवला के 10 पौधे लगाए और सभी से निवेदन किया अभी बारिश के मौसम में सभी अधिक से अधिक पौधे लगाए और जब तक वह पेड़ नहीं बन जाते उनकी देखभाल करे। ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। इस अवसर पर अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, फौजी राजसिंह गहलावत, रविंद्र हुड्डा,पंडित श्री भगवान,सोना देवी,रंजीत माली आदि उपस्थित रहे।

## वार्ड का नाम डॉ. भीमराव अंबेडकर नगर करने पर जताया आभार

नामकरण

शहर के वार्ड नंबर 13 का नाम अब 'भीमराव अंबेडकर नगर' कर दिया गया है



टीम एक्शन इंडिया
**रादौर/(कुलदीप सैनी) :** शहर के वार्ड नंबर 13 का नाम अब 'भीमराव अंबेडकर नगर' कर दिया गया है। इस निर्णय पर वार्ड की भीमराव अंबेडकर महासभा ने नगरपालिका चेयरमैन रजनीश मेहता व वार्ड पार्षद ऋषिपाल नंबरदार का आभार जताया है। सभा अध्यक्ष हरविंदर रादौर के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने लड्डू बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर राजपाल, बलवंत, पवन, संजू, विक्रम, मनीष, अभी, साहिल, सुखविंदर, सिद्धार्थ, गुरुसिमरन, अमित, शुभम, सूरज, सोनू सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

# भारतीय योग संस्थान को किया गया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा योग आयोग के कर्मठ एवं ऊर्जावान चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य जी के निर्देशन में 21 जून को कुरुक्षेत्र में आयोजित 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अति भव्य राज्य स्तरीय समारोह में कुरुक्षेत्र सहित पूरे हरियाणा प्रदेश में योग दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा सरकार एवं स्थानीय प्रशासन को सराहनीय सहयोग देने व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए भारतीय योग संस्थान को माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा, नायब सिंह सैनी जी द्वारा सम्मानित किया गया। संस्थान की ओर से जिला प्रशासन द्वारा प्रदत्त यह सम्मान प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार ने मुख्यमंत्री के हाथों प्राप्त किया । सम्मान प्राप्त करने के पश्चात प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने कहा कि इस सामान का श्रेय संस्थान के हरियाणा प्रांत के उन सभी निष्ठावान साधक-साधिकाओं को जाता है जो नित्य प्रति सुबह-शाम निष्काम भाव से आमजन को निशुल्क योग साधना करवा कर संस्थान के ध्येय वाक्य जीओ और जीवन दो को सार्थक करने के कार्य में लगे हैं । उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे प्रदेश में जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जून माह के आरंभ से ही संस्थान के निशुल्क योग साधना केन्द्रों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया जा रहा था ।



सम्मान

योग साधना करवा कर संस्थान के ध्येय वाक्य जीओ और जीवन दो को सार्थक करने के कार्य में लगे हैं

## जेएमआईईटीआई में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**रादौर/(कुलदीप सैनी) :** जेएमआईईटीआई में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ताड़ासन, वज्रासन व त्रिकोणासन जैसे योगाभ्यासों से हुई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ संकाय सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी व स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग सत्र के उपरांत विशेषज्ञों ने योग के महत्व पर व्याख्यान दिया और इसे दैनिक जीवन में अपनाने की सलाह दी। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए सभी को इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।



# योग दिवस पर पुलिस कर्मचारियों ने योग के साथ दिया नशामुक्ति का सन्देश

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद और अलर्ट रही। एक और पुलिस ने जहां सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सम्भाला वहीं योग कार्यक्रम में प्रदेशभर से पहुंचे योग साधकों को पुलिस कर्मचारियों ने नशामुक्ति का सन्देश दिया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार को कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम मनाया गया जिसमे महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री हरियाणा, योग गुरु बाबा रामदेव ने शिरकत की। कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने 20 जून की अर्ध रात्रि से मोर्चा सम्भाल लिया था। कड़ी सुरक्षा की बीच कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान पुलिस के जवान एक जहां सुरक्षा और यातायात व्यवस्था संभालते नजर आए वहीं दूसरी और कुछ जवानों के हाथों में नशामुक्ति का सन्देश देते पोस्टर दिखाई दिए।





## विदेश भेजने के नाम पर सात लाख की ठगी का आरोप

**रादौर/(कुलदीप सैनी) :** गांव बुबका निवासी युवक पर दो युवकों ने विदेश भेजने के नाम पर करीब सात लाख रुपए की ठगी करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपित ने न तो उन्हे विदेश भेजा और न ही उनके पैसे वापिस किए। पैसे वापिस मांगने पर उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जुब्बल निवासी सोमकुमार ने बताया कि गांव बुबका निवासी अभिषेक को मेरे बेटे अंकित व हमारे पड़ोसी लक्ष्य के साथ इंस्टाग्राम पर बातचीत हुई थी।

# सत्य और स्नेह की प्रतीक थी जगदम्बा सरस्वती

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारीज की प्रथम प्रशासनिक प्रमुख मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती (माँ) के 60वें स्मृति दिवस पर ब्रह्मा कुमारी राजयोग केंद्र दयाल बाग, शांति धाम, ब्रह्माकुमार-कुमारियों ने एकत्रित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दिवस को आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया।

अंबाला सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी बी.के. आशा दीदी जी ने कहा कि "मम्मा यज्ञ के आदि रत्नों में सबसे श्रेष्ठ रत्न हैं, जो पवित्रता और निस्वार्थ प्रेम की प्रतिमूर्ति थीं। उनके चेहरे पर मातृवत प्रेम झलकता था और वे सभी के लिए उच्च दृष्टि रखती थीं तथा उन्हें आत्मसम्मान में रहने में मदद करती थीं। यद्यपि वे बहुत छोटी थीं, फिर भी सभी उन्हें हृदय से "मम्मा" कहते थे, यहाँ तक कि उनकी अपनी माँ भी। उनकी पवित्र शक्तिशाली दृष्टि कई लोगों के हृदय को पिघला देती थी। उन्होंने कई लोगों को नया जीवन दिया। कई लोगों को उनकी दृष्टि से ही नई स्वर्णिम दुनिया के दिव्य दर्शन हुए।



याद किया

अपनी माँ और मौसी के जीवन में परिवर्तन का चमत्कार देखकर, राधे उनके साथ गीता सत्संग में जाने लगी

राधे की माँ और मौसी अपने पतियों को खो चुकी थीं और घर पर शोक मना रही थीं, तभी उन्होंने गीता सत्संग में जाना शुरू किया, जहाँ दादा लेखराज गीता के श्लोकों का सार समझाया करते थे। अपनी माँ और मौसी के जीवन में परिवर्तन का चमत्कार देखकर, राधे उनके साथ गीता सत्संग में जाने लगी।

# 'स्वयं और समाज के लिए योग' की आवश्यकता विषय पर किया कार्यक्रम

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र,:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय विश्व शांति धाम सेवा केंद्र में 'स्वयं और समाज के लिए योग' की आवश्यकता विषय पर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मातृभूमि सेवा मिशन के अध्यक्ष श्री प्रकाश मिश्रा, रामनिवास शर्मा, सेंटर इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन, बी.के राधा बहन और योग शिक्षक अशोक गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि श्रीप्रकाश मिश्रा अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था ने राजयोग पर जो कार्य किया, उससे लाखों लोग राजयोग सीख कर स्व: परिवर्तन से विश्व परिवर्तन का कार्य कर रहे हैं। समाज में अनेक समस्याएं आई, सभ्यता, संस्कार, संस्कृति में भी समय-समय पर बदलाव आए। उन्होंने कहा कि महाभारत काल से देखे, तो भारत की सभ्यता संस्कृति कितनी विशाल थी। श्री कृष्ण ने भी अर्जुन को इसी राजयोग का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि आज चिंतन का विषय है कि कौन-सा योग किया जाए? आज विश्व में समाज, सरकार, संस्थाओं द्वारा योग दिवस मनाया जा रहा है। यदि हम सभी सरकार के साथ भागीदार नहीं होंगे, तो समाज का सुधार नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आज योग दिवस पर हम सब संकल्प लें कि राजयोग के पालन से स्व: का निर्माण करेंगे, तभी समाज का निर्माण होगा। राजयोग हमें अंतर्मुख झांकने की प्रेरणा देता है और योग हमें बहिर्मुख। उन्होंने सभी को योग दिवस की मंगल कामनाएं देते हुए राजयोग से राम राज्य की स्थापना होगी, ऐसी कामना की। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने शारीरिक और मानसिक व्यायाम दोनों को स्वास्थ्य के लिए जरूरी बताया। उन्होंने बताया कि संकल्प शक्ति बढ़ी है और बुद्धि विचार ने की शक्ति से हमारे संस्कार बनते हैं। जब आत्मिक स्थिति में स्थित होकर बैठते हैं, तो बहिर्मुखता समाप्त हो जाती है। राजयोग से हम शक्तिशाली बन कर परमात्मा से जुड़ते हैं, जिससे आत्मा तंदुरुस्त बनती है। योग का महत्व बताते हुए कहा कि अनुलोम विलोम करने से शरीर तंदुरुस्त रहता है, परंतु शुरू शुरू में मुश्किल लगता है।



चर्चा

राजयोग पर जो कार्य किया, उससे लाखों लोग राजयोग सीख कर स्व: परिवर्तन से विश्व परिवर्तन का कार्य कर रहे हैं

## हेरमैन सिटी ने मनाया योग दिवस

योगाभ्यास

कार्यक्रम में जीजी ओपन स्कूल की प्राचार्या डॉ. सुजिता गुप्ता को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** कुमन वेलफेयर सोसाइटी एवं रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन , सेक्टर-42, एटीएफएल, हेरमैन सिटी के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिति में डब्लूडब्लूएस की उपाध्यक्ष परविंदर कौर, महासचिव जयमाला, एवं दीपाली बंसल उपस्थित रहीं। वहीं आरडब्लूए की ओर से अध्यक्ष वजिंदर शर्मा, महासचिव भूपिंदर सिंह राणा, एवं कोषाध्यक्ष वरुण गुप्ता ने आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में जीजी ओपन स्कूल की प्राचार्या डॉ. सुजिता गुप्ता को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। उन्होंने उपस्थित सभी निवासियों को योग के दैनिक जीवन में महत्व के बारे में प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। सेक्टर-42 के सभी निवासियों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़ कर भाग लिया और सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। इस अवसर पर वरुण गुप्ता एवं दीपाली बंसल ने योग सत्र का सफल संचालन किया।यह कार्यक्रम सामाजिक एकता, स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल रही।

# हल्के के विकास के लिए पीछे नहीं हटती, बस उन्हें जनहित की समस्या का पता लगना चाहिए: गहलावत

**शुभारंभ**

**नगर निगम पार्षद पुनीत राई ने विधायक कृष्णा गहलावत का ग्रामीणों के साथ किया जोरदार स्वागत**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई** । नगर निगम के वार्ड नंबर 8 गांव राई में रविवार को विधायक कृष्णा गहलावत ने एक करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से फिरनी के कार्य, 16 लाख रुपए की लागत से पार्क की डेवलपमेंट , 35.50 लाख रुपए की लागत से छटपूजा घाट का निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। नगर निगम मेयर राजीव जैन भी शुभारंभ कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक कृष्णा गहलावत व नगर निगम मेयर राजीव जैन का भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने फूलमालाओं से स्वागत किया । विधायक कृष्णा गहलावत ने संबोधित करते हुए कि गांव में पार्क विकसित होने के बाद लोगों को खुले वातावरण में घूमने के लिए जगह मिलेगी। उनका प्रयास है कि राई गांव के महिला व पुरुष सुबह सुबह व शाम को पार्क में घूमकर अपना स्वास्थ्य बेहतर बनाएं । गांव में लोगों के घूमने के लिए पार्क की बहुत जरूरत थी। गांव के तालाब के पास छठ पूजा के लिए घाट का निर्माण होने से जहां प्रवासी मजदूरों को अपने पर्व पर पूजा के लिए सुविधा होगी। वही छठ पूजा के लिए अब कहीं जाने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा । करोड़ों रुपए की लागत से जब फिरनी का निर्माण पूरा हो जाएगा तो गांव का सौंदर्यकरण बढ़ेगा। वहीं लोगों को आवागमन के लिए भी सुविधा होगी। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि राई हल्के का विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है। जिस काम को करने से गांव के लोगों को सुविधा मिले, ऐसे काम करने के बाद बहुत खुशी मिलती है, इसलिए जिस भी गांव में लोगों को जन सुविधा के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा हो तो वैसी समस्याओं से तुरंत अवगत करवाए, जल्दी ही ऐसी जनहित समस्या का समाधान करवाया जाएगा। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने भी आश्वासन दिया कि निगम के अंदर आने वाले गांव का विकास करवाने के लिए वह प्रयासरत है। नगर निगम पार्षद एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई ने विधायक कृष्णा गहलावत का ग्रामीणों के साथ जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि राई हल्के को ऐसी विधायक मिली है कि जो हल्के की समस्या का पता लगने पर उसके समाधान का प्रयास करती है ।

# पंडित श्रीराम चौक का नवीनीकरण हो सही तरह से : पंडित मुकेश शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
सोनीपत के स्वतंत्रता सेनानी पंडित श्री राम शर्मा के नाम से बने चौंक का मामला एक बार फिर से सुर्खियों में हैं, 8 महीने से लगातार इस चौंक के नवीनीकरण की मांग हो रही है।आज इसी मांग को लेकर ब्राह्मण उत्थान समिति ने प्रदर्शन की घोषणा की थी। आज समिति के अध्यक्ष मुकेश शर्मा अन्य सदस्यों के साथ चौंक पर पहुंचे तो वहां 2 मजदूर मिले जोकि चौक पर तोड़ फोड़ का कार्य कर रहे थे।
ठेकेदार वहां मौजूद नहीं था, फोन पर बात हुई तो मालूम हुआ कि अब तक वर्क ऑर्डर नहीं मिला है ।
अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने सवाल उठाया कि बिना वर्क ऑर्डर के तोड़ फोड़ की अनुमती किसने दी। इसके अलावा अध्यक्ष ने एक लेटर दिखाया जिसमें ठेकेदार को काम की मंजूरी मिली है। अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि मेयर राजीव जैन, विधायक निखिल मदान और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने इस चौंक के नवीनीकरण का कार्य जल्द पूरा करवाने को ब्राह्मण उत्थान परिषद को आश्वासन दिया था जो अब तक पूरा नहीं हुआ। पंडित मुकेश शर्मा ने कहा कि नवीनीकरण का जो रास्ता प्रशासन ने चुना है वो महज खानापूर्ति है ।
इस प्रक्रिया से चौंक कुछ ही समय में दोबारा बुरे हालात में होगा । मुकेश शर्मा ने कहा कि अगर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं श्रीराम चौक का नवीनीकरण का कार्य सही तरह से नहीं हुआ तो ब्राह्मण उत्थान परिषद व शहर की अन्य सामाजिक संस्थाएं प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी।



**न्यूज फ्लैश**

## भाविप के संस्कार शिविर में प्रतिभागी प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित



**गन्नौर** । भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा द्वारा पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का रविवार को समापन हुआ । शिविर में बच्चों को आत्मरक्षा के गुरु,योग आध्यात्मिक ध्यान, नैतिक शिक्षा पर आधारित प्रश्नोत्तरी चित्रकला, कहानियों के माध्यम से शिक्षा, बौद्धिक करवाए गए । मुख्यातिथि नगर पालिका के अध्यक्ष अरुण त्यागी ने भारत विकास परिषद गन्नौर द्वारा चलाए जा रहे शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में परिषद का योगदान अस्मरणीय हैं, भारतीय संस्कृति को बढ़ाने का कार्य परिषद करती हैं । भारतीय योग संस्थान के पदाधिकारियों को भी परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतिभागी छात्रों का भारत को जानो विषय को लेकर प्रतियोगिता हुई जिसमें 80 बच्चों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त के अलावा छह बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। आत्मरक्षा के गुर सीखने वाली कोच मनोज देसवाल, पिंकी, सागर को भी सम्मानित किया गया । सेवा भारती से प्रियंका शर्मा सुरेंद्र धीमान को सम्मानित किया गया। आध्यात्मिक ध्यान 5 दिन का मेडिटेशन सत्र चलाने के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से बबीता बहन को भी सम्मानित किया गया
इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष संदीप सिंघल,डॉक्टर दीपचंद गर्ग, परिषद के योगेश कौशिक, आभा गर्ग गर्ग,राजेश चौहान, स्वाति चौहान,मनीषा जैन, दीपिका शर्मा,भावना जग्या, इंद्रा त्यागी, राजकुमार अग्रवाल,नरेंद्र पतंजलि, कृष्ण जिंदल,राजेंद्र कौशिक,निशा कौशिक आदि मौजूद थे ।

## बिजली के बेतहाशा बिलों से लोग परेशान, पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी ने विभाग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल



**पिंजौर मैनपाल**: गर्मी के इस भीषण मौसम में जहां एक ओर ग्रामीण बिजली कटौती से परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग की ओर से उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे भारी-भरकम बिलों ने आम जनता में आक्रोश बढ़ा दिया है। इसी को लेकर आज कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी ने बिजली विभाग की नीतियों पर कड़ा सवाल खड़ा करते हुए उसे जनविरोधी और गैर-जिम्मेदाराना बताया। प्रदीप चौधरी का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली गायब रहती है, लेकिन इसके बावजूद उपभोक्ताओं को फिक्स चार्ज, मीटर रेंट, सरचार्ज और अघोषित टैक्स जैसे फालतू शुल्क जोड़कर भारी बिल थमा दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब बिजली आती ही नहीं, तो इतने बड़े-बड़े बिल किस आधार पर भेजे जा रहे हैं? पूर्व विधायक ने विभागीय ढांचे पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि बिजली विभाग में स्थायी और प्रशिक्षित तकनीकी स्टाफ की भारी कमी है। स्टॉफ की कमी है। जिससे लाइन खराबी, ट्रांसफॉर्मर फेलियर, और फॉल्ट सुधार में घंटों की देरी हो रही है। चौधरी ने कहा कि हल्की बारिश या हवा के साथ ही गांवों की बिजली सप्लाई पूरी तरह ठप हो जाती है, और बहाली में कई बार काफी घंटे तक का समय लग जाता है। इस दौरान ग्रामीणों को कोई स्पष्ट सूचना तक नहीं मिलती। उन्होंने यह भी मांग की कि उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे फालतू शुल्क तत्काल हटाए जाएं, हर गांव में तकनीकी स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाए, मौसम खराब होने पर वैकल्पिक बिजली व्यवस्था हो बिजली कटौती की पूर्व सूचना एसएमएस व पब्लिक नोटिस के माध्यम से दी जाए। उपभोक्ता सहायता केंद्रों को सक्रिय किया जाए

# बड़ा खिलाड़ी बनने के लिए करें कठोर मेहनत : योगेश्वर दत्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई** । हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई, सोनीपत में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री योगेश्वर दत्त ने शिरकत की। प्रशिक्षण शिविर में कुल 145 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिन्हें एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, हॉकी, क्रिकेट, मुक्केबाजी और टेनिस जैसे नौ प्रमुख खेलों की विधिवत कोचिंग दी गई। पद्मश्री योगेश्वर दत्त ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा, "खेल और पढ़ाई दोनों को साथ लेकर चलना अत्यंत आवश्यक है। अनुशासन और समर्पण ही सफलता की कुंजी हैं।" उन्होंने कहा कि इस शिविर में स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन, स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग, स्पोर्ट्स फिजियोलॉजी, इंजरी एंड रिहैबिलिटेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्राप्त कर आप सभी ने अपने खेल जीवन को एक नई दिशा दी है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्मरण कराया, "यदि आपको बड़ा खिलाड़ी बनना है, तो त्याग और कठिन परिश्रम को जीवन का हिस्सा बनाना पड़ेगा। एक खिलाड़ी का दूसरा नाम ही त्याग है।" कुलपति अशोक कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित रहा, जिसमें विद्यार्थियों को शारीरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ मानसिक मजबूती, खेल विज्ञान और सामूहिक कार्य संस्कृति का प्रशिक्षण भी दिया गया। कुलपति ने बताया कि इसमें प्रशिक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों को खेल मनोविज्ञान, खेल पोषण, बायोमैकेनिक्स, फिजियोलॉजी, इंजरी व पुनर्वास, शक्ति एवं कंडीशनिंग आदि विषयों की कक्षाएँ भी दी गईं। विद्यार्थियों की शारीरिक रिकवरी के लिए योग और तैराकी सत्र आयोजित किए गए। साथ ही, पास की अन्य टीमों को आमंत्रित कर बिल्ड-अप प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिससे खिलाड़ियों को टूनामेंट के लिए व्यावहारिक अनुभव मिल सके। स्कूल की प्राचार्य एवं निदेशक डॉ. मौसमी घोषाल , खेल निदेशक संजय सारस्वत ने छात्रों को संबोधित किया ।

# युवा जेजेपी छोड़ इनेलो में शामिल हुए जगतार सिंह चोरमारखेड़ा



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा(रणबीर खटक)**। इंडियन नेशनल लोकदल की कल्याणकारी नीतियों व सशक्त नेतृत्व से प्रभावित होकर युवा जननायक जनता पार्टी के जिला उपप्रधान रहे जगतार सिंह चोरमारखेड़ा रविवार को तेजाखेड़ा फार्म हाउस पर इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में इनेलो परिवार में शामिल हुए।
इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने उन्हें इनेलो की पट्टिका पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल करते हुए आश्वस्त किया कि उन्हें इनेलो में उचित मान सम्मान दिया जाएगा। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने उन्हें अपने सहयोगियों सहित पार्टी की नीतियों को घर घर पहुंचाकर पार्टी संगठन को पहले से भी अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, 98 लोगों की हुई जांच



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**जिला रेडक्रॉस सोसायटी की शाखा अस्पताल कल्याण अनुभाग द्वारा आज प्रातः मिनी बाइपास स्थित चौधरी देवी लाल पार्क में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे तक डॉ. सोनी पैथ लैब सिरसा के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें प्रातः भ्रमण पर आने वाले नागरिकों के रक्त की जांच की गई।जिला रेडक्रॉस सोसायटी सिरसा के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 98 लोगों की रक्त जांच की गई। इस जांच में विशेष रूप से शुगर, लिवर व किडनी से संबंधित रोगों की निःशुल्क जांच की गई, जबकि अन्य बीमारियों की सम्पूर्ण स्वास्थ्य जांच की सुविधा 50 प्रतिशत रियायती दरों पर उपलब्ध करवाई गई।
शिविर में डॉ. सोनी पैथ लैब के एम.डी. पैथोलॉजी डॉ. जगदीश राय, माइक्रोबायोलॉजिस्ट सौरभ गुप्ता तथा सीनियर लैब टेक्नीशियन हरप्रीत सिंह, सोनू और दिनेश ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

# मानवता और सामाजिक बुराइयों को खत्म करने का संदेश देते संत कबीर के दोहे : कादियान



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि संत कबीरदास के दोहे मानवता और सामाजिक बुराइयों को खत्म करने का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि संत कबीरदास के विचार आज भी समाज को दिशा देते हैं। वे रविवार को गांव खेड़ी गुर्जर में जुलाहा सेवा समिति द्वारा आयोजित संत कबीर जयंती समारोह में बोल रहे थे।समारोह में आयोजकों ने विधायक का फूलमाला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने विधायक को मांग पत्र सौंपा। इसमें खेल मैदान बनवाने और चौपाल का सौंदर्यकरण करवाने समेत कई मांग की गई। विधायक ने आश्वासन दिया कि मांगों पर जल्द काम होगा।
कादियान ने संत कबीर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि संत कबीर ने उस समय समाज को जागरूक किया, जब कुरीतियों और बुराइयों का बोलबाला था। उन्होंने बताया कि संत कबीर का संदेश था कि मानव एक जाति है और आत्मा ही ईश्वर है। ईश्वर को अपने अंदर खोजना चाहिए। परिवार और समाज में प्रेम बनाए रखना चाहिए। विधायक ने कहा कि संत कबीर की शिक्षाएं आज भी समाज को आध्यात्मिकता, प्रेम, समानता और सामाजिक सौहार्द का संदेश देती हैं।
इस अवसर पर सरपंच जगबीर छोक्कर, रावत फौजी, विनोद छोक्कर, धर्मबीर डाबला, उषा रानी, संतलाल, हर्ष, प्रिंस, अक्षय, रोहित, सावन कुमार, अजय और नरेंद्र मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन साइट से सरिया चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** सीआईए टू पुलिस टीम ने रेर कला गांव के पास निमार्णाधीन साइट से सरिया चोरी करने के दो आरोपियों को शनिवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर रिफाइनरी रोड स्थित फ्लाई ओवर पूल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान करनाल के घरौंडा के प्रेम नगर निवासी रॉकी उर्फ रोकी व गुरदास उर्फ विक्की के रूप में हुई है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि थाना सदर में अंसल निवासी संदीप पुत्र सोहन लाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी रेर कला गांव के पास जमीन है, जिसकी चारदीवारी का काम चल

# पर्यावरण की शुद्धता बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है: नेहरा

**पौधारोपण**

**आधुनिक सुख-सुविधाओं के कारण पर्यावरण का संतुलन दिन - प्रतिदिन बिगड़ता जा रहा है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन बात कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता आजाद नेहरा ने गांव भूरी में पौधारोपण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए नेहरा ने कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक सुख-सुविधाओं के कारण पर्यावरण का संतुलन दिन - प्रतिदिन बिगड़ता जा रहा है। इसलिए इसकी शुद्धता बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। हर व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ लगाकर उसकी सुरक्षा करे। अपने आस - साफ-सफाई रखें। पानी बेकार में न बहने दे। प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग कम से कम करें। नेहरा ने कहा कि हमारी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली का निर्देश है 15 अगस्त तक ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का काम करे।इस अवसर पर राजपुर मंडल के अध्यक्ष श्रवण कौशिक ने बताया कि इस बरसात के मौसम में उनके मंडल की तरफ से 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने आजाद नेहरा को विश्वास व भरोसा दिलाया कि मंडल के किसी भी परिवार में कोई भी कार्यक्रम होगा उसमें सबसे पहले एक पौधा लगाकर उसका शुभारंभ किया जायेगा। इस मौके पर गांव के सरपंच मिंटू,विनोद शर्मा,रामेहर,सुरेश व गौरव सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# सुनैना चौटाला ने घोषित की इनेलो महिला विंग की जिला कार्यकारिणी

**सिरसा।(रणबीर खटक)** इंडियन नेशनल लोकदल की प्रदेश महिला प्रभारी सुनैना चौटाला ने रविवार को इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्षरामपाल माजरा, इनेलो की वरिष्ठ नेत्री कांता चौटाला, डबवाली के विधायकआदित्य देवीलाल, रानियां के विधायक अर्जुन चौटाला व जिला परिषद सिरसा के चेयरमैन कर्ण सिंह चौटाला से विमर्श और इनेलो महिला विंग की प्रदेश संयोजिका तनुजा कुरुक्षेत्र, इनेलो महिला विंग की जिलाध्यक्ष सुभद्रा देवी व इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा की उपस्थिति में जिला महिला विंग की कार्यकारिणी घोषित की। डबवाली रोड स्थित इनेलो जिला कार्यालय में घोषित कार्यकारिणी में कमलेश शर्मा को वरिष्ठ उपप्रधान पद की जिम्मेदारी दी गई है जबकि बिमला भाकर, संतोष रानी, सरोज रानी, सरोज साहु, जीवन कौर, मंजीत कौर पूर्व सरपंच, कुलविंद्र कौर व दर्शना देवी को उपप्रधान बनाया गया है। वहीं ममता रानी को जिला महिला विंग की प्रधान महासचिव का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार करुणा देवी, मंजु चोयल सरपंच, भप्पो देवी, सावित्री देवी, मोनिका पूर्व पार्षद, दीपिका मेहता, सीमा धायल, कविता रानी सरपंच, सिमरजीत कौर, मंजु नेहरा को महासचिव बनाया गया है। उधर सुमन,सिमरजीत कौर, पूनम खोड पूर्व चेयरमैन, वर्षा देवी, मंजुबाला सरपंच,पिंकी, सावित्री, सीमा, सीता देवी, मीनू रानी व संतोष पूनिया को सचिव व शम्मी बादल को संगठन सचिव नियुक्त किया गया है।

# मौहल्ला सराय से स्टेट हाईवे-148बी तक 37.40 लाख से बनेगी सड़क



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़**। शहर के मौहल्ला बास से स्टेट हाईवे-148बी तक एक किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग का चार माह के समय में नवनिर्माण किया जाएगा। नगर पालिका की ओर से इसके लिए 37.40 लाख रुपये का बजट तय किया है। यह मार्ग काफी लंबे समय से जर्जर अवस्था में हैं। सड़क जर्जर होने के चलते आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क का निर्माण होने से राहगीरों व वाहन चालकों को काफी फायदा मिलेंगा। एक किलोमीटर सड़क के नव निर्माण का कार्य को पूरा करने के लिए चार माह की समय-सीमा निर्धारित की गई है।
बता दें कि यह मार्ग इंटरलॉकिंग टाइलों से बनाया गया था। अब इस मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। इस एक किलोमीटर मार्ग पर अनेक मोहल्ले पड़ते हैं। शहर को जोड़ने के लिए मौहल्ला सराय रोड, मोहल्ला सुनारों का, मोहल्ला धानकान, सराय खटीकान होते हुए 148-बी स्टेट हाईवे को जोड़ने वाला यह सुगम मार्ग है। इसका निर्माण पूरा होने के बाद शहर पर यातायात का भार भी कम हो जाएगा। इस बदहाल मार्ग पर बरसात के समय में गड्ढों में पानी भरने के कारण लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। साथ लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण सड़क संकरा हो गया गया। अब नपा की ओर से अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ इसकी चौड़ाई को भी बढ़ाया जाएगा। इस मार्ग पर राजकीय महाविद्यालय, महिला कॉलेज, लघुसचिवालय, न्यायिक परिसर सहित मिस्त्री व अन्य मार्केट स्थित है। चार महीने बाद इस मार्ग का निर्माण को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बनने से शहर व गांवों से जाने वाले लोगों को लघु सचिवालय, तहसील में लोगों व कॉलेजों में विद्यार्थियों का आवागमन सुगम हो जाएगा। मौहल्ला सराय के रास्ते शहर को जोड़ने वाले मार्ग का नपा उखाड़ कर नया मार्ग बनाएगी। इस मार्ग को पहले की तरह इंटरलॉकिंग टाइलों से ही बनाया जाएगा। नगरपालिका के सूत्रों के अनुसार इस मार्ग को भी रोड पर दूर तक किए गए अतिक्रमण को हटाकर बनाया जाएगा।

**मार्ग पर है कई दुकानें**

इस मार्ग पर तीन से चार मंदिर, स्कूल, किरयाणा की दुकान, कबाड़ की दुकानें सहित अनेक मौहल्ले स्थित है। लोग लघु सचिवालय जाने के लिए इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा लोग सब्जी मंडी व शहर का प्रमुख 11 हट्टा बाजार जाने के लिए इसी रोड से होकर गुजरते हैं।
स्कूली विद्यार्थी व कॉलेज की छात्राएं महाविद्यालय में इसी रास्ते से जाते हैं। यह छोटा व आसान रास्ता भी है। पिछले काफी सालों से यह रोड टूटा हुआ है। लोग प्रशासन से इस रोड का निर्माण जल्द करने की मांग कर रहें थे।

# गांव पुरखास के खिलाड़ी लव गुलिया ने 75 किलो भार वर्ग कुश्ती में स्वर्ण पदक जीता



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**। नागपुर महाराष्ट्र में हुई अंडर 15 आयु व 75 किलो भार वर्ग में गांव पुरखास के खिलाड़ी लव गुलिया ने कुश्ती में स्वर्ण पदक जीता है। कोच सुभाष ने बताया कि पुरखास गांव का खिलाड़ी लव गुलिया ने कर्नाटक, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश के पहलवानों को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया है। पदक जीतने के बाद अब लव गुलिया एशियाई चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा । उन्होंने बताया कि लव गुलिया अपने परिजनों के साथ कुरुक्षेत्र में रहकर अपनी तैयारी कर रहा है । लव के पिता कुश्ती में अर्जुन अवार्ड व हरियाणा पुलिस में डीएसपी के पद पर तैनात रमेश गुलिया भी लव को समय-समय पर अपना मार्गदर्शन देते रहते हैं। पदक विजेता लव गुलिया ने इस सफलता का श्रेय अपने कोच सुभाष व अपने दादा बलवान गुलियां व पिता रमेश गुलिया को दिया है । उन्होंने बताया कि बचपन से ही वह कुश्ती की तैयारी कर रहा था।

# स्वास्थ्य एवं परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने सड़क के निर्माण कार्य की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने विकासपुरी विधानसभा के हरफूल विहार, बापरोला गांव, प्रशांत एनक्लेव से लेकर बजरंग चौक तक रहने वाले स्थानीय लोगों की जर्जर सड़कों को शानदार, सुरक्षित और चमचमाती सड़क बनाने की वर्षों पुरानी मांग को पूरा कर दिया।

मंत्री ने इस अवसर पर बापरोला गाँव से हरफूल विहार पुल वाली सड़क के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया, क्योंकि इसी रास्ते का उपयोग बच्चे अपने स्कूल जाने के लिए करते हैं। कैबिनेट मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने हरफूल विहार से बापरोला गांव को जोड़ने वाली पूल वाली सड़क के निर्माण कार्य की शुरूआत की। जिसके बाद मौके पर मौजूद इलाके के हजारों लोगों ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए डॉ. पंकज कुमार सिंह को दिल खोलकर धन्यवाद दिया।





हरफूल विहार से बापरोला गांव को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण काम की शुरूआत करने के बाद कैबिनेट मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि पिछली सरकार की नाकामियों के चलते यह सड़क लंबे समय से टूटी पड़ी हुई थी, जिससे इलाके में रहने वाले स्थानीय लोगों को रोजाना आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

हरफूल विहार से बापरोला गांव को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण का काम आज से शुरू हो जाने से इलाके में रहने वाले लोगों को बहुत जल्द ही शानदार चमचमाती और सुरक्षित सड़क लोगों को मिल जाएगी।

## दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी लागू करने पर केंद्र का आभार: यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू करने के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह नीति शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव लाएगी और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मजबूत आधार तैयार करेगी। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने एनईपी के तहत प्रस्तावित तीन वर्षीय बाल वाटिका कार्यक्रम को दो वर्षों तक सीमित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बालवाटिका में दाखिले की न्यूनतम आयु चार वर्ष रखी जानी चाहिए ताकि शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर बच्चे भी तैयारी का समय प्राप्त कर सकें।



उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि बाल वाटिका का प्रथम वर्ष पूरी तरह खेलकूद आधारित रखा जाए, जिससे बच्चों का मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास मजबूती से हो सके।

थान सिंह यादव ने केंद्र और दिल्ली सरकार से यह मांग भी की है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को दिल्ली के सभी स्कूलों में एक समान रूप से लागू किया जाए।

# मुकुंदपुर मंडल भाजपा के अध्यक्ष विक्रम कश्यप ने बाटें आयुष्मान कार्ड









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयुष्मान योजना स्कीम के तहत देशभर में 70 वर्ष आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है, जिसके तहत उन बुजुर्गों को बड़े-बड़े अस्पतालों में इलाज के लिए राज्य सरकार की ओर से पांच लाख रूपये और केंद्र सरकार की ओर से पांच लाख रूपये भुगतान करने का प्रावधान रखा गया है, जिसका ऐसे गरीबों को सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में मुकुंदपुर मंडल के जहांगीरपुरी क्षेत्र में अध्यक्ष विक्रम कश्यप की नेतृत्व में आयुष्मान कार्ड बनाने का कैंप का आयोजन किया गया। इस क्षेत्र के सैंकड़ों बुजुर्ग जो कि 70 साल से ऊपर है, उनका आयुष्मान कार्ड बनाकर उनके निवास पर जाकर दिया गया। इस दौरान कश्यप ने बताया कि केंद्र की आयुष्मान योजना को पूर्व की केजरीवाल सरकार ने अपनी राजनीति के कारण दिल्ली में लागू नहीं होने दी, और अपने कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत लाभ देने के लिए मौहल्ला क्लीनिक के माध्यम से जनता की गाढ़ी कमाई को लूटती रही। इसके साथ ही विक्रम ने कहा कि जिसको किसी ने नहीं पूछा उसको भाजपा ने हमेशा ही पूजा की है। विक्रम कश्यप ने बताया कि इस दौरान भाजपा के कई कार्यकर्ताओं ने मिलकर बुजुर्गों के घर-घर जाकर उनको आयुष्मान कार्ड सौंपा।

# महिलाओं का सम्मान समाज का सम्मान: परमजीत सिंह पम्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुरीत इवेंट्स की सातवीं वर्षगाँठ के उपलक्ष पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रशमीत कौर बिन्द्रा ने बताया कि सुरीत इवेंट्स को स्लम एरिया के लिए काम करते हुए आज सात साल पूरे हो चुके है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा करने वाली महिलाओं को चैरिटी नेशनल अवार्ड" एवं "समाजसेवी नारी राष्ट्रीय सम्मान"से सम्मानित किया। साथ ही जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग भी वितरण किये गये। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा और आए हुए सभी मेम्बर्स के साथ केक काट कर सेलिब्रेशन किया।



रशमीत कौर बिन्द्रा ने बताया सुरीत इवेंट्स पिछले सात सालों से स्लम एरिया के बच्चों और महिलाओं के लिए कार्य कर रही है। स्लम के बच्चों को एक मिशन एक चैरिटी के अंतर्गत फ्री एजुकेशन और महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन प्रोवाइड करवाएं जाते है और साथ ही उनकी जरूरत का सामान उपलब्ध करवाया जाता है। इस मिशन के अंतर्गत बहुत से मेम्बर्स जुड़े हुए हैं। सातवीं सालगिरह मनाते हुए बच्चों को स्कूल के बैग, एजुकेशन किट और बहुत से गिफ्ट दिए गए और साथ ही आए हुए सभी मेम्बर्स को "ट्रस्ट का सम्मानित पत्र" "चैरिटी नेशनल अवार्ड और "समाजसेवी नारी" "राष्ट्रीय सम्मान" सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि महिलाओं के समान के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम होने चाहिए क्योंकि देश की तरक्की में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान है। साथी बच्चों को भी शिक्षा के साथ-साथ खेलों के साथ भी जोड़ना चाहिए जिससे बच्चे ऑनलाइन गेमों के जरिए अपना भविष्य न खराब करें।

कार्यक्रम में ट्रस्ट की लीगल एडवाइजर एडवोकेट मानसी गोगीया, सभी मिशन की ब्रांड एम्बेसडर रिद्धम चड्ढा, एडवोकेट सन्नो शुक्ला, बलविंदर कौर,एवं एसोसिएट मेम्बर्स रजनी बांगा, एंजल गोगीया, सरीता सलूजा, सृष्टि दिवान, हरप्रीत कौर और मार्केटिंग मैनेजर पंकज और भी बहुत से मेम्बर्स शामिल थे। सुरीत इवेंट्स फाउंडेशन ट्रस्ट के रुप में बहुत अच्छा काम कर रही है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष रशमीत कौर बिन्द्रा का कहना है कि यूपी पीलिभीत में सुरीत इवेंट्स की एक ब्रांच खुल चुकी है अब वह अलग-अलग शहरों में और ब्रांच भी खोलना चाहती है। ताकि हर शहर में स्लम एरिया के लिए काम किया जाए। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

## पेड़ों की बलि चढ़ा गगनचुंबी इमारतें खड़ी कर रही है भाजपा: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कस्तूरबा नगर फेज-2, नई दिल्ली में सामान्य पूल आवासीय परियोजना के लिए 856 पेड़ों की कटाई/प्रतिरोपण के आदेश पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे पर्यावरण और सामाजिक न्याय पर दोहरा हमला बताया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना, 8.90 हेक्टेयर क्षेत्र में है उसके लिए 13 जून को पेड़ काटने की अधिसूचना जारी की गई है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि यह केवल एक शुरूआत है। आने वाले दिनों में राजधानी दिल्ली में हजारों पेड़ों की कटाई का रास्ता साफ किया जा रहा है, जबकि दिल्ली पहले से ही दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में नम्बर वन पर गिनी जाती है और खतरनाक वायु प्रदूषण दिल्ली वालें संकट में जी रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति अब स्पष्ट हो चुकी है, 'झुग्गी तोड़ो, पेड़ काटो और इमारतें बनाओ।





अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग करते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल व अन्य गणमान्य लोग।

# काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन, कवियों ने बांधा समां

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** साहित्यिक चेतना और रचनात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत माहौल में सुर साहित्य परिषद् एवं टू मीडिया के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन टू मीडिया स्टूडियो में किया गया।

यह आयोजन साहित्य प्रेमियों और रचनाकारों के लिए एक प्रेरणास्पद मिलन स्थल सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। जिसे मंचासीन अतिथियों एवं आमंत्रित कवियों द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न किया गया। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने हेतु मंच पर उपस्थित रहे साहित्य के प्रमुख हस्ताक्षर मुख्य अतिथि और कार्यक्रम की अध्यक्षता ओंकार त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि दिनेश आनंद। कार्यक्रम में टू मीडिया के मुख्य संपादक ओमप्रकाश प्रजापति और सुर साहित्य परिषद् के संस्थापक संजय जैन की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन सुर साहित्य परिषद् की महासचिव उर्वी ऊदल ने अपनी मनमोहक शैली और सधे हुए अंदाज में किया, जिससे संपूर्ण आयोजन जीवंत और अनुशासित बना रहा। मंचासीन अतिथियों और सभी आमंत्रित कवियों का सम्मान ओमप्रकाश प्रजापति, संजय जैन तथा परिषद् के अन्य पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र देकर किया गया। दूर- दराज से पधारे विभिन्न कवियों और कवयित्रियों ने मंच से गीत, गजल, छंद, रुबाई एवं काव्य पाठ के माध्यम से साहित्यिक रस बरसाया। गोष्ठी में नयन नीरज नायाब, अजय कुमार, सुभाष कुमार, सीमा रंगा, ललित मोहन जोशी, मनोज डागर, रोहित कुमार, मोनिका शर्मा, मधु शर्मा पी.के. शायर, प्रवीन गोला, नीलम गुप्ता, इन्द्र जीत सुकुमार, देवेन्द्र शर्मा, जगदीश मीणा और अजय कुमार जैसे चर्चित रचनाकारों ने अपनी-अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रत्येक रचना में समाज, प्रेम, देश भक्ति, और मानवीय मूल्यों की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जिससे उपस्थित साहित्य प्रेमियों ने भावविभोर होकर वाह-वाह की सराहना दी।



# बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित की गई योगशाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुराड़ी विधानसभा के बुराडी मंडल में योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बुराड़ी मंडल के अध्यक्ष योगेश त्यागी द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान बुराड़ी मंडल सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने योग करने का आनंद लिया। कार्यक्रम में सिविल लाइन जोन के मनोनित निगम पार्षद सागर त्यागी भी मौके पर मौजूद रहे।

इस मौके पर सागर त्यागी ने कहा कि योग का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है, योगा ना सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक रूप से भी फायदेमंद होता है। उन्होंने कहा कि यह शरीर को मजबूती देता है, शारीरिक और मानसिक दिक्कतों को दूर रखता है, शरीर में लचकता लाता है, बीमारियों से मुक्ति दिलाता है और पेट से लेकर हड्डियों तक की दिक्कतों को दूर रखने में असरदार होता है। योगा के इसी महत्व से लोगों को अवगत कराने के लिए हर साल 21 जून के दिन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।





## माता रानी सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती है: चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** माता रानी सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती है, बस मन में सच्ची लगन होनी चाहिए। उक्त बातें शालीमार बाग के युवा समाज सेवी राजकुमार चौधरी ने मधुबन चौक स्थित काली माता मंदिर के दर्शन के बाद कही। उन्होंने आगे बताया कि मैं आज पूरे परिवार सहित माता रानी के दर्शन के लिए यहां पर आया हुआ हूं। सभी को माता रानी के दर्शन करने चाहिए। माता रानी सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती है।

श्री चौधरी ने आगे बताया कि भक्ति में शक्ति होती है, इसलिए सभी को सच्चे मन से प्रभु की आराधना करनी चाहिए और जहां पर भी कथा का आयोजन हो रहा हो, वहां पर अवश्य ही जाना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि कथा का श्रवण करने से घर में सुख-शांति का वास होता है, इसलिए सभी को कथा का श्रवण करना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है।



## झुग्गियों से रग्बी के शिखर तक: आरपीएल में चमके जावेद हुसैन, एक जुझारू खिलाड़ी की मिसाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) की शुरुआत को एक हफ्ता हुआ है और हैदराबाद हीरोज ने अब तक चारों मैच जीतकर 15 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। इस शानदार प्रदर्शन के केंद्र में हैं जावेद हुसैन, जिनकी संघर्ष भरी यात्रा आज हर युवा के लिए प्रेरणा बन गई है। जावेद ने अब तक चार ट्राई और 20 अंक बनाए हैं और वे न केवल लीग के सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी हैं बल्कि कुल अंकों की सूची में सातवें स्थान पर हैं। अपनी टीम को लेकर जावेद ने फ्रैंचाइज़ी की ओर से जारी एक बयान में कहा, मैं अपनी टीम से बहुत खुश हूं। हम एक-दूसरे को समझते और सहयोग करते हैं। हम एकजुट होकर खेलते हैं और यही हमारी जीत की कुंजी है। पिछले मैच में मुंबई ड्रीमर्स के खिलाफ जीत के बाद जावेद को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। हालांकि जावेद आज शीर्ष फॉर्म में हैं, लेकिन उन्होंने अपनी पहली आरपीएल मैच से पहले की घबराहट को याद करते हुए कहा, जब मैंने पहला मैच खेला था तो मैं काफी घबराया हुआ था। मुझे नहीं पता था कि मैं इन बड़े खिलाड़ियों के सामने कैसा प्रदर्शन करूंगा, लेकिन जैसे ही मैंने पहला ट्राई किया, सब कुछ बदल गया।

## बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, उनका सामना करना बहुत मुश्किल : डकेट

**लीड्स।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का मानना है कि जसप्रीत बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं और लाइट चालू होने पर जब वह दोनों तरफ से गेंद को स्विंग कराते हैं तो उनका सामना करना बेहद मुश्किल होता है। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन 48 रन देकर तीन विकेट लिए जिसमें जो रूट का विकेट शामिल है। भारत के पहली पारी के 471 रनों के जवाब में इंग्लैंड ने दूसरे दिन तीन विकेट पर 209 रन बना लिए थे। तीसरे नंबर पर उतरे ओली पोप नाबाद 100 रन बनाकर क्रीज पर संभाले हुए थे। डकेट ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा, «वह (बुमराह) दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। उनका सामना करना बेहद मुश्किल है, वह किसी भी परिस्थिति में अच्छे हैं और लाइट चालू होने पर दोनों तरफ स्विंग कराते हुए आते हैं तो उन्हें खेलना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा, 'बिना किसी संकेत के तीन या चार अलग-अलग गेंदें फेंकने की उनकी क्षमता कमाल की है। आपको तब तक पता नहीं चलता कि वह बाउंसर, या धीमी गेंद, यॉर्कर, बाहर की ओर जाती स्विंग या इनस्विंग डाल रहे हैं, जब तक कि गेंद उनके हाथ से न निकल जाए। आपको उनके साथ गेंद को इतनी बारीकी से देखना पड़ता है कि उन्हें समझना बहुत मुश्किल हो जाता है।

## सात गोल्ड का मौका छूटा, पांच फाइनल में हारे भारतीय तीरंदाज, 9 पदकों के साथ करना पड़ा संतोष

**सिंगापुर।** भारत के जूनियर तीरंदाजों के पास एशिया कप के दूसरे चरण में सात स्वर्ण पदक जीतने का मौका था लेकिन पांच फाइनल में हारने के कारण उन्हें अधिकतर स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस तरह से भारत ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य सहित कुल नौ पदक जीतकर अपने अभियान का अंत किया। रिकर्व और कम्पाउंड स्पर्धाओं के 10 में से सात फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय तीरंदाज केवल दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे। भारतीय खिलाड़ी जिस तरह से अपने से कम रैंकिंग वाले खिलाड़ियों से हारे वह वास्तव में चिंताजनक है। हमेशा की तरह ओलंपिक स्पर्धा के रिकर्व वर्ग में नतीजे विशेष रूप से चिंताजनक रहे जिसमें भारत एक भी स्वर्ण जीतने में असफल रहा। असल में टीम स्पर्धाओं में दो रजत पदकों के अलावा रिकर्व तीरंदाज खाली हाथ लौटे। क्वालिफिकेशन राउंड के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष टीम फाइनल में जापान के खिलाफ आसानी से हार गई। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार तीन में से दो सेटों में 50 का आंकड़ा छूने में असफल रहे और सीधे सेटों में 6-0 से हार गए। रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल में भी यही कहानी रही।

## मेस्सी का फ्री किक पर गोल, इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन को हराया

**अटलांटा (अमेरिका)।** स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला गोल फ्री किक पर किया जिससे इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की। इंटर मियामी की टीम मध्यांतर तक 1-0 से पीछे थी, लेकिन टेलास्को सेगोविया ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद मार्सेलो वीगन्डट के क्रॉस पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद अर्जेंटीना के 37 वर्ष के खिलाड़ी मेस्सी का जादू देखने को मिला। उन्होंने फ्री किक पर खूबसूरत गोल करके फिर से यह साबित कर दिया कि उन्हें दुनिया के सबसे महानतम खिलाड़ियों में क्यों गिना जाता है। इससे पहले पुर्तगाल के क्लब को वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए शुरू से ही पेनल्टी किक मिली जिसे सामू ओमोरोदियन ने गोल में बदला। इन दोनों टीमों ने ग्रुप ए का अपना पहला मैच गोलरहित बराबर खेला था।

# लीड्स टेस्ट : इंग्लैंड की ठोस शुरुआत, ओली पोप का शतक

## भारत को बुमराह ने दिलाई बढ़त

एजेंसी

**लीड्स।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। भारत द्वारा पहली पारी में बनाए गए 471 रन के जवाब में इंग्लैंड ने दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट पर 209 रन बना लिए हैं। मेजबान टीम अभी भी भारत से 262 रन पीछे है। इंग्लैंड की शुरुआत धीमी रही और उसे पहला झटका केवल 4 रन के स्कोर पर लग गया, जब जैक क्रॉली को जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड कर दिया। इसके बाद बेन डकेट (62) और ओली पोप



(100*) ने टीम को संभालते हुए दूसरी विकेट के लिए अहम साझेदारी की। जो रूट ने 28 रनों का योगदान दिया, लेकिन वह भी बुमराह का शिकार बने। दिन का खेल खत्म होने तक ओली पोप 100 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि हैरी ब्रूक बिना खाता खोले क्रीज पर मौजूद हैं।

भारत की ओर से अब तक जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए तीनों विकेट अपने नाम किए हैं। इससे पहले भारत ने दिन की शुरुआत 359/3 के स्कोर से की थी और अपनी पहली पारी में 471 रन पर ऑलआउट हो गई। दूसरे दिन ऋषभ पंत ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए 134 रनों की शतकीय पारी खेली, जबकि शुभमन गिल ने 147 रन बनाए। हालांकि निचला क्रम कुछ खास नहीं कर सका और भारत ने जल्दी-जल्दी अपने बचे हुए विकेट गंवा दिए। इंग्लैंड के लिए बेन स्टोक्स और जोश टंग ने सबसे प्रभावशाली गेंदबाज़ी की और चार-चार विकेट लिए। ब्रेंडन कार्स और शोएब बशीर को एक-एक सफलता मिली।

## रायगढ़ में अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से 5वीं राज्यस्तरीय सब-जूनियर खो-खो प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

एजेंसी

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य खो-खो संगठन द्वारा रायगढ़ जिले के लैलूंगा स्थित मिनी स्टेडियम में अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से तीन दिवसीय 5वीं राज्यस्तरीय सब-जूनियर खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह आयोजन अदाणी फाउंडेशन द्वारा गारे पेलमा 3 के सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया, जो क्षेत्रीय विकास और खेलों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रायगढ़ जिला खो-खो संघ की मेजबानी में आयोजित इस प्रतियोगिता ने युवा प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 22 जिलों से अंडर-17 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका वर्ग में 500 से अधिक खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अदाणी फाउंडेशन ने प्रतियोगिता के सुचारू संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं, जिससे खिलाड़ियों को एक अनुकूल वातावरण प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का आज समापन रायगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि? ÷खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं, जो हमें चुनौतियों का सामना करना सिखाते हैं तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण भी विकसित करते हैं। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में दुर्ग जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि बालक वर्ग में रायपुर जिले की टीम अव्वल रही।

## एफआईएच हॉकी प्रो लीग: देर से मिले गोलों ने भारत की उम्मीदों पर फेरा पानी, बेल्जियम से 3-6 की हार

एजेंसी

**एंटवर्प।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को शनिवार को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ 3-6 की करारी हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से दिलप्रीत सिंह (36फीसदी), मंदीप सिंह (38फीसदी) और अमित रोहिदास (56फीसदी) ने गोल किए, लेकिन बेल्जियम ने आखिरी क्वार्टर में लगातार गोल करते हुए मुकाबले को अपने नाम कर लिया।बेल्जियम के लिए आर्थर वैन डोरेन (1', 54') ने दो गोल किए, जबकि अलेक्जेंडर हेन्ड्रिक्स (28फीसदी), रोमन डूवेकॉट (49फीसदी), थिबो स्टॉकब्रुक्स (53फीसदी) और टॉम बून (59फीसदी) ने एक-एक गोल दागे।मैच की शुरुआत से ही भारत दबाव में नजर आया। बेल्जियम ने पहले 20 सेकंड में दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए। भले ही गोलकीपर सूरज करकेरा ने हेन्ड्रिक्स के ड्रैग फ्लिक को रोका, लेकिन आर्थर वैन डोरेन ने रिबाउंड पर गोल कर मेजबान टीम को बढ़त दिला दी। भारत ने दूसरे क्वार्टर में वापसी की कोशिश की और दो पेनल्टी कॉर्नर भी अर्जित किए, लेकिन उन्हें गोल में बदलने में असफल रहे। इसी बीच, बेल्जियम ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को अलेक्जेंडर हेन्ड्रिक्स के जरिए गोल में बदलते हुए हाफ टाइम तक



स्कोर 2-0 कर दिया तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में भारत ने दमदार प्रदर्शन किया। जुगराज सिंह के ड्रैग फ्लिक पर मिले रिबाउंड को दिलप्रीत सिंह ने शानदार अंदाज में गोल में तब्दील किया। कुछ ही पलों बाद, विवेक सागर प्रसाद के बेहतरीन पास पर मंदीप सिंह ने टच लेते हुए गोल किया, और स्कोर 2-2 कर दिया। फाइनल क्वार्टर में बेल्जियम ने खेल पर फिर से पकड़ मजबूत कर ली। रोमन डूवेकॉट ने नजदीक से गोल कर टीम को फिर से बढ़त दिला दी। इसके बाद थिबो स्टॉकब्रुक्स और वैन डोरेन ने दो और गोल कर स्कोर 5-2 कर दिया। भारत ने हार नहीं मानी और अमित रोहिदास ने 56वें मिनट में एक शानदार पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए स्कोर 5-3 किया। राजिंदर सिंह भी गोल के करीब पहुंचे, लेकिन आर्थर डी स्लूवर ने लाइन पर शानदार बचाव किया। अंत के क्षणों में टॉम बून ने बेल्जियम की ओर से छठा गोल दागकर भारत की वापसी की सभी उम्मीदों को खत्म कर दिया।

## फर्स्ट हॉकी इंडिया मास्टर्स कप: चौथे दिन ओडिशा, पंजाब, चंडीगढ़ और तमिलनाडु ने दर्ज की जीत

एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नई में चल रहे फर्स्ट हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 के चौथे दिन खेले गए मुकाबलों में दर्शकों को रोमांचक हॉकी का नजारा देखने को मिला। महिला वर्ग में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और हॉकी पंजाब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अहम अंक हासिल किए, वहीं पुरुष वर्ग में हॉकी चंडीगढ़ और हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु ने प्रभावशाली जीत दर्ज की।

**महिला वर्ग**–पहले मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु को 2-1 से हराया। ओडिशा की ओर से सरिता लकड़ा ने 17वें और 27वें मिनट में दो गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि तमिलनाडु की ओर से सौम्या ने 28वें मिनट में एकमात्र गोल किया। दिन के दूसरे महिला मुकाबले में हॉकी पंजाब ने हॉकी हरियाणा को कड़े संघर्ष में 1-0 से पराजित किया। मुकाबले में दोनों टीमों के बीच संतुलित खेल देखने को मिला, लेकिन 52वें मिनट में कप्तान अमनदीप कौर ने निर्णायक गोल कर पंजाब को जीत दिला दी।



**पुरुष वर्ग**– पहले मुकाबले में हॉकी चंडीगढ़ ने मणिपुर हॉकी को 5-1 से हराया। चंडीगढ़ के लिए संजय कुमार (19'), हरविंदर सिंह (23'), रविंदर सिंह (24'), विक्रम सैनी (49') और अमितसिंह राजपूत (58') ने गोल किए। मणिपुर की ओर से एकमात्र गोल पांगंबम प्रियोकुमार सिंह (25') ने किया। दिन का अंतिम और सबसे एकतरफा मुकाबला हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु और हॉकी आंध्र प्रदेश के बीच खेला गया, जिसमें तमिलनाडु ने 11-0 की प्रचंड जीत दर्ज की। तमिलनाडु के लिए कप्तान एडम एंटनी सिंक्लेयर (9', 38') और सेड्रिक मार्सेलिन डी क्रूज (43', 52') ने दो-दो गोल किए। इनके अलावा रमन आर, गोवतमन, सुधर्शन एस, रमेश नल्लमुथु, विनोथकुमार, रामदॉस वी, और विनोथ कुमार एपी ने भी एक-एक गोल दागे।

## कोर मसल्स पर काम करने और शरीर को मजबूत बनाने की जरूरत: नीरज चोपड़ा

एजेंसी

**पेरिस।** भारतीय स्टार जेवलिन थ्रो खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा है कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार 90 मीटर से ज्यादा दूरी तक भाला फेंकने के लिए अपनी कोर मांसपेशियों पर और मेहनत करनी होगी और शरीर को और मजबूत बनाना होगा। भाला फेंक जैसे खेल में शरीर की कोर मांसपेशियां ताकत पैदा करने में बेहद अहम भूमिका निभाती हैं। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को दो साल में पहली बार डायमंड लीग का खिताब जीता, जिसमें उन्होंने 88.16 मीटर दूर भाला फेंका। हालांकि वह इस साल की शुरुआत में दोहा डायमंड लीग में हासिल अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 90.23 मीटर से पीछे रह




गए, जहां उन्हें जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरा स्थान मिला था। नीरज ने खिताब जीतने के बाद कहा, हां, मुझे थ्रो के समय, खासकर अटैक के समय, कुछ ज्यादा नियंत्रण चाहिए। हम ट्रेनिंग में इस पर काम कर रहे हैं, लेकिन अभी भी बहुत सी चीजें बदलनी हैं। शायद थ्रो करने के लिए मुझे और मजबूत कोर और शरीर की जरूरत है। भाला फेंक में कोर मांसपेशियां निचले शरीर से ऊपरी शरीर तक ताकत पहुंचाने में मदद करती हैं, जिससे थ्रो की दूरी और सटीकता प्रभावित होती है। नीरज ने कहा कि यह बस समय और लय की बात है कि वे निरंतरता हासिल कर सकें और प्रशंसकों की अपेक्षाओं पर खरे उतर सकें। उन्होंने कहा, यह सिर्फ समय और तालमेल की बात है... और ज्यादा से ज्यादा मुकाबलों की जरूरत है। नीरज ने कहा कि वह रन-अप से खुश हैं, लेकिन थ्रो के समय की टाइमिंग पर उन्हें और मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा, रन-अप में अच्छा लग रहा है, लेकिन जब थ्रो करता हूं तो टाइमिंग सही नहीं रहती। मैं जल्दी बाईं ओर चला जाता हूं, जो ठीक नहीं है। मुझे सामने की ओर थ्रो करना है, सीने के साथ और ऊपर की ओर भाला ले जाना है।

## नॉटिंघम फॉरेस्ट ने मैनेजर नूनो एस्पिरिटो सैंटो का करार 2028 तक बढ़ाया

एजेंसी

**नॉटिंघम।** प्रीमियर लीग क्लब नॉटिंघम फॉरेस्ट ने अपने मैनेजर नूनो एस्पिरिटो सैंटो का अनुबंध तीन साल के लिए बढ़ा दिया है। अब नूनो 2028 तक क्लब के साथ जुड़े रहेंगे।

यह निर्णय आगामी 2025/26 सीज़न से पहले लिया गया है। 51 वर्षीय नूनो ने पिछले सीजन में फॉरेस्ट को प्रीमियर लीग में सातवें स्थान पर पहुंचाया और क्लब को 1995/96 सीज़न के बाद पहली बार यूरोपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कराया। क्लब द्वारा जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, नॉटिंघम फॉरेस्ट यह घोषणा करते हुए प्रसन्न है कि नूनो एस्पिरिटो सैंटो ने क्लब के साथ एक नया तीन वर्षीय अनुबंध साइन किया है। क्लब के मालिक एवेंजेलोस मरिनाकिस ने उन्हें यह अनुबंध सौंपा है।

पिछले सीजन में फॉरेस्ट ने लंबे समय बाद लिवरपूल (55 साल) और मैनचेस्टर यूनाइटेड (30 साल) के खिलाफ उनकी ज़मीन पर जीत दर्ज की थी। इसके अलावा, क्लब एफए कप के सेमीफाइनल तक भी पहुंचा, हालांकि उन्हें मैनचेस्टर सिटी से हार का सामना करना पड़ा।

नूनो के नेतृत्व में टीम ने 1967 के बाद से अपनी सबसे लंबी टॉप-फ्लाइट जीत शृंखला भी हासिल की। उनकी शानदार रणनीति और प्रदर्शन के लिए उन्हें अक्टूबर, दिसंबर और मार्च में प्रीमियर लीग मैनेजर ऑफ द मंथ का पुरस्कार भी मिला- जो कि किसी भी अन्य मैनेजर से अधिक था।

## लीड्स टेस्ट: ऋषभ पंत का सातवां टेस्ट शतक, एमएस धोनी को पछाड़ा

एजेंसी

**लीड्स।** भारत के नए टेस्ट उपकप्तान ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन भी अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए अपने करियर का सातवां टेस्ट शतक जड़ दिया। उन्होंने यह उपलब्धि 146 गेंदों में 10 चौकों और 4 छक्कों की मदद से हासिल की। पंत ने इस शतक के साथ भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले विकेटकीपर के रूप में महेंद्र सिंह धोनी (6 शतक) को पीछे छोड़ दिया है। पंत 178 गेंदों पर 12 चौके और 6 छक्कों की बदौलत 134 रन बनाकर आउट हुए। पंत को जोश टंग ने एलबीडब्ल्यू आउट किया।

**टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारत के टॉप विकेटकीपर-बल्लेबाज**

भारत की टेस्ट क्रिकेट विरासत को कई बेहतरीन विकेटकीपर बल्लेबाजों ने आकार दिया है, जिन्होंने विकेटों के पीछे तो कमाल दिखाया ही, साथ ही बल्ले से भी अहम योगदान दिया। आइए नजर डालते हैं भारत के उन तीन शीर्ष विकेटकीपर बल्लेबाजों पर, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज़्यादा शतक लगाए हैं।

**ऋषभ पंत – 77 पारियों में 7 शतक**

ऋषभ पंत बेहद कम समय में एमएस धोनी का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सबसे ज़्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बने हैं। उन्होंने 77 पारियों में ही 7 शतक जड़ दिए हैं। इंग्लैंड में डेब्यू शतक से लेकर ऑस्ट्रेलिया में नाबाद 159 रन और दक्षिण अफ्रीका व इंग्लैंड में विदेशी सरजमीं पर शानदार पारियों के जरिए उन्होंने कई बार भारत को मुश्किल परिस्थितियों से निकाला है। सिर्फ 26 साल की उम्र में ही पंत ने खुद को भारत के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट विकेटकीपरों में शामिल कर लिया है।

**महेंद्र सिंह धोनी – 144 पारियों में 6 शतक**

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर-बल्लेबाजों में शुमार एमएस धोनी ने अपने 90 टेस्ट मैचों की 144 पारियों में 6 शतक लगाए। 2006 में पाकिस्तान के खिलाफ 148 रन की विस्फोटक पारी से उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपना दबदबा कायम किया। उनका सबसे यादगार शतक 2013 में आया, तब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में 224 रन का तूफानी पारी खेली थी। खास बात यह रही कि धोनी के सभी शतक टीम के लिए उपयोगी साबित हुए और कभी भी हार की स्थिति में नहीं आए।

**रिद्धिमान साहा – 54 पारियों में 3 शतक**

धोनी के टेस्ट से संन्यास के बाद रिद्धिमान साहा ने भारत की विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली। अपनी जुझारू शैली के लिए पहचाने जाने वाले साहा ने 40 टेस्ट मैचों में तीन शतक लगाए। उनका पहला शतक 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रोस आइलेट में आया, जहां उन्होंने रविचंद्रन अश्विन के साथ 213 रनों की साझेदारी में 104 रन बनाए। इसके बाद 2017 में बांग्लादेश (हैदराबाद) और ऑस्ट्रेलिया (रांची) के खिलाफ दो और शतक जड़े।

## जसप्रीत बुमराह ने वसीम अकरम का रिकॉर्ड तोड़ा, सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले एशियाई बने

**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन जसप्रीत बुमराह भारतीय गेंदबाजों में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, रवींद्र जडेजा जैसे गेंदबाजों ने कड़ी मेहनत की लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। बुमराह ने भारत के 471 रन पर ऑल आउट होने के बाद महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाई और इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और जैक क्रॉली के विकेट लिए। ऐसा करके बुमराह ने स्श्वह्न देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में सबसे ज़्यादा विकेट लेने के मामले में पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम को पीछे छोड़ दिया। बुमराह ने दूसरे दिन के अंत तक कुल 2 विकेट झटके और SENA देशों में 60 पारियों में 148 विकेट लिए।

## खेल मंत्री मांडविया ने 1500 से अधिक योग साधकों के साथ किया योगाभ्यास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की भव्य शुरुआत विशाखापत्तनम से हुई, जहां उन्होंने देशवासियों को योग के माध्यम से एकता और स्वास्थ्य का संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, योग ने दुनिया को जोड़ा है और यह सभी के लिए है- सीमाओं, पृष्ठभूमियों, उम्र और क्षमताओं से परे।

प्रधानमंत्री के इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शनिवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम के साइक्लिंग वेलोड्रोम में आयोजित फिट इंडिया कल्ट योगाथॉन में 1500 से अधिक योग साधकों के साथ सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इस कार्यक्रम का आयोजन आयुष मंत्रालय के योग संगम% अभियान के तहत किया गया था, जिसमें रु्व क्रद्धड्डह्लड्ढह्ल के 400 से अधिक स्वयंसेवकों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. मांडविया के साथ पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान रानी रामपाल, कॉमनवेल्थ सिल्वर मेडलिस्ट प्रियंका गोस्वामी और लोकप्रिय अभिनेता-अभिनेत्री जैकी भगनानी, रकुल प्रीत सिंह और मधुरिमा तुली भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी को फिट इंडिया आइकन घोषित किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

**महाराष्ट्र के जलगांव में एमओएस रक्षा ने किया नेतृत्व**

योग दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा मामलों की राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने अपने संसदीय क्षेत्र जलगांव में आयोजित योग संगम कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में 3000 से अधिक योग साधकों ने भाग लिया। उनके साथ महाराष्ट्र के जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन और वस्त्र मंत्री संजय सावकारे भी मौजूद थे।

योग: एक धरती, एक स्वास्थ्य का प्रतीक: मांडवियाडॉ. मांडविया ने कहा, योग हमारी संस्कृति है और इसे हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। योग दिवस को योग संगम के अंतर्गत पूरे देश में एक धरती, एक स्वास्थ्य थीम के साथ मनाया जा रहा है। मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि वे नियमित रूप से योग करें। योग एक स्वस्थ और फिट जीवन का मंत्र है। जैकी भगनानी ने सम्मान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, मैं कभी 150 किलो का था और अब 75 किलो का हूं।

## एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग: भारत को बेल्जियम के हाथों मिली 1-5 से हार

एजेंसी

**एंटवर्प।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 (महिला) के एक मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ 1-5 की करारी हार झेलनी पड़ी। भारत की ओर से दीपिका ने छठे मिनट में गोल कर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन बेल्जियम ने जोरदार वापसी करते हुए मैच में एकतरफा जीत दर्ज की।

बेल्जियम के लिए हेलेन ब्रैसेउर (37', 55'), लूसी ब्रेन (41'), आंबर बैलेंजिएन (54') और शार्लोट एंगलबर्ट (58') ने गोल किए। विशेष बात यह रही कि बेल्जियम के सभी पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर या उससे उत्पन्न स्थितियों से आए। मैच की शुरुआत में ही बेल्जियम ने तेज आक्रमण करते हुए पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता ने शानदार बचाव किया। कुछ ही देर बाद भारत को पहला मौका मिला और दीपिका ने पहले सर्कल प्रवेश पर मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।दूसरे क्वार्टर में भारत ने मिडफील्ड में संतुलित खेल



दिखाया। नवनीत कौर और सलीमा टेटे की सक्रियता के चलते भारत को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन बेल्जियम की कीपर एलेना सोटगिउ ने गोल नहीं होने दिया।

हाफ टाइम से पहले बेल्जियम ने बराबरी की कोशिश की, लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति डटी रही। तीसरे क्वार्टर में बेल्जियम ने आक्रामक खेल दिखाया और लगातार सर्कल में घुसपैठ की। पांचवें पेनल्टी कॉर्नर पर हेलेन ब्रैसेउर ने स्कोर बराबर किया।

इसके बाद लूसी ब्रेन ने एक और पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर बेल्जियम को 2-1 से आगे कर दिया। चौथे और अंतिम क्वार्टर में भारत वापसी की कोशिश करता दिखा लेकिन बेल्जियम की रक्षा पंक्ति अडिग रही। मैच के अंतिम दस मिनट में बेल्जियम का दबदबा पूरी तरह स्पष्ट था। 54वें मिनट में आंबर बैलेंजिएन ने गोल कर बढ़त 3-1 कर दी। फिर हेलेन ब्रैसेउर ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 4-1 कर दिया। 58वें मिनट में शार्लोट एंगलबर्ट ने पेनल्टी स्ट्रोक को सफलतापूर्वक बदलते हुए भारत की हार की कहानी पर अंतिम मुहर लगा दी।

फास्ट न्यूज

## दुष्कर्म का आरोपी 03 घंटे के अंदर गिरफ्तार

**भागलपुर।** भागलपुर के डीएसपी 2 राकेश कुमार ने रविवार को बताया कि बबरगंज थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को 03 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। डीएसपी ने बताया कि बबरगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति के द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया। जिसमें उल्लेख किया गया है कि मेरी नाबालिग लड़की के साथ पड़ोस में रहने वाला एक युवक के द्वारा दुष्कर्म किया गया है। इस संबंध में बबरगंज थाना में सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया। बबरगंज थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार द्वारा तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार तथा पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में तथा राकेश कुमार पुलिस उपाधीक्षक नगर-02 के नेतृत्व में बबरगंज थाना की पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 03 घंटे में नामजद अभियुक्त मो साकिब को विधिवत गिरफ्तार किया गया। एफ एस एल टीम द्वारा वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन किया गया एवं नाबालिग लड़की का विधिवत चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। इस मामले में पीड़िता को त्वरित न्याय दिलाने के लिए स्पीडी ट्रायल चलाया जायेगा।

## नेपाल से लाई जा रही शराब की बड़ी खेप बरामद

**पूर्वी चंपारण।** रक्सौल में आबकारी विभाग ने बड़ी कारवाई करते हुए नेपाल से बोलेरो पर लाद कर लाई जा रही शराब की बड़ी खेप बरामद किया है। इसकी पुष्टि करते हुए रक्सौल के आबकारी इंस्पेक्टर अभिषेक आनंद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रक्सौल के सिसवा बॉर्डर के रास्ते शराब की खेप भारत में प्रवेश करने वाली है। सूचना मिलते ही विभाग ने तत्काल एक विशेष टीम गठित कर सिसवा सीमा क्षेत्र में निगरानी तेज कर दी। इसी दौरान एक बलेरो वाहन नंबर इफ 24ढ 5647 को संदिग्ध अवस्था में सीमा पार करते हुए देखा गया। जब पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, तो उक्त वाहन रामगढ़वा की ओर भागने लगा। जिसका पीछा किया गया और कुछ दूरी पर जाकर वाहन को पकड़ लिया। हालांकि, पुलिस को पीछा करते देख तस्कर वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गये। जांच के दौरान वाहन से कुल 75 कार्टून में भरी 675 लीटर नेपाली शराब बरामद की गई। पूरा वाहन शराब से लदा हुआ था, जिसे तस्करी के इरादे से भारत में लाया जा रहा था। इंस्पेक्टर अभिषेक आनंद ने बताया कि जब्त शराब और वाहन को विभागीय प्रक्रिया के तहत कब्जे में ले लिया गया है।

# जनता की समस्या का होगा समाधान: सीएम

❑ रविवार सुबह जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुख्यमंत्री योगी ने मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया, आश्वस्त किया कि सबको न्याय मिलेगा: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ





**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। आश्वस्त किया कि सबको न्याय मिलेगा। जनता की समस्या सुनते हुए सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने किया गया था। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। जनता दर्शन में आईं जमीन कब्जा संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को कानूनी सबक सिखाएं। उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान व्हीलचेयर पर आए एक व्यक्ति को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने आश्वस्त किया इलाज में सरकार धन की कमी आड़े नहीं आने देगी।

**बच्चों को दुलारकर सीएम ने दिया आशीर्वाद**

गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रविवार सुबह की दिनचर्या परम्परागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेकने के बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करने निकले। इस दौरान उनकी नजर परिजनों के साथ मंदिर आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने बच्चों को पास बुला लिया। नाम और पढ़ाई के बारे में पूछा, उनके साथ हंसी-ठिठोली की और खूब दुलारकर आशीर्वाद और चॉकलेट दिया।

## मुख्यमंत्री साय की मदद बनी शालू के सपनों की सीढ़ी



**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की बेटी और 12 बार राष्ट्रीयस्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी सॉफ्टबॉल खिलाड़ी शालू डहरिया के चेहरे पर उस वक्त मुस्कान की लहर दौड़ गई, जब स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें वीडियो कॉल कर न सिर्फ शुभकामनाएं दीं, बल्कि उनके सपने को पूरा करने के लिए जरूरी आर्थिक मदद भी प्रदान किया । शालू डहरिया का चयन 14 से 20 जुलाई, 2025 को चीन के सिआन में होने वाली एशिया यूथ सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है।छत्तीसगढ़ से इस ओपन टूनार्मेंट के लिए केवल दो महिला खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिनमें शालू डहरिया भी शामिल हैं। लेकिन इस अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में भागीदारी के लिए आवश्यक ?1.70 लाख की फीस उनके लिए एक बड़ी बाधा बन गई थी। आर्थिक रूप से साधारण परिवार से आने वाली शालू के पिता प्राइवेट सुरक्षा गार्ड हैं और माँ एक छोटे से ब्यूटी पार्लर का संचालन करती हैं। बावजूद इसके शालू ने आठवीं कक्षा से सॉफ्टबॉल खेलना शुरू किया और अब तक एक गोल्ड मेडल सहित 12 बार राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

## राजस्थान में 1.30 लाख से अधिक स्थानों पर हुआ योग




**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 का आयोजन राजस्थान के लिए केवल एक दिवस नहीं, बल्कि इतिहास रचने का अवसर बन गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य ने योग को एक जन-आंदोलन का रूप दिया। पूरे देश में जहां योग दिवस मनाया गया, वहीं राजस्थान ने 1.30 लाख से अधिक स्थानों पर योग कराते हुए 1.27 करोड़ लोगों की भागीदारी के साथ नया रिकॉर्ड स्थापित किया। यही नहीं, भारत सरकार के योग संगम पोर्टल पर सर्वाधिक 2.44 लाख प्रतिभागियों के पंजीकरण के साथ राजस्थान शीर्ष पर रहा। आयोजकों को अब तक 42 हजार से अधिक प्रशंसा प्रमाण पत्र मिल चुके हैं, और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। राज्य में एकसाथ इतने बड़े स्तर पर योगाभ्यास कराए जाने की इस उपलब्धि को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में दर्ज करवाए जाने का प्रस्ताव भी है, जो इसे अंतरराष्ट्रीय मान्यता दिला सकता है। 21 जून को आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 11वें संस्करण में राजस्थान की रेत पर एक अद्भुत योग संगम देखने को मिला। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैसलमेर के खुड़ी के रेतीले धोरों पर राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम में भाग लिया। हजारों नागरिकों, बीएसएफ जवानों, छात्रों और अधिकारियों के साथ उन्होंने योगाभ्यास करते हुए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संकल्प दिलाया।

**जन-आंदोलन**

❑ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य ने योग को एक जन-आंदोलन का रूप दिया

## देश सबका है, संविधान सबके लिए है : नाजिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**बीकानेर।** सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता नाजिया इलाही खान ने रविवार को बीकानेर में कहा कि यह देश हर नागरिक का है और बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा रचित संविधान भी सभी के लिए समान है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मैं 22 करोड़ लोगों से पूछना चाहती हूं कि उनके लिए संविधान पहले है या इस्लाम। मुझे चुनाव में उनके वोट की जरूरत नहीं है। मेरे साथ देश के 120 करोड़ लोग खड़े हैं, खड़े थे और खड़े रहेंगे। नाजिया इलाही खान जिला उद्योग संघ सभागार में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में अपने विचारों को खुलकर रखा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में उन्होंने जमीनी स्तर पर कार्य किया है और वहां की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। कोलकाता मिनी पाकिस्तान बन चुका है, बंगाल की स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ रही है। बंगाल को अब बचाना बेहद जरूरी है, उन्होंने कहा। साथ ही यह भी जोड़ा कि बंगाल और उनका रिश्ता चोली-दामन जैसा है, जिसे कोई नहीं तोड़ सकता। बंगाल की क्षेत्रीय भाषा और वहां की समस्याएं राष्ट्रीय मीडिया में स्थान नहीं बना पातीं, जिससे वहां की जनता की आवाज दब जाती है।

**अधिकार**

❑ यह देश हर नागरिक का है और बाबा साहेब द्वारा रचित संविधान भी सभी के लिए समान है

## छत्तीसगढ़ के केशकाल घाट क्षेत्र में दिखा हिरणों का झुंड

**कोंडागांव।** बस्तर संभाग का कोंडागांव जिले के केशकाल वन परिक्षेत्र जैव विविधताओं एवं वन्यजीव सम्पदाओं से भरपूर इस घाटी के इलाके में एक दर्जन से भी अधिक हिरण का झुंड देखने को मिला। जैसे ही वन विभाग के अधिकारियों की हिरणों के बारे में जानकारी मिल तो काफी उत्साहित हुए। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार शाम 5 :30 बजे केशकाल के कुछ युवक घाट के नीचे घूमने गए हुए थे, वापसी के दौरान बंदरो का वे वीडियो बना रहे थे।

## जहरीले सांप करैत के डसने से युवक की मौत

**रायगढ़।** धर्मजयगढ़ थाना अंतर्गत खम्हार गांव से एक दर्दनाक खबर सामने आई है,जहाँ एक युवक की मौत जहरीले सांप के डसने से हो गई। मिली जानकारी अनुसार युवक धर्मेंद्र पाल खम्हार बस स्टैंड में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है, जहां रोज की तरह काम खत्म कर वह रात लगभग 9 बजे घर लौटा था। ग्रामीणों के बताए अनुसार जैसे ही युवक घर पहुंचा, उसी दौरान उसे करैत सांप ने डस लिया। लेकिन हैरत की बात यह रही कि युवक को तत्काल सांप के डसने का एहसास नहीं हुआ। कुछ ही देर में जब पैर की अंगुली में सूजन बढ़ने लगी और तबीयत बिगड़ने लगी, तभी घर वालों को सांप के काटने की आशंका हुई। इसके बाद घर में खोजबीन करने पर करैत सांप दिखाई दिया, जिससे स्थिति की गंभीरता समझ में आई। परिजन तत्काल युवक को सिविल अस्पताल धर्मजयगढ़ लेकर पहुंचे, जहाँ प्राथमिक उपचार किया गया। लेकिन हालत गंभीर होते देख चिकित्सकों ने रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन वहीं दुर्भाग्यवश, युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। लेकिन इस ह्रदयविदारक घटना से खम्हार गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, और वहीं मृतक के परिजनों में मातम छा गया है।

## डीएम ने कांवड़ यात्रा को लेकर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**
**पौड़ी गढ़वाल।** जनपद की नवनियुक्त जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने रविवार को लक्ष्मणझूला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। साथ ही चिकित्सकों को निर्देशित किया कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न पंजिकाओं का अवलोकन भी किया। जिलाधिकारी ने अस्पताल में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक बनाये रखने के निर्देश दिये।

साथ ही कहा कि आने वाले दिनों में कांवड़ यात्रा शुरू होने जा रही है, ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रह जाय।




**स्वायत्तता** *नगर विकास विभाग ने नगरीय निकायों को दी अधिक वित्तीय स्वायत्तता, एसओपी में हुआ संशोधन*

## *यूपी: नगर पंचायतों को 1 करोड़ तक के कार्य करने की स्वायत्तता*



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नगर विकास विभाग ने प्रदेश के नगरीय निकायों को और अधिक वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वायत्तता प्रदान करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। नगर विकास विभाग ने वर्ष 2021 में जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में व्यापक संशोधन करते हुए संचालन प्रक्रिया को अधिक सरल और जवाबदेह बनाया है। इसके तहत अब नगर पंचायतों को ?1 करोड़ और पालिका परिषदों को ?2 करोड़ रुपये तक के कार्य स्वयं करने की स्वायत्ता होगी। साथ ही नगरीय निकायों द्वारा करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों में होने वाली गड़बड़ी या गुणवत्ता में कमी के लिए पचास-पचास प्रतिशत राशि संबंधित ठेकेदार और प्रशासनिक अधिकारी से वसूलने का भी प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त नगरीय निकायों की विकास प्रक्रिया को तेज करने के लिये नई तकनीकि के इस्तेमाल पर भी जोर दिया जाएगा।

**प्रदेश के नगरीय निकायों की एसओपी 2021 में किया गया संशोधन**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश के नगर विकास विभाग ने 74वें संविधान संशोधन के मुताबिक नगरीय निकायों को अधिक वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वायत्ता प्रदान की है। नगर विकास विभाग ने 2021 में जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में जरूरी बदलावों को मंजूरी दी है। इसके तहत विभाग ने बाजार दरों में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए नगरीय निकायों की वित्तीय सीमा को पुनः निर्धारित किया है।

जिसके अनुसार अब प्रदेश की नगर पंचायतें 1 करोड़ और नगर पालिका परिषदें ?2 करोड़ रुपये के निर्माण एवं अन्य विकास कार्य करने की अनुमति प्रदान की है।